e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 162

शनिवार

15.06.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

परीक्षा के समय हमेशा शांत रहें, बोखलाते वो हैं, जिसके पास पूरी तैयारी नहीं है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सिक्किम में तीस्ता नदी ने मचाई तबाही, कई इलाके जलमग्न, 1500 टूरिस्ट फंसे

**गंगटोक** : जिला मजिस्ट्रेट ने बुधवार रात से मंगन जिले और उसके आसपास लगातार हो रही बारिश के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए. उत्तर सिक्किम में मोबाइल नेटवर्क सेवाएं प्रभावित रहीं, जबकि जिला प्रशासन ने मंगन में राशन के साथ एसडीआरएफ की टीम भेजने का अनुरोध किया था. संगकालांग में ढहा बेली ब्रिज पिछले साल अक्टूबर में तीस्ता नदी में आई भीषण बाढ़ के बाद बनाया गया था.अधिकारियों ने फंसे हुए पर्यटकों से कहा है कि वे अभी जहां हैं, वहीं रहें, जब तक कि वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक सड़क संपर्क स्थापित नहीं हो जाता. मंगन जिला प्रशासन ने क्षेत्र में संपर्क बहाल करने के लिए फिदांग में एक पुल का निर्माण तेजी से करने के लिए कई एजेंसियों के साथ काम शुरू कर दिया है.

### आईईडी विस्फोट से डीआरजी का एक जवान घायल

**बीजापुर** : जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जिला बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा बटालियन के जवान थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नेशनल पार्क एरिया में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान आज शुक्रवार 11 बजे थाना मद्देड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बन्देपारा के जंगल में नक्सलियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी विस्फोट होने से बीजापुर डीआरजी का एक जवान लच्छू कड़ती घायल हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवान की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है। इलाके में सघन गश्त सर्चिंग अभियान जारी है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंक पर एक्शन की तैयारी, अमित शाह ने 16 को बुलाई बड़ी बैठक

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर में बीते दिनों हुए एक के बाद एक कई आतंकी हमलों के बाद केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई है। पहले पीएम मोदी ने प्रदेश में सुरक्षा की स्थिति की जायजा लिया था तो अब गृह मंत्री अमित शाह ने भी जम्मू-कश्मीर को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि गृह मंत्री के इस बैठक में जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों के खिलाफ कोई बड़ा एक्शन लिया जा सकता है।जम्मू कश्मीर के हालात की समीक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने 16 जून को एक हाई लेवल बैठक बुलाई है।

### उज्जैन : आईपीएल सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश

**उज्जैन** : उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं।उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। जिसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अंबार देखकर पुलिस भी दंग रह गई।

### दतिया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 की मौत,19 घायल

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के दतिया जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां टैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में करीब 30 लोग सवार थे। सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हो गया। दतिया एसपी की ओर से जानकारी दी गई कि भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेथा और मैथाना- पाली की पुलिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38⁰

न्युनतम 26⁰

---

#### जी 7 समिट : पीएम मोदी ने की कई देशों के टॉप नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक, पोप से भी मिले

# संवाद व कूटनीति से होकर गुजरता है शांति का मार्ग : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और शांति का मार्ग 'संवाद और कूटनीति' से होकर गुजरता है. मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की.**

#### ऋषि सुनक से सेमीकंडक्टर में सहयोग पर की बात

पीएम नरेंद मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के बीच जी7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक हुई. ब्रिटिश पीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार भारत का पीएम बनने पर बधाई दी. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पीएम सुनक के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही सेमीकंडक्टर, टेक्नोलॉजी और ट्रेड सेक्टर में सहयोग पर बातचीत हुई.

#### फ्रांस ने मेक इन इंडिया पर जताई सहमति



#### प्रधामंत्री मोदी ने की कई बैठकें

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी अपनी पहली विदेश यात्रा पर इटली में हैं. यहां वह जी 7 समिट में शिरकत करने आए हैं. इस मौके पर पीएम मोदी ने ताबड़तोड़ कई द्विपक्षीय बैठकें की हैं. उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, यूक्रेन के राष्ट्रपति आदि से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की.

**जी 7 समिट में शिरकत करने आए हैं. इस मौके पर पीएम मोदी ने ताबड़तोड़ कई द्विपक्षीय बैठकें की हैं.**

**फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, यूक्रेन के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय मुलाकात की**

#### फ्रांस से डिफेंस से लेकर न्यूक्लियर और एआई पर की बात

पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई. दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच Horizon 2047 और इंडिया-पैसिफिक रोडमैप पर बातचीत हुई. इसके साथ ही रक्षा, न्यूक्लियर, स्पेस, शिक्षा और एआई के विभिन्न पहलुओं पर भी दोनों नेताओं ने चर्चा की है. पीएम नरेंद्र मोदी और इमैनुएल मैक्रों ने अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मसलों पर भी बातचीत की है.

**एजेंसी**

**रोम** : इटली के अपुलिया में जी 7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है.समिट में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने वेलकम किया. अपनी इटली की यात्रा के दौरान पीएम मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका-भूमध्यसागरीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जिसकी मेजबानी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी करेंगी. इसमें पोप फ्रांसिस भी शामिल हुए.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्पति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और शांति का मार्ग 'संवाद और कूटनीति' से होकर गुजरता है. मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की. मोदी ने जेलेंस्की के साथ बैठक को बहुत उपयोगी बताया और कहा कि भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है.

---

## इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर ट्रेन से भागे यात्री, सामने से आ रही मालगाड़ी से कटकर 4 की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लगने की सूचना पर ट्रेन से उतर कर भागने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से कई यात्रियों के मरने की खबर है। चार के मरने व कई के घायल होने की खबर है। घटना कुमांडी रेलवे स्टेशन पर घटी है। ट्रेन के एक डिब्बे में धुआं उठने के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई, इस बीच ट्रेन कुमंडी (लातेहार) रेलवे स्टेशन पर रुकते ही कुछ यात्री कूद गए। विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में यात्री आ गए। ट्रेन कुमांडी रेलवे स्टेशन पर खड़ी है। घटना के बाद रेलवे के अधिकारी सक्रिय हो गए। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। मृतकों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए रेलवे के अधिकारी लग गए। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात भीषण रेल हादसा हुआ. इस दुर्घटना में चार यात्रियों के मरने की खबर है. मिली जानकारी के अनुसार सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची थी, इस दौरान किसी ने हल्ला मचा दिया कि ट्रेन के इंजन में आग लग गई है.अफवाह आग की तरह फैली और इसे सुनने के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई. यात्री ट्रेन से उतरकर भागने लगे. इसी दौरान अचानक विपरीत दिशा से एक मालगाड़ी आ गई जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चार लोगों की मौत हुई है। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है. वहीं, कई लोग घायल हो गए हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह से रेलवे के अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए. दुर्घटना में जख्मी लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है. मौके पर भगदड़ मच गई और लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाजे होती रही.

## नीट परीक्षा : सीबीआई जांच की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : नीट परीक्षा को लेकर छात्रों के अंदर बढ़ते रोष के बीच इस मामले की सुनवाई आज भी सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली अर्जी पर किसी भी तरह के आदेश जारी करने से फिलहाल इंकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने एनटीए को इस संबंध में नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। अब नीट परीक्षा से जुड़ी सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसिलिंग पर रोक लगाने से भी इंकार कर दिया है। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान सीबीआई जांच की मांग पर किसी भी तरह का आदेश फिलहाल नहीं दिया है।

---

# किसानों के 2 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ : कृषि मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया।

# ट्रक एवं आटो की टक्कर में पांच की मौत, छह घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर-गढ़वा** : एनएच 75 गढ़वा मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के आशुतोष मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए।मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया 42 वर्ष, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण भुइयां 30 वर्ष, इसी गांव के रमाशंकर भुइयां के पुत्र बिकेश भुइयां 20 वर्ष, विनोद भुइयां के पुत्र अरविंद भुइया उर्फ राजा कुमार 21 वर्ष एवं रामवृक्ष भुइयां के पुत्र राजकुमार भुइयां 53 वर्ष शामिल हैं।सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग एक ही आटो में सवार होकर सिलियाटोंगर गांव से गुजरात के



जामनगर जाने के लिए आटो में सवार होकर निकले थे। उन सभी को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ना था। इस दौरान पालहे गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दिया। इस घटना के बाद घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद सूचना मिलने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपायुक्त शेखर जमुआर, एसडीओ विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से उन ढांडस बांधा वही सभी घायलों का समुचित बेहतर इलाज हो इसके लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिया है।

---

## कुवैत से लाया गया 45 भारतीय मजदूरों का पार्थिव शरीर

**एजेंसी**

**कुवैत सिटी** : कुवैत में आग लगने की घटना में जान गंवाने वाले 45 भारतीय मजदूरों के पार्थिव शरीर को केरल के एर्नाकुलम शहर लाया गया। इंडियन एयरफोर्स का विशेष विमान 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर को लेकर आया है। इस विमान में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भी मौजूद रहे। एर्नाकुलम के पहुंचने बाद अब इस विमान को शाम 4 बजे तक दिल्ली लाया गया।एनार्कुलम में 45 मजदूरों के पार्थिव शरीर पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने गहरा दुख जताया।



उन्होंने कहा कि ये हमारी व्यक्तिगत क्षति है। मृतक के परिजनों समेत केरल के सभी लोग इस घटना से दुखी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाएगा, क्योंकि हमने हादसे की खबर मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी थी। भारत सरकार उचित कार्रवाई कर पीड़ित परिजनों को उचित राहत एवं सहायता प्रदान करेगी।आगजनी में जान गंवाने वाले मजदूर कुवैत की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी एनबीटीसी में काम करते थे। जांच के दौरान पता चला कि जिस बिल्डिंग में आग लगी है, वह बिल्डिंग भी एनबीटीसी की ही थी।आगजनी में जान गंवाने वाले भारतीयों मजदूरों में 23 केरल से, 7 तमिलनाडु से, 2-2 आंध्र प्रदेश और ओडिशा से थे। बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, झारखंड और उत्तर प्रदेश से 1-1 मजदूरों की हादसे में जान गई है।

## ईडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को तीन दिनों की रिमांड पर लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने ईडी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। ईडी की ओर से उससे पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए सात दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया गया था।इससे पूर्व गत गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया था। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी थी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया था। अदालत में रिमांड पर शुक्रवार को सुनवाई की और तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की।

असर्फी कैंसर संस्थान

असर्फी हॉस्पिटल

वही तरीका वही इलाज

संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना

PET CT Scan

की सुविधा उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पलामू व गढ़वा में हीटवेव का रेड अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड में अगले 24 घंटे गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में आज भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। जिन शहरों में हीटवेव का रेड अलर्ट है, उनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी का इलाका शामिल है। इनमें गढ़वा, पलामू, सरायकेला में हीटवेव का सबसे ज्यादा खतरा है। यहां लोगों को बेहद सतर्क रहने की अपील की गई है। वहीं, जिन हिस्सों में हीटवेव ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें राज्य के उत्तर पश्चिमी भाग शामिल है। बीते 24 घंटे में 45.6 डिग्री तापमान के साथ डाल्टनगंज सबसे गर्म रहा। वहीं, पलामू का तापमान 45.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा 9 जिलों का तापमान 42 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया।हालांकि, कल से प्रदेश में मौसम में बदलाव हो सकता है। राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भाग में बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 जून को बंगाल की खाड़ी के रास्ते राज्य में मानसून दस्तक दे सकता है। इस दिन कई शहरों में बारिश की संभावना बन रही है। 16 जून के बाद पूरे राज्य में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तापमान में गिरावट हो सकती है। साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिलेगी। बीते 24 घंटे में कई जगहों पर गर्जन के साथ हल्की बारिश हुई है। तेज हवाओं का भी असर दिखा है। राज्य में सबसे अधिक बारिश दुमका के हरीपुर इलाके में हुई है, जहां 10.2 एमएम की बारिश हुई है। राज्य में ज्यादातर जगहों पर हीटवेव का असर दिखा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टेनगंज में 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है राज्य में सबसे कम तापमान गिरिडीह में 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा जैसे इलाकों में तापमान में थोड़ी राहत है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में पारा 42 डिग्री के आंकड़े को भी अब पार करने लगा है। जिन जगहों पर तापमान 42 डिग्री से अधिक है, उनमें बोकारो, चतरा, गढ़वा, गोड्डा, पलामू, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, और बहरागोड़ा शामिल है।

## ग्रामीण विकास मंत्री से मिले भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी शुक्रवार को कृषि पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। साथ हीं डॉ ईश्वर सागर ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई दी। श्री चंद्रवंशी ने रुके हुए प्रधानमंत्री आवास और ग्रामीण सड़क पक्कीकरण सहित अपने क्षेत्र से जुड़ी कई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पुनः शुरू कराने की मांग किया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्री चंद्रवंशी को आश्वस्त करते हुए कहा कि रुके हुए सभी योजनाओं को बहुत जल्द ही शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा चंद्रवंशी कृषि राज्य मंत्री कमलेश पासवान से भी मुलाकात किया। उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और अपने क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराया.विदित हो कि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। वे सभी केंद्रीय मंत्री सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। मौके पर वरीय भाजपा नेता रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, चंचल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## चैनपुर पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को रात्री एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया।जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदो पंचायत के तेतरिया दामर बालू घाट से एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि तेतरिया नदी घाट से अवैध बालू खनन के आरोप में ट्रैक्टर को थाना लाया गया है। उक्त ट्रैक्टर के मालिक के ऊपर खनन विभाग को कार्रवाई हेतु सूचित कर दिया गया है।

## भुखमरी के कगार पर पेंशनधारी

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों वृद्धों,विधवाओं और दिब्यांगों को पिछले चार माह से पेंशन नहीं मिल रहा है। पेंशन का भुगतान नहीं होने से पेंसनधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नप क्षेत्र के दर्जनों पेंसनधारियो ने सामाजिक कार्यकर्ता मो.सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी से पेंशन भुगतान करवाने में मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद पेंटर जिलानी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पेंशन भुगतान कराने की मांग की है। उपायुक्त को प्रेषित पत्र में पेंटर जिलानी ने कहा है कि अगर पांच जुलाई तक पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो छः जुलाई से वे विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ जायेंगे.इसके अलावा उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल किल्लत की तरफ भी उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद के कई वार्ड में पानी के लिए हाहाकार मचा मचा हुआ है। नगरीय प्रशासन द्वारा कुछ चिन्हित वार्डों में ही टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है,वह भी आबादी के अनुसार नाकाफी है। इतना ही नहीं दर्जनों सरकारी चापानल खराब पड़े हैं। पेंटर जिलानी ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि नप क्षेत्र के खराब पड़े चापानलों की मरम्मत कराई जाए और टैंकर से पेयजल आपूर्ति सभी वार्डों में शुरू की।

# अज्ञात चोरों ने दुकान में किया चोरी, व्यवसाईयों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** प्रखंड स्थित मुख्य बाजार में आए दिन चोरों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। वही व्यवसायियों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। बाजार परिसर में चोरी की घटना पर रोक नहीं लगने पर आक्रोशित व्यवसाईयों तथा जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। खरौन्धी बाजार स्थित ताहिर कपड़ा दुकान में चोरों ने गुरुवार की रात्रि में चोरी कर ली। कपड़ा दुकान के मालिक ताहिर अंसारी ने बताया शाम को दुकान बंद करके वह अपने घर चले गए थे। सुबह जब उन्होंने अपना दुकान खोला तो कपड़ा बिखरा पड़ा हुआ था। चोर दुकान के पीछे सीढ़ी पर लगाया हुआ सीट को तोड़कर छत के अंदर घुसा था। घटना की सूचना मिलते हैं खरौन्धी थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी लिया। वही चोरी की घटना लगातार बढ़ने पर व्यवसाईयों में आक्रोश है। व्यवसाईयों ने प्रशासन से चोर को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते हैं पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है जल्द ही चोरों की घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा। मौके पर मुकुल गुप्ता, उपेंद्र दास, बृज बिहारी दुबे, गणपत गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, दिलीप ठाकुर, विकास कुमार, साहित सभी व्यवसाई तथा ग्रामीण एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

# होटल के खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच करें फूड इंस्पेक्टर : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर शहर सहित पलामू जिला के भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठानों में बन रहे मिठाई एवं खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है उन्होंने फूड इंस्पेक्टर से मांग किया कि पूरे जिले में टीम गठित कर खाद्य पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों के खाने के सामानों की जांच बहुत जरूरी है आज कल शहर के बहुत सारे प्रतिष्ठान में घटिया तेल एवं घाटिया रिफाइंड तथा घटिया पदार्थ से मिठाई एवं खाद्य सामग्री बन रहा है जिससे आम नागरिक इस भीषण गर्मी में बीमार पड़ जा रहे हैं उदाहरण के स्वरूप 3ष्ठ स्टार होटल रमाडा में भेज के थाली में एक दिन पहले नॉनवेज का टुकड़ा मिलना बहुत बड़ा मामला प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में सभी हाई प्रोफाइल होटल, प्रतिष्ठानों, मिष्ठान भंडारों का सामान की गुणवत्ता का जांच होना जरूरी है तभी नागरिकों को शुद्ध खाद्य पदार्थ होटल एवं प्रतिष्ठानों में मिल पाएगा। आए दिन नकली तेल एवं नकली रिफाइन नकली छेना से बने हुए मिष्ठान एवं अन्य पदार्थ खाने से आम जनता को फूड प्वाइजनिंग हो रहा है जिससे वह लंबे बीमारी के चक्कर में पड़ जा रहे हैं एवं लीवर तक खराब हो जा रहा है तथा जान भी जा रही है ऐसी स्थिति में फूड इंस्पेक्टर की आज के समय आम जनता के प्रति जिम्मेवारी बढ़ गई है जिसका निर्वहन वह नहीं कर रहे हैं। एवं एसी के कमरे में बैठे-बैठे बड़े प्रतिष्ठानों के सांढ- गांढ कर घपला करने में लगे हुए हैं एवं आम अवाम को इससे जान जाने की बीमारी का खतरा बना हुआ है।

## जहरीला सांप के काटने से 19 वर्षीय महिला की मौत, महिला के पिता ने लगाया हत्या का आरोप



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह गांव निवाशी अभिनाश कुमार की पत्नी रेणु कुमारी उम्र 19 वर्ष को शुक्रवार की सुबह जहरीला सांप ने काट लिया।जिसमे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा रेणु कुमारी को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने रेणु कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही इस घटना के बाद रेणु कुमारी के पिता प्रदीप राम ने दहेज उत्पीड़न से संबंधित मामला छतरपुर थाना में दर्ज करा दिया है। थाना में दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है की वह अपने बेटी रेणु कुमारी की शादी छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह गांव निवाशी रामप्रवेश राम के पुत्र अभिनाश कुमार से हिंदू रीति रिवाज के साथ वर्ष 2023 में हुआ था।शादी के कुछ दिन बाद हमारी बेटी रेणु कुमारी के पति अभिनाश कुमार और उनके परिजनों के द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था।इसी बीच 14 जून को दहेज को लेकर मेरी बेटी को उसके ससुराल वालो ने पीट पीट कर हत्या कर दिया।हत्या करने वे बाद मेरी बेटी के ससुराल वालो ने सांप काटने से मृत्यु होने का बहाना बनाने लगे।इसके बाद मेरे द्वारा छतरपुर थाना में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया।मामला दर्ज होने के बाद छतरपुर थाना की पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया।वही पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा की रेणु की मौत सांप काटने से हुई है या फिर हत्या किया गया है।

## ईद उल अजहा को लेकर केतार थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** थाना परिसर केतार में आगामी ईद उल अजहा को लेकर एसआई रौशन तिग्गा के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ किया गया। साथ ही मुस्लिम धर्म के लोगो ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज आगामी 17 जून दिन के 7:30 बजे अदा की जाएगी। इस दौरान उक्त प्रभारी ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भार्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज वह वीडियो,फ़ोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था भंग ना हो। प्रभावित करने वाले भार्मक सूचना फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना के पुलिस को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को मदद करें।

# मजदूर नेता राकेश सिंह ने कोयला मंत्री किशन रेड्डी को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जनता मजदूर संघ कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट एवं कोयला मजदूरों की ओर से मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल माननीय केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी जी से भेंट कर तीसरी बार मोदी सरकार के केबिनेट में शामिल किये जाने एवं कोयला मंत्रालय की बागडोर सौंपे जाने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दिया गया तत्पश्चात पलामू जिला अंतर्गत कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो आज विगत नवंबर 2023 से बंद पड़ा है, जिससे प्रभावित क्षेत्र के मजदूर किसान नौजवान एवं कार्यरत स्थाई श्रमिक एवं राजहरा साइडिंग में कार्यरत ठेका श्रमिक बेरोजगारी पलायन एवं भुखमरी का शिकार बने हुए हैं। कोल माइंस क्षेत्र के प्रभावित किसान रैयत श्रमिक अपना पुश्तैनी जमीन कंपनी को सौंप चुके हैं जिस कारण उनके भविष्य अंधकारमय बना हुआ है एवं आज खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं एवं बेरोजगारी का दंश झेल रहे। कम्पनी के जमीन अधिग्रहण, माइंस डेवलपमेंट, कार्यरत श्रमिक हित में गलत नीति एवं निजी स्वार्थ सिद्धि के कारण माइंस का विकास एवं प्रोडक्शन ठप परा हुआ है। पलामू जिला का एक मात्र उद्योग बंद पड़ा हुआ है। जिससे आर्थिक विकास एवं राजस्व की क्षती हो रहा है। जबकि यह माइंस चलाने के लिए प्रभावित क्षेत्र एवं आम अवाम का पूर्ण सहयोग कंपनी को मिला है परंतु कंपनी के कुछ स्वार्थी तत्व परियोजना को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस पर माननीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी ने आस्वस्थ करते हुए कहा कि हमारी सरकार कोयला क्षेत्र के श्रमिकों एवं प्रभावीत नागरिकों के संपूर्ण विकास हेतु कृत संकल्पित है इस पूरे मामले पर भारत सरकार कोयला मंत्रालय निश्चित रूप से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान करेगी। पहले से स्थापित कोई भी कोयला उद्योग बंद नहीं होने दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में राजू सिंह, बबलू कुमार, अनिमेष तिवारी, दीपक पांडे साहित्य अन्य शामिल थे।

## पौधारोपण व सोख्ता आम आदमी की जिम्मेवारी : आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पौधारोपण व सोख्ता के लिए आम आदमी को खुद से सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को संरक्षित करना हमारी स्वयं की जिम्मेवारी है, आप अपने घर के जीतने भी यूज्ड पानी है उसको घर के अंदर ही एक पनसोखा बनाकर डिस्चार्ज करे ताकी अंडरग्राउंड वाटर मैंटेन होने में सुविधा हो। उक्त बातें %पानी यात्रा के तीसरे दिन पलामू की आवाज युवा तुर्क आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज शुक्रवार को युवाओं की टीम के साथ निमिया क्षेत्र के सदर थाना, ज्ञान निकेतन स्कूल, महाराणा प्रताप क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। नगरनिगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाऐ जा रहे जनजागरण अभियान श्री भारद्वाज ने कहा कि जल संचयन के लिए आम आदमी को अपने अपने घरों में पनसोख्ता, घर के बाहर पौधारोपण करने की आवश्यकता है। हमें सरकार के भरोसे नहीं रह कर बल्कि खुद से इस पर पहल करना चाहिए। श्री भारद्वाज ने कहा कि आज भूगर्भ जल स्तर दिनों-दिन निचे जा रहा है उसके पिछे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन है और अभी हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। आज के यात्रा में मनीष सिंह, पिंकु तिवारी, नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, धनंजय रॉय, रवि शर्मा, बबलू चावला, अमीत सिन्हा, रितेश कुमार टिंकू,साहेबजी नामधारी, चंदन तिवारी, इन्दु तिवारी, आशा शर्मा, वैजन्ती जी, चंदन तिवारी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, दिलीप गिरी, ज्ञानेश तिवारी, राहुल गुप्ता, संजीत पांडेय, वीरमणि तिवारी, शशिकांत तिवारी, अमित पाठक, सुमित पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, रौशन पाठक, ईशान सिंह, गोलू दूबे उपस्थित रहे।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार हुई.जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णयों और अनुपालन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा भी की गयी। जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पिछले तीन बैंठकों में अनुपस्थित पदाधिकारीयों के विरुद्ध संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। वन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में बोर्ड न लगाये जाने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी। बैठक में पेयजल समस्या को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए पंचायत स्तर पर खराब जल मीनार को अविलंब दुरुस्त करने को लेकर निर्णय किया गया। जलजीवन मिशन के खराब प्रदर्शन पर जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। आँगनबाड़ी सेविका सहायिका के चयन में पोषक क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को चयनित करने पर हर हाल में रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ विभाग के कई स्वास्थ केन्द्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। कस्तूरबा विद्यालयों में बच्चों के पोषण, आवासन आदि के गुणवत्ता में सुधार करने हेतु जांच दल के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषि विभाग की योजना झारखंड मिलेट मिशन अंतर्गत मोटे अनाज की खेती के प्रस्ताव हेतु तीन हज़ार रुपये प्रति एकड़ के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों के बदलने से संबंधित निदेश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी।

## बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना परिसर में मुस्लिम धर्मालंबियों के पवित्र त्योहार बकरीद को लेकर प्रखंड के गणमान्य लोगों सहित दोनो समुदाय के साथ थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया।बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने अपना-अपना मत रखा। जिससे बकरीद का त्योहार हर्षोउल्लास से मनाया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कहा कि त्योहार चाहे हिन्दू का हो या फिर मुस्लिम समुदाय का, दोनो ही त्योहार का सम्मान देना हमारी जिम्मेवारी है।अगर हम एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करते रहेंगे तो आपस मे भाई चारा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि त्योहारो में विभिन प्रकार का अफवाहों को हवा दे कर कुछ लोग माहौल को बिगाड़ना चाहते है। ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया की ऐसी कोई भी जानकारी आपको मिले तो सबसे पहले हमें सूचित करें।वैसे भी प्रशासन आपके सेवा के लिए हमेशा तत्पर है।

## धनी मंडरा गांव के लोग पीने के पानी के लिए कर रहे है संघर्ष

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पंडरिया पंचायत के धनी मंडरा गांव में इन दिनों इस भीषण गर्मी में लोग पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं।गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने से लोग दुसरे टोला, पंचायत से मोटरसाइकिल से पानी लाने को मजबूर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में पानी का लेबल काफी निचे चला गया है। जिस कारण इस गावँ में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण सर्वेश पासवान, सुनील पासवान, उमेश बिआर, अवध विआर आदि ने बताया कि गांव में सात सरकारी चापा नल है। लेकिन एक को छोड़कर सभी सुख गया हैं।लोग तीन बजे भोर से ही लाइन लगाकर पीने के पानी के लिए जादोजहत करते हैं।इस भीषण गर्मी में लोग 2-2 दिन तक स्नान तक नहीं कर पा रहे हैं। मानव के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी भारी संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत बोर तो हुए हैं। लेकिन अभी तक ठेकेदार के द्वारा पानी आपूर्ति प्रारंभ नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू के कई नेताओं ने झामुमो का दामन थामा

रांची। झामुमो केंद्रीय कार्यालय मे पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय के समक्ष पूर्वी सिंहभूम के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति मे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के आजसू प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, बोड़ाम जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव गीतांजलि महतो, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के प्रभारी संजय कु भगत, कर्मा महतो एवं राम दास सोरेन के साथ अन्य महिला नेत्री और युवाओं ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया एवं संगठन को मजबूत करने हेतु पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन किया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

रांची। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर होटल रेडिसन ब्लू ने एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें अपने कर्मचारियों को रक्तदान करने और जीवन बचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।शिविर सुबह 10 बजे से चल रहा जो शाम तक चलेगा। शिविर मे जो भी रक्त जमा होगा उसे रिम्स ब्लड बैंक में दान किया जाएगा।रक्त और उसके घटक थैलेसीमिया रोगियों, सिकल सेल एनीमिया रोगियों, कई पुरानी बीमारियों के रोगियों, हेमोडायलिसिस रोगियों, अकेले रोगियों, आपातकालीन स्थिति में दुर्घटना के मामलों, बिरहोर और के रोगियों को बिना प्रतिस्थापन के प्रदान किया जाएगा।रैडिसन होटल समूह हमेशा सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्ध है क्योंकि यह इसके आदर्श वाक्य फ्रलोगों के बारे में सोचें, समुदाय के बारे में सोचें, ग्रह के बारे में सोचें में भी झलकता है।

## प्रभात मंत्र खबर का असर

# नगर निगम प्रशासक व डीसी ने बड़ा तालाब का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बड़ा तालाब ,रांची झील, स्वामी विवेकानन्द सरोवर से उठने वाले दुर्गंध से लोग काफी परेशान हैं। इसकी खबर प्रभात मंत्र में प्रमुखता से छापी गई थी। साथ ही इसकी जानकारी नगर निगम प्रशासक अमित कुमार को भी दी गई थी। शुक्रवार को नगर निगम प्रशासक अमित कुमार, रांची जिला उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा बड़ा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे और वहां पर उठ रहे दुर्गंध के बारे में निगम के सफाई कर्मियों को फटकार लगाया। मौके पर ही साफ सफाई को लेकर सख्त निर्देश दिये । स्पष्ट रूप से कहा गया है कि स्वामी विवेकानंद सरोवर काफी सुंदर बनाया गया है , बड़ा तालाब का संरक्षण करना हम लोगों की जिम्मेदारी है और इसके साफ सफाई में किसी तरह की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। जो यहां गंदगी फेंक रहा है उस पर नजर रखी जाए और जुर्माना लगाया जाए। साथ ही मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भीषण गर्मी के कारण पानी का स्तर घटा है , जिसके कारण वर्षों से जमे विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट तालाब के सतह पर आने से शैवाल का फार्मेशन हुआ है तथा इसे देखते हुए निगम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वीड हार्वेस्टिंग मशीन को बड़ा तालाब में शिफ्ट कराया गया है और अब तक 80% साफ कर दिया गया है। इसके अलावा पानी के बहाव या अन्य किसी कारण से जो भी अपशिष्ट निकल रहे हैं, उसे



भी निरंतर साफ करने का कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर स्वच्छता शाखा की पूरी टीम लगातार परिवेक्षण कर रहे है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि सेवा सदन, अपर बाजार एवं आस-पास के क्षेत्रों से निकलने वाले 4-5 मुख्य नाले के अपशिष्ट जल को साफ कर बड़ा तालाब में प्रवाहित करने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया गया है जो की दिसंबर महीने से कार्यरत है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगातार क्रियान्वित है तथा इससे ट्रीटेड स्वच्छ पानी को तालाब में प्रवाहित किया जा रहा है जिससे बेहतर परिणाम भी देखा गया है। मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि लगातार यह पाया जा रहा है कि तालाब में ठोस अपशिष्ट जैसे- बोतल, पेपर, अन्य कूड़ा आदि जैसे विभिन्न प्रकार के गंदगी पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जलाशयों का संरक्षण हमारे हाथों में है और जलाशयों को स्वच्छ रखने में सभी की अहम सहभागिता होने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि जलाशयों में किसी भी प्रकार के ठोस या तरल अपशिष्ट ना डालें एवं ऐसे पाए जाने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। पूरे तालाब में लगभग एक टन फिटकरी डालने हेतु निदेश दिया गया, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। वीड हार्वेस्टिंग मशीन द्वारा बड़ा तालाब के निरंतर सफाई करने हेतु निदेश दिया गया।

## भयमुक्त होकर करें व्यवसाय, सरकार देगी पूरी सुरक्षा : मंत्री बन्ना गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। मंत्री ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल लगाने, नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवसायी भयमुक्त होकर व्यवसाय करें। सरकार पूरी सुरक्षा देगी। दूसरी ओर, मंत्री बना गुप्ता ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारीयों से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पंडरा स्थित पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े लगभग 45 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए थे। मामले को लेकर दुकान के संचालक दीपक साहू ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## जलापूर्ति की मांग को लेकर पीएचडी कार्यालय का किया घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भीषण गर्मी में जल संकट से मछली की तरह छटपटाती हुई रांची वासियों को पानी दिलाने की मांग को लेकर पी.एच.डी कार्यालय का घेराव किया गया एवं तालाबंदी कर गेट पर चूड़ी टांग दी गई द्य इस प्रदर्शन का नेतृत्व राष्टीय युवा शक्ति की केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा रांची के लोग पानी के लिए तड़प रहे हैं, पीएचडी विभाग एवं यहां के पदाधिकारियों को इससे कोई मतलब नहीं है । सैकड़ो गली मोहल्ले ऐसे हैं जहां पूरी रात पानी के लिए महिला, पुरुष, छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग पानी के लिए रात जागी कर रहे हैं । रांची वासियों को नल का जल के माध्यम से जो सप्लाई पानी मिल रहा है वह पूरी तरह गंदा है सप्लाई नल का पानी का खुलने का कोई समय नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजन माथुर, उमेश साहू, नीतेश वर्मा, शैलेश नंद तिवारी, सावन लिंडा, वीरेंद्र गोप, आर्यन मेहता, महावीर नायक, दिवस महतो, विजय तिर्की उर्फ गुड्डू, दुलारी देवी, लक्ष्मी देवी, ममता कुमारी, सुमन सिंह, प्रदीप चौधरी, रोहित यादव, अंश श्रीवास्तव, निहाल पांडे, निखिल श्रीवास्तव, सूरज वर्मा, पवन सिंह, विक्की कच्छप, निधि पटल, पुष्पा देवी, सिमी कुमारी, निकिता देवी, रूपा देवी, कौशल्या देवी, सुनीता टोप्पो, पुष्पा देवी, आकाश तिर्की, शाहित बड़ी संख्या में सदस्य घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए।

## झामुमो युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झामुमो युवा मोर्चा के राँची जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी गांडेय विधानसभा से विजयी विधायक कल्पना सोरेन को उपचुनाव में जीत की बधाई देने उनके आवास पहुँचे। सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक को सरना पड़हा गमछा, फूल का पौधा और पुष्प गुच्छ देकर कल्पना सोरेन को जीत की बधाई दी । साथ ही भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कल्पना सोरेन के साथ मिलकर रणनीति तैयार कर जीत को लेकर पूरे झारखण्ड में



युवाओं को एकजुट करने के लिए विश्वास जताया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर तानाशाही बीजेपी सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकने को लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रण लिया। आज के इस कार्यक्रम में राँची झामुमो जिला से बीरू तिर्की, सचिव सोनू मुण्डा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, विश्वजीत गोप, रिशु कुमार, फलाहारी महतो,रमज़ान रजा,महताब अंसारी योगेश भगत, रवि कुमार निखिल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## महुआ माजी ने बड़ा तालाब का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा की माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए बड़ा तालाब का निरीक्षण किया और उससे उठ रहे दुर्गंध और उसकी गंदगी को देखते हुए मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से टेलिफोनिक वार्ता करके जल्द से जल्द इस समस्या के निराकरण हेतु कहा। रांची के उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि नगर निगम की मदद से इसे जल्द ठीक करा दिया जाएगा। इस निरीक्षण में सांसद के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष वीरू तिर्की, पूर्व संयुक्त सचिव अरुण वर्मा, नन्द किशोर सिंह चंदेल,छात्र मोर्चा उपाध्यक्ष अमन ठाकुर सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## रांची का बड़ा तालाब पूरी तरह प्रदूषित, पानी से उठ रही दुर्गंध से बीमारी फैलने का खतरा : राजीव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं राँची नगर निगम से राँची झील की साफ सफाई को लेकर सत्याग्रह किया गया । सत्याग्रह में मुख्यरूप से लंकेश सिंह , उपेंद्र रजक एवं श्याम नंदन उपस्थित थे ।सत्याग्रह कार्यक्रम में आज राँची झील के आसपास के लोगो ने सैकड़ो की संख्या में भाग लिया । मिश्रा ने बताया कि राँची झील का पानी दूषित होने के कारण



सड़ गया है एवं बदबू दे रहा है जिससे आस पड़ोस के लोगो , मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है । लंकेश सिंह ने कहा कि राँची झील के दूषित पानी का सैम्पल समिति के द्वारा उच्च न्यायालय को भी दिया जाएगा ।राँची झील के दूषित पानी के कारण आसपास के क्षेत्रों में मलेरिया , डेंगू सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है जिसके कारण आसपास के छेत्रो में महामारी भी फैल सकती है । सत्याग्रह कार्यक्रम में रंजीत पासवान , मो अकबर , जितेंद्र साहू , प्रदीप कुमार , पंकज पासवान , चंदन कुमार , अविनाश पासवान ,बीरू पासवान , अमन कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया एवं निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन करने की अपील की ।

## आशा लकड़ा ने 18 मामलों की सुनवाई की, 6 मामले का किया निष्पादित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने 18 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान 06 मामले निष्पादित भी किए गए। इनमें से कुछ मामले सीसीएल, ईसीएल में आश्रितों की नौकरी, एमएसीपी लाभ आदि से संबंधित थे, जबकि शेष मामले जिला वन प्रमंडल में कार्यरत कर्मियों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार व प्रताड़ना से संबंधित मामले थे। दो मामले झारखंड पुलिस विभाग में एसटी वर्ग के कर्मचारियों को प्रोन्नति नहीं दिए जाने से संबंधित थे। एक मामला झारखंड लोक सेवा आयोग से संबंधित था, जिसमें एसटी वर्ग के अभ्यर्थी को




लिखित व इंटरव्यू क्वालीफाई करने के बावजूद नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ितों ने खुलकर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा व अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की। बचाव में संबंधित विभागों से आए अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी दलील दी। संबंधित विभागीय अधिकारियों की दलील से संतुष्ट नहीं होने पर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने उन्हें न सिर्फ फटकार लगाई, बल्कि जल्द से जल्द संबंधित मामलों पर उचित निर्णय लेकर आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी नोटिस दिए जाने के बाद भी आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए, उन्हें समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में हाजिर होने का आदेश दें।

## जनजातीय भाषा एवं अनुवाद प्रणाली विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, रांची, झारखंड में जनजातीय भाषा एवं अनुवाद प्रणाली÷ विषय में एक दिवसीय सेमिनार रुम्बुल एवं टीआरआई के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।

मुख्य वक्ता डॉ निशांत चोकसी, सहायक प्राध्यापक, आईआईटी, गांधीनगर, गुजरात ने बताया कि शिकागो विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही जनजातीय भाषा के बारे जानकारी मिली। इसमें जनजातीय भाषा मुंडारी, संताली आदि भाषा के वारीकी को जानना है तो उनके संस्कृति को जानना अति आवश्यक है। जनजातीय भाषाओं से संबंधित कार्य अन्य देशों में भी बहुत हो रहे हैं।

मुंडारी शब्द आटा- माटा, जलाड- कलाड, अलाए- बलाए, गुड्ड- गुड्ड, गुले- गुल, सदोर- बदोर आदि शब्दों का अनुवाद सावधानी पूर्वक करना होगा। अनुवाद में शब्द भंडार के व्याकरण का सही जानकारी अर्थपूर्ण अनुवाद हो।

इस कार्यक्रम में गुंजल इकिर मुंडा ने बताया कि इन साइक्लोपिडिया मुंडारिका में बहुत ऐसे शब्द हैं, जो वर्तमान में कम प्रयोग होते हैं। इस पुस्तक में मुंडाओं के जीवन-दर्शन समाहित हैं।

इसका अनुवाद होने से मुंडा समाज के लिए लाभदायक है। मौके पर मधु पूर्ति ने भी अपना विचार रखे।

सेमीनार में मुख्य रूप से डॉ जुरन सिंह मानकी, प्रो विसेश्वर मुंडा, डॉ अजीत मुंडा, प्रो करम सिंह मुंडा, प्रो महावीर मुंडा, अभीजित टुटी, रवि मुंडू, दीप लक्ष्मी मुंडा, मृनालिनी टुटी इसके साथ शोधार्थी एवं पढ़ने वाले छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## रांची में रेलवे टिकट की कालाबाजारी का आरोपित गिरफ्तार

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की अपराध शाखा ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करके हुए सुखदेव नगर पुलिस की सहायता से रांची के रातू रोड स्थित सिद्धांत इंटरप्राइजेज में छापेमारी कर शशिकुमार यादव को गिरफ्तार किया। इसके पास से 14 रेलवे का ई-टिकट बरामद किया गया है। बरामद टिकट का मूल्य 19 हजार 600 रुपये है। इस संबंध में आरपीएफ रांची के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

## मोदी सरकार 3.0 में झारखंड से नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व संजय सेठ रांची पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची। मोदी सरकार 3.0 में झारखंड से नव नियुक्त महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सेवा विमान द्वारा नई दिल्ली से चलकर रांची पहुंचे।भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू एवम ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। दोनो मंत्रीगण ने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। तथा प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा की प्रदेश की जनता,कार्यकर्ता एवं समर्थकों में उत्साह है। यह सम्मान झारखंड की जनता का सम्मान है। वहीं केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सहित कोडरमा की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं से मिले स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं।उन्होंने कहा कि वे जनता की सेवा और केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोडूंगी।

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठः** संजय सेठ ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। 140करोड़ देश वासी हमारा परिवार है। उन्होंने कहा कि जनता को आज राज्य की सत्ता में शामिल कांग्रेस से खटा खट मिलने वाली राशि की मांग करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर,प्रदेश मंत्री सीमा पासवान विधायक नवीन जायसवाल,समरी लाल ,प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडे,शिवपूजन पाठक,पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, संजय जायसवाल ,अनिता वर्मा ,राम लगन राम ,मदन सिंह ,गोपाल सोनी उमेश यादव, विकास रवि, दीपक शाह, सुभाष अग्रवाल, रामजी प्रसाद, पप्पू वर्मा,बसंत मित्तल,मनोज दुबे,लक्ष्मी कुमारी,कमाल खान ,मनोज दुबे भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह ,मंजू लता दुबे, सीमा सिंह, सरिता पांडे, मंत्री रेनू तिर्की, नीलम चौधरी, सह प्रभारी सोनी हेंब्रम, सुचिता सिंह ,कुमकुम देवी, लवली गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामा सिंह, कार्यालय सह प्रभारी रेखा महतो, पुनीता राय ,कुमुद झा,रागिनी सिन्हा, आदि उपस्थित रहे।

## साइकिल वितरण निर्धारित समय में पूर्ण करें : मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। निगम स्तर लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। साथ ही जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति को तेज करें। इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। ये बातें मंत्री दीपक बिरुआ ने कही। मंत्री शुक्रवार को रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने कहा इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए ताकि स्वरोजगार की बढ़



रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके। मंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना से आच्छादित करें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलना चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है वह तय समय के अन्दर होना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करना है। मंत्री ने कहा कि धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है। इसपर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा। वाद्य यंत्रों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

## रांची स्टेशन से आरपीएफ ने दो मानव तस्करों को पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आरपीएफ रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ रांची के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने आरपीएफ की मेरी सहेली टीम एवम बीबीए के प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार मिश्र के साथ मानव तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान के क्रम में एक नाबालिग लड़की को कंपनी से कमीशन के रूप में पैसे की लालच में काम दिलाने के लिए चेनई ले जा रहे , लातेहार जिले के रहने वाले छोटू उरांव और रबलु उरांव नाम के दो मानव तस्कर को रांची स्टेशन से पकड़कर आह्तु थाना कोतवाली को आगे की कारवाई के लिए



सौंप दिया। बरामद नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी रांची के आदेश से उसकी सुरक्षा की नजर प्रेमाश्रय को सौप दिया गया।

## बिसरिया गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बिसरिया गांव में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने और ग्रामीण समुदाय की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हिंडालको ने एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्षक एवं हिंडालको के चिकित्षक के टीम के द्वारा जांच किया गया 7 यह शिविर गांव के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया था और इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन हिंडालको के एच आर हेड अरुण कुमार राय एवं सिल्ली समुदयक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. प्रियंका सिन्हा,बिसरिया पंचद्वयत के मुखिया जितनी देवी, सिल्ली प्रखंड के उपप्रमुख आरती देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ढ्ढ शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध कराई गई।सामान्य स्वास्थ्य जांच,नेत्र परीक्षण,महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क दवाइयों का वितरण स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श टी बी रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर फाइलेरिया रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर इस अवसर पर कंपनी के एच आर हेड अरुण रायने कहा की ने कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। इस शिविर के माध्यम से हम बिसरिया गांव के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सफल हुए हैं।÷ गांव के मुखिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हमारे गांव के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हुआ है। हम हिंडालको सीएसआर के आभारी हैं जिन्होंने हमारी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को समझते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस शिविर से लगभग 450 ग्रामीणों ने लाभ उठाया और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी और उपचार प्राप्त किया। हिंडालको भविष्य में भी इस प्रकार की सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगी। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के (सीएसआर) हेड अनिल सिंह ने सिल्ली ष्ह्रष्ट के चिकित्सको को इस सहयोग के लिए विशेष आभार जताया।इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के अधिकारी सहायक महाप्रबंधक (कर्मचारी सम्बन्ध) अविषेक प्रताप सिंह , प्रभात तिवारी, भारत सिंह, सुनील सिंह, एवं हिंडालको अस्पताल के कर्मचारी तथा सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र के सुरेंद्र नाथ महतो , रंजीत कुमार , डा अनुराधा ,डा विवेक , खुसबू ,पूनम,गूंजा,मीरा, सबाना,मानष कुमार,छोटेलाल,दीपक कुमार, ब्रज किशोर महतो तथा विसरिया गांव के सैकड़ो ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी संगठन पंचायत स्तर पर तैयार, पार्टी का पीलर मेम्बर आजसू की मजबूती का आधार



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी का अनगड़ा प्रखंड राजाडेरा पंचायत चमघाटी में पंचायत प्रभारी,ग्राम प्रभारियों का बैठक केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव की अध्यक्षता में रखा गया अध्यक्षता भाषण देते हुए पारसनाथ उराँव ने कहा खिजरी विधानसभा के हर पंचायत में आजसू पार्टी का संगठन अब तैयार हो चुका है अब पंचायत सम्मेलन करके आजसू पार्टी बूथ जितने का काम करेगी, **संचालन : महाबीर महतो ने किया, मुख्य अतिथि :** राँची जिला आजसू पार्टी महिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा आजसू पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है और महिलाओं का मान सम्मान का खयाल पार्टी निचले स्तर तक करता है इस कारण से आजसू पार्टी में चूल्हा प्रमुख,ग्राम प्रभारी से लेकर पंचायत प्रभारियों में भागीदारी महिलाओं की है 2024 विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी महिला कमेटी एक बहुत बड़ा रोल में होगा और झारखंड की बालू-कोयला लूट मची सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी, इस मौके पर आजसू पार्टी केंद्रित सचिव फूलकुमारी देवी,केंद्रीय सदस्यः जलनाथ चौधरी,आतिश महतो,वीणा देवी,सावित्री देवी,किरण देवी,अमर महतो,योगेंद्र महतो,निर्मला देवी,प्रकाश सिंह,सरिता उराँव, सुखराम उराँव,कृष्ण कन्हैया केशरी, प्रकाश महतो,कर्मी देवी,सरिता देवी,सुनीता देवी,फुलेंद्र महतो,रान्तु मुंडा,राज साहू,अंकित साहू,अनु उराँव,सम्भु बड़ाईक,विवेक बेदिया,राणा बेदिया,दीपक बेदिया,सूरज करमाली,अनसु कुमार,आदि सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित रहे

## ईईएफ फैक्ट्री को पुन : चालू करने हेतु बड़ी बैठक होगी

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चतरा पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 16/06/2024 दिन रविवार को सुबह 06:00 बजे सें ई ई एफ मैदान चतरा में ई ई एफ फैक्ट्री को पुनः चालु करवाने अन्यथा रैयतों को उनका जमीन वापस करने के संबंध में एक आवश्यक बैठक रखी गई हैं । इस बैठक में शामिल होकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दें ।इसकी जानकारी प्रेस को पूर्व मुखिया चतरा पंचायत के सोह मुंडा ने दी।

# कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के उपरांत विकास कार्यो को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन ने सख्त रवैया इफ्तार किया है। शुक्रवार को प्रखंड सभागार में विकास कार्यो को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही और उदासीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी कार्यशैली में बदलाव लाकर अपने क्षेत्र के विकास की नई




कहानी लिखें। एक सप्ताह के अंदर अपना रवैया बदलते हुए विकास की इबारतें लिखना शुरू कर दें नहीं तो आपके विरुद्ध आपकी कहानी लिख दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक आपके द्वारा जो भी कमी कोताही बरती गई है वह किसी भी परिस्थिति में नहीं दोहराई जाए। नई ऊर्जा के साथ कार्य का संचालन जरूरी है इसके लिए सभी तैयार रहें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया है साथी यह भी कहा कि संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वेतन स्थापित कर दिया जाएगा। मौके पर उन्होंने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पंचायत दो सप्ताह में 20 प्रतिशत योजनाओं को एम आई एस में बंद करना सुनिश्चित करेंगे। पोटोहो खेल मैदान के संबंध में उन्होंने प्रत्येक पंचायत को दो-दो खेल मैदान शुरू करने की बात कही। आम बागबानी योजना का लक्ष्य पूर्ण करने एवं गड्ढा खुदाई करने की सख्त हिदायत दी। साथ ही साथ उन्होंने दूसरे फेज का जियो टैग प्रत्येक दिन करने की हिदायत दी। उन्होंने एबीपीएस के माध्यम से शत प्रतिशत मजदूरों का भुगतान किए जाने पर बल देते हुए कहा की सभी मजदूर का एबीपीएस के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने पशुधन योजना के तहत संचालित पशु शेड निर्माण के तहत प्रत्येक पंचायत से एक सप्ताह के अंदर पांच-पांच योजनाएं पूर्ण करने एवं एम आई एस में बंद करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपस्थित विभिन्न पंचायत के मुखिया ने अपनी बातें रखी और समस्याओं के समाधान की बात कही। मुखिया गण और कर्मियों के साथ इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा के अतिरिक्त सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की भी समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, घाघरा पंचायत के मुखिया रमेश उरांव, केशा पुरिया के मुखिया नीरज कुजूर, बेड़ो पंचायत की मुखिया सुशांति भगत, तुतलो पंचायत की मुखिया गंगी उराइन, मुन्ना मलिक, कुंवारी खलखो, सद्दाम हुसैन अंसारी, फारूक नदीम, पुरुषोत्तम भाई पटेल, दुर्गा टाना भगत, अभय कोया, आवास कोऑर्डिनेटर रामनाथ लोहार, पंचायत सेवक रोजगार सेवक जन सेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी होने वाले बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का के द्वारा किया गया। शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए और बकरीद पर्व को लेकर सभी ने अपने अपने बातों को रखा एवं कहा की त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाए। किसी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दे। पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में रहेगी। किसी प्रकार का घटना होती है तो तुरंत प्रशासन को सुचित करे। बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।इस मौके पर इंस्पेक्टर हंसे उरांव,टुटकी मुखिया प्रमिला कुमारी, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, गोंदुरा उरांव, काशीनाथ मांझी,दिनेश चौधरी , समाजसेवी केडिया,समेत समाजसेवी, बुद्धिजीवी,एवं शांति समिति के लोग मौजूद थे।

## सिल्ली प्रखंड में कांग्रेस की समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक शुक्रवार को सोनाली मैरेज हॉल सिल्ली में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पार्टी की प्रखण्ड कमिटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ पंचायत अध्यक्षगण उपस्थित हुए। बैठक में सभी पंचायत के बूथों के परिणाम की बारीकी से समीक्षा की गयी तथा जहाँ परिणाम आशा अनुरूप नहीं आया है वहाँ के जिम्मेवार लोगों से कारण जानने की रुपरेखा बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से से तय किया गया कि इसी जून माह में पंचायत स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थिति में कम



संसाधनों के बावजूद सभी कांग्रेसजनों ने बेहतर काम किया है परन्तु यह पर्याप्त नहीं है। डॉ महतो ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया की लोकसभा चुनाव में जो कमी रही है, उसपर गंभीरता से ध्यान देते हुए उन्हें ठीक किया जाए। कांग्रेस पार्टी को पंचायत स्तर से बूथ स्तर तक अत्यधिक मजबूत करने में सभी को महत्वपूर्ण योगदान देने की जरूरत है। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन,कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास,सचिव बलराम महतो, प्रकाश मुंडा, घासीराम पातर, मो कलाम अंसारी, रमजान अंसारी, बिंदेश्वर महतो, भागीरथ महतो, सदानंद सोनार, पिनाकी बनर्जी, लालु कोइरी, तेजु मुंडा,दशरथ कुम्हार, सैयद कमर आलम,साइकुल, श्रीप्रसाद बड़ाईक, अक्षय मांझी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा , पारस पातर,धनजय मुंडा इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# अशोक परियोजना मे प्रबधंन और राय के ग्रामीणों की हुई वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय मे परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता मे प्रबधंन और राय के ग्रामीणो की वार्ता हुई।इस वार्ता में राय के ग्रामीणो द्वारा राय सपही नदी की सफाई कराने और ट्रांसपोर्टिंग मार्ग के लिए जमीन देने वाले ग्रामीणों को आरसीएम साइडिंग में रोजगार देने की मांग को लेकर प्रबंधन को सौंपे गए ज्ञापन पर चर्चा की गई।वार्ता मे ग्रामीणों ने कहा कि राय छलटा पुल निर्माण का कार्य चल रहा है।ऐसे में नदी में ओबी गिराकर डायवर्सन बनाकर कोयला ढुलाई कराया जा रहा है, जिसके कारण नदी प्रदूषित हो रही है।वही ट्रांसपोर्टिंग मार्ग के लिए जमीन देने वाले ग्रामीणों को आज तक रोजगार मुहैया नहीं कराया गया है,जिसके कारण ग्रामीणों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है।वार्ता मे प्रबधंन




द्वारा राय सपही नदी से जल्द ओबी हटाने का आश्वासन दिया।साथ ही राय बस्ती के युवाओं को आरसीएम साइडिंग के प्राइवेट कंपनियों में रोजगार दिलाने का भरोसा दिया गया।इस वार्ता मे प्रबधंन द्वारा साकारात्मक आश्वासन दिये जाने के बाद राय के ग्रामीणो ने 15 जुन से होने वाले बंदी को स्थगित कर दिया।वार्ता मे परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर अरूण कुमार महतो, सीआईएसएफ के असूचना पदाधिकारी दिवाकर चौधरी, आरसीएम साइडिंग मैनेजर अविनाश किशोर सहित ग्रामीणो मे नागेश्वर महतो, दीपक महतो,दुर्गा माहतो, सोखी महतो,तुलसी भुईयां, भूनेश्वर महतो, संतोष प्रजापति,हरीश महतो, लखन महतो,संतोष महतो, सरवन मद्रासी, संदीप कुमार,विजय महतो, बालेश्वर महतो,रुपेश महतो सहित कई ग्रामीण और सीसीएल अधिकारी मौजुद थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** बकरीद को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की एक बैठक बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई । बैठक में त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय के अलावा कुर्बानी के बचे अवशेषों को जमीन में गाड़ देने, एक दूसरे के धर्मो का आदर करने व साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, उप प्रमुख परवेज राजा, अजीत केशरी, कृष्णा राम तिवारी, अकील आलम , हाजी मोइनुद्दीन, बिनोद सिन्हा, कामेश बर्मन, जगमोहन महतो, सलीमुद्दीन, सज्जाद अंसारी, प्रकाश महतो, राजकुमार महतो, सहित दर्जनों सदस्य मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**खुली निविदा** **बैच संख्या – 29/2024**

**दिनांक: 13/06/2024**

आईआरईपीएस– **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है।

**क्रम सं० : 01, निविदा संख्या :** 39245277, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ हाइड्रोलिक शेअरिंग मशीन 6 एम एम। स्पेसिफिकेशन एस पर एनेक्सर अटैच्ड, **मात्रा : 04 Nos., निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 13 जून 2024 12:35 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08 जुलाई 2024 14:00 बजे

**क्रम सं० : 02, निविदा संख्या :** 39235324F, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ इलेक्ट्रिक ड्राईवेन स्क्रू एयर कंप्रेसर ऑफ 300 CFM एट 10 किग्रा/सेमी2। स्पेसिफिकेशन एस पर एनेक्सर अटैच्ड। मेक – एल्गी, सुलैर और सिमिलर, **मात्रा:** 02 Sets, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 13 जून 2024 12:33 बजे,, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08 जुलाई 2024 14:00 बजे

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय के पहले आईआरईपीएस– **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है। **व. मंडल सामग्री प्रबंधक**

**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/00483/डीएचएन/भंडार/टी/24–25/44**


# पिपरवार मे हुई देवनंद दामोदर महोत्सव समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर के प्रागंण मे देवनंद दामोदर महोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बिजय लाल और संचालन शिव मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष रामबच्चन यादव ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दामोदर बचाओ आंदोलन के चतरा जिला संयोजक अश्विनी दराद और विशिष्ट अतिथि में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पिपरवार अध्यक्ष अनिल सिन्हा और युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा मौजूद थे।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 16 जून को दामोदर-सपही नदी के संगम स्थल में गंगा दशहरा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसकी तैयारी को लेकर समीक्षा की गई एवं समिति का गठन किया गया। जिसमें जिला संयोजक



अश्विनी दराद, पिपरवार संयोजक बिजय लाल, कार्यक्रम प्रभारी रामबच्चन यादव, कार्यक्रम संयोजक सुनील प्रसाद, सह संयोजक कृष्ण मुरारी मोदी, इंद्रदेव शर्मा, मुकेश राणा, अनिल सिन्हा, शिवपूजन चौहान, सुरेंद्र बैठा, पूजा प्रभारी संतोष गिरी और मीडिया प्रभारी जयप्रकाश साहा को बनाया गया।बैठक में अश्विनी दराद, इंद्रदेव शर्मा, अनिल सिन्हा, संतोष गिरी,कृष्ण मुरारी मोदी, सुरेंद्र बैठा, सुनील प्रसाद, रविन्द्र सिंह, शिवपूजन चौहान, मुकेश राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

# 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक एवं 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक और 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार राज्य नोडल पदाधिकारी आरसेटी झारखंड, निदेशक संजीत कुमार,अमित धान रांची , के द्वारा संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 45 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग संस्थान में



रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा क्योंकि सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का मुर्गी फार्म लगाए और मैकेनिक सीखकर सर्विस सेंटर और गैरेज खोले। क्योंकि रूडसेट संस्थान राज्य का सबसे अच्छा संस्थान है यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है,और दूसरों को भी रोजगार से जोर सकते है , आप सभी को एक सफल उद्यमी बनना है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते है । आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे और ग्राहक से अच्छा संबंध भी बनाकर रखे। निदेशक ने अतिथि का धनबाद दिया। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार,जगदीश चंद्र महतो, डीएसटी प्रदीप पाठक, दशरथ महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रनवीर सिंह के साथ विक्स की सबसे बड़ी खबर- 'विक्स की गोली अब हो गई बड़ी' की घोषणा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विक्स ने पॉवरहाउस ब्रांड एंबेसडर रनवीर सिंह के साथ आज विक्स की सबसे बड़ी खबर, 'विक्स की गोली अब हो गई बड़ी' की घोषणा की, जिसमें लगभग दो दशकों में भारत के प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रॉप्स के 'डबल पॉवर्ड परिवर्तन' का अनावरण किया गया। पीएंडजी इंडिया में कैटेगरी लीडर, कंज़्यूमर हैल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा, 'ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल, 'विक्स की गोली लो, खिच खिच दूर करो' फौरन उस पुराने समय की यादों में ले जाती है, जब विक्स कफ ड्रॉप्स ने सन् 1960 से भारतीयों की कई पीढ़ियों को बिना खिच-खिच के बोलने में मदद की थी। डॉ. जसप्रीत कोच्चर, डायरेक्टर, विक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा, 'नया विक्स डबल पॉवर कफ ड्रॉप खाँसी और खराब गले से राहत देने के लिए एक बेहतर उत्पाद है। इसमें प्रभावशाली और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक तत्वों, जैसे मेंथल, यूकेलिप्टस तेल और कपूर का प्रमाणित मिश्रण है। रनवीर सिंह ने कहा, 'विक्स की गोली हमारी संस्कृति का हिस्सा है, यह खिच-खिच दूर करने के लिए हमेशा गो-टू- रेमेडी रही है। मुझे विक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड को पेश करने पर गर्व है।




## मायुमं सुरभि शाखा का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस एवं फादर्स डे के अवसर पर शनिवार 15 जून को रक्तदान शिविर सह सशक्त संबल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साकची रेडक्रॉस भवन में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु अपने पिता के साथ आने वाले पुत्र, पुत्री और वधू को भी सम्मानित किया जायेगा। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चलेगा। इसका उद्घाटन सह सम्मान समारोह प्रातः 11.30 बजे होगा। यह जानकारी सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने दी। सुरभि शाखा सचिव पूजा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल ने रक्तदाताओं से रक्तदान करने हेतु अवश्य आने का आग्रह किया हैं। साथ ही सम्मान समारोह सह उद्घाटन सत्र में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शाखा की महिलाओं का मनोबल बढ़ाने का अनुरोध किया हैं।

## कुकड़ू के पारगामा में गुरुचरण महतो स्मारक मेला संपन्न

**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ू प्रखंड के पारगामा गांव में कल गुणधर महतो स्मृति मेला संपन्न हुआ। गुणधर महतो के समाधि स्थल पर उनके प्रति श्रद्धा रखने वाले लोगों ने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। मेला के संस्थापक व संरक्षक गुरुचरण महतो अपवाद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके बाद सेकेंड हॉफ में संध्या 4 बजे से स्कूल-कॉलेज के ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए अनेकों तरह के शैक्षणिक प्रतियोगिताओं जैसे चित्र बनाओ, कविता पाठ, गणित दौड़, श्रुतिलेख, म्यूजिकल चेयर रेस, सामान्य ज्ञान, शंख बजाओ आदि का कंपिटीशन कराया गया। उक्त प्रतिस्पर्धाओं में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। शाम 8 बजे से झारखंड मानभूम लोक-संस्कृति की एक अनुषंगी ईकाई बाऊल संगीत का मंचन हुआ।

## बेटियों के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर घर वालों को पीटकर किया घायल

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शंकरपुर गांव में कृष्णा और संजय नामक दो भाइयों ने अपनी बहन प्रतिमा के साथ मिलकर पौरुष बारीक नामक व्यक्ति एवं उसकी पत्नी कुंती व उसकी दो बेटियों के साथ मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया ले जाया गया। इस संबंध में घायल पौरुष बारीक की पत्नी कुंती ने बताया कि कृष्ण और संजय उनकी बेटियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। इसका जब विरोध करने जब मैं गई तो वो लोग मुझे भी भद्दी- भद्दी गालियां देने लगे। इसी दौरान मेरे पति भी वहां पहुंच गए और बीच बचाव करने लगे। इसी क्रम में कृष्णा, संजय और उसकी बहन प्रतिमा सभी ने मिलकर उसके पति की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। कुंती ने बताया कि इसकी सूचना गम्हरिया पुलिस को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया लाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## सविता महतो बनी महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति

**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया कार्य संचालन के नियम 264 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अध्यक्ष झारखंड विधान सभा द्वारा वर्ष 2024 के लिए पंचम् झारखंड विधानसभा की शेष अवधि हेतु महिला एवं बाल विकास समिति का गठन किया गया है जिसमें ईचागढ़ विधायक सविता महतो को सभापति, डा नीरा यादव को सदस्य, कुशवाहा शशि भूषण मेहता को सदस्य, सुनीता चौधरी व कल्पना मुर्मू सोरेन को भी सदस्य बनाया गया है। सविता महतो इस समिति के सभापति एवं सभासचिव इसके सचिव होंगे। वही विधायक सविता महतो को महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति बनाए जाने पर ईचागढ़ विधानसभा के झामुमो कार्यकर्ता, नेताओं व शुभचिंतको ने विधायक को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।



### जिप पत्नी संग आजसू बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष माणिक महतो ने छोड़ी पार्टी

# रांची में झामुमो के महासचिव विनोद पांडे ने कराया पार्टी में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आजसू पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष माणिक महतो व उनकी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो ने शुक्रवार को पार्टी के पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनकी पत्नी गीतांजलि आजसू के महिला मोर्चा की केंद्रीय सचिव भी थी। इस संबंध में एनएच 33 के एक होटल में प्रेसवार्ता करते हुए इसकी विधिवत घोषणा की है। माणिक ने इससे संबंधित एक पत्र आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह को भेजते हुए इसे स्वीकार करने का आग्रह किया है। इधर दोपहर को रांची पहुंचकर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे के समक्ष दोनों नेताओं ने पार्टी का दामन थाम लिया। मौके पर जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी, झामुमो नेता माणिक मल्लिक व जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक मौजूद थे। प्रेसवार्ता के दौरान माणिक महतो ने पार्टी के खिलाफ कई आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2019 में आजसू पार्टी का दामन थामा था। इसके बाद पार्टी ने उन्हें बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी थी। संगठन में जुड़ने के बाद उन्होंने करीब साढ़े चार साल तक निस्स्वार्थ भाव से पार्टी संगठन के लिए काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम किया।उनके झामुमो में जाने से आजसू पार्टी को कितना नुकसान होगा यह तो भविष्य में पता चलेगा लेकिन झामुमो को कुड़मी समाज के अंदर बड़ा चेहरा मिलेगा और उसका फायदा अगले विधानसभा चुनाव में झामुमो के जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी को मिल सकेगा। क्योंकि पिछले पंचायत चुनाव में माणिक महतो की बदौलत ही उनकी पत्नी गीतांजलि को बोड़ाम प्रखंड से करीब 15 हजार वोट मिले थे। क्षेत्र में उनका मजबूत पकड़ है।




## सोनारी में खुला डॉ पात्रों मेडिकल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के जाने-माने चिकित्सा और सोनारी थाना शांति समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अमोल पात्रों उचित चिकित्सा के साथ मरीजो को सही परामर्श भी प्रदान करते है, इसी क्रम को और बेहतर बनाने के लिए आज डॉ पात्रों मेडिकल का उद्घाटन बी एन पात्रों ( केएमपीएम कॉलेज के पूर्व अध्यापक) पिता डॉ अमल पात्रों के हाथों से किया गया। दवा दुकान का परिचालन डॉ अमोल पात्रों के सुपुत्र अनुराग पात्रों की देखरेख में किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, बिल्डर सह समाजसेवी फणी महतो, अशोक सिंह,मंटू सिंह, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर के के चौधरी, सोनारी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सोनारी थाना शांति समिति के सदस्य राहुल भट्टाचार्जी, सुमित ठाकुर आदि उपस्थित रहे। दवा दुकान मे 18 प्रतिशत तक की छुट है।

## बिष्टुपुर में बंटी ने लगाई छबील, बांटे चना-शर्बत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहादत दिवस पर आज परनीत इलेक्ट्रॉनिक्स की इकाई मिस्टर मोबाइल के संचालक सतिंदर सिंह बंटी एवं उनके परिवार की ओर से आज बिष्टुपुर कमानी सेंटर के समीप एलआईसी बिल्डिंग स्थित अपने दुकान के समीप छबील लगाई गई. इस दौरान राहगीरों मे चना, शर्बत व हलुआ प्रसादस्वरुप बांटा गया. इसके पूर्व गुरुद्वारा कमिटी के पदाधिकारी व समाज के कई गण्यमान्यों ने सामूहिक अरदास (प्रार्थना) कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर श्री बंटी के परिजनों में अमनदीप कौर, तान्या कौर, परनीत सिंह ने भी सहयोग किया.इस मौके पर साकची गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष निशान सिंह, साकची, बिष्टुपुर व सीतारामडेरा गुरुद्वारा कमिटी के पदाधिकारी, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, पत्रकार संजीव भारद्वाज, अभिषेक सिंह, जगतार सिंह नागी, कमानी सेंटर शॉपकीपर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, न्यू यॉर्क के संचालक पप्पी भाई, भाजपा के युवा नेता सतवीर सिंह सोमू, चंचल भाटिया, दिलीप, मिंटू, नवजोत भाटिया, राज, सन्नी, नंदू, जीतू सहित कई लोगों ने सह योग किया।

# अवैध बालू लदे तीन हाइवा को एसटीएफ ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के एसपी मनीष टोप्पो द्वारा गठित एसटीएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की अहले सुबह कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे तीन हाइवा को जब्त किया है। हालांकि तीनों हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। एसटीएफ टीम को एक हाइवा (संख्या- जेएच05 सीएच/ 5781) को टाटा-कांड्रा मार्ग पर स्थित आरआर एक्विकॉन्स प्लांट के अंदर धर्मकांटा में खड़ा मिला जिसे जब्त कर लिया। इसके अलावा दो हाइवा (संख्या- जेएच05 बीके/ 1700 और जेएच05 सीयू/ 9082) को मुख्य मार्ग से जब्त किया गया जिसे गम्हरिया थाना में रखा गया है। इस बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर चांडिल एवं सरायकेला अनुमंडल के लिए अलग-अलग एसटीएफ का गठन किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है। विदित है कि एनजीटी के निर्देश पर अक्टूबर 2024 तक बालू खनन पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन जारी है।

## मुख्यमंत्री के शिलान्यास -सह- परिसम्पति वितरण कार्यक्रम की तैयारी की उपायुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के आगामी 16 जून 2024 को राजनगर प्रखंड के फुटबल मैदान मतकामबेडा में उद्घाटन शिलान्यास -सह- परिसम्पति वितरण कार्यक्रम में आगमन की तैयारी को लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल द्वारा एक समीक्षा बैठक की गई। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त के अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में उपायुक्त द्वारा राजनगर प्रखंड अंतर्गत फुटबॉल मैदान मतकामबेडा में आयोजित होने वाले शिलान्यास-उद्घाटन -सह- परिसम्पति वितरण कार्यक्रम की रुप-रेखा को लेकर बिंदुवार चर्चा किया। वहीं सम्बन्धित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कुलदीप सिंह गिल बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी के नए प्रधान बने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री गुरु नानक सभा बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए प्रधान सरदार कुलदीप सिंह गिल बनाए गए हैं। इलाके की संगत ने पिछले कई महीनो से व्याप्त उहापोह की स्थिति को आषाढ़ महीने की संग्रांद में खत्म कर दिया।शुक्रवार को ग्यारह बजे इलाके की एक सौ से ज्यादा संख्या में संगत गुरुद्वारा में जुटी। संगत ने कमेटी की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर गिल प्रधान कुलविंदर सिंह को गुरुद्वारा में तलब किया।कुलविंदर सिंह ने उड़ीसा में होने का हवाला दिया और संगत के हुक्म से बच्चे कमलजीत कौर पूर्व अध्यक्ष सरदार करतार सिंह एवं अन्य पदधारी श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में उपस्थित हुए।यहां संगत ने पिछले 8 महीने से गुरुद्वारा कमेटी में आपसी फूट के कारण विकास के कामों का नहीं होने का हवाला दिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की उपस्थिति में नया प्रधान चुना जाना चाहिए। जो पक्ष विपक्ष नहीं कर इलाके की संगत को समान रूप से लेकर चले और गुरु घर की मर्यादा आदर्श को बढ़ावा दे। बाबा निरंजन सिंह नई कमेटी बनाने की अरदास की।नए प्रधान कुलदीप सिंह गिल ने संगत को आश्वस्त किया कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और गुरु घर के रुके हुए कामों को पूरा करेंगे।



# करीम सिटी कॉलेज में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कला, विज्ञान तथा वाणिज्य 4 वर्षीय स्नातक कोर्स (एफवाईयूजीपी) में नामांकन के लिए पहले चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है जिसकी अंतिम तिथि 19 जून 2024 है। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बताया कि हमारे कॉलेज में चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। जो छात्र-छात्राएं करीम सिटी कॉलेज में कला, विज्ञान या वाणिज्य स्नातक में नामांकन करना चाहते हैं वे सीधे कॉलेज आकर चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह सेवा कॉलेज की तरफ से निशुल्क प्रदान की जा रही है ताकि यहां नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। ध्यान रहे की चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 19 जून 2024 है। नामांकन के लिए पहली सूची 24 जून 2024 को प्रकाशित होगी और उसके बाद आसानी से नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।




### शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट

# जेसीए ब्लू ने सीएजे को 50 रन से हराया

**- सेमीफाइनल में जेसीए येलो बनाम ब्लू, एवं लियो बनाम कवर ड्राइव का मुकाबला आज**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निर्मल महतो स्टेडियम में खेले जा रहे शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में जेसीए ब्लू ने सीएजे को 50 रन से हरा कर सेमीफ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।आज जेसीए ब्लू ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 142/6 रन बनाया। अर्णव 29, विराट 25, अंशुमन 24 रनों का योगदान दिया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएजे की टीम 12.5 ओवर में 92 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आरव सोनी ने 2, अर्णव, अंशुमन और आयुष्मान ने एक एक विकेट लिया। कप्तान अर्णव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जेसीए के एडमिनिस्ट्रेटर देवब्रतो मुखर्जी (नाथु सर) ने दिया। कल पहला सेमीफाइनल जेसीए येलो और जेसीए ब्लू और दूसरा लियो क्रिकेट अकादमी और कवर ड्राइव क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा। इसका लाइव स्ट्रीमिंग झारखंड क्रिकेट अकैडमी के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा।फाइनल रविवार 16 जून को होगा।



# बालू स्टोक यार्ड का डीएमओ ने किया निरीक्षण, गड़बड़ी मिली तो होगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जारगोडीह व दीरीडारी स्थित लाइसेंसी बालू यार्डों का शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने निरीक्षण किया। जिला खनन पदाधिकारी सतपथी ने मेसर्स हरेलाल कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, हेतम सरीया प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, मां तारा इंटरप्राइजेज, मेसर्स हेमंत कुमार सिंह, सूर्या इंटरप्राइजेज, नाज इंटरप्राइजेज व जेएस एम डीसी स्टोक यार्ड का निरीक्षण कर स्टोक बालू का मापी किया। उन्होंने कहा कि बालू का सैम्पल लिया गया है। उन्होंने कहा कि चालान का मिलान में अधिक मात्रा में बालू का भंडारण पाए जाने पर उसपर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री से मिलकर विधायक सविता महतो ने की पुल, पुलिया व 40 सड़क निर्माण की मांग

### - चांडिल डैम के विस्थापितों का मुआवजा राशि भुगतान की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से रांची स्थित आवास में मुलाकात किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पुल पुलिया व 40 सड़क निर्माण को लेकर मांग पत्र सौपा। जिसमें उन्होंने चांडिल प्रखंड के बंसा (बेगनाडीह)और नरगाडीह( चालकबेड़ा )के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, नीमडीह प्रखंड के सीमा और लावा के बीच लावा में पुल निर्माण, ईचागढ़ प्रखंड के गाड़ाडीह और चौका आदारडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण, सितु पंचायत के गाड़ाडीह एवं रोहड़ाडीह के बीच डोमड़ा नदी पर पुल निर्माण, तुता पंचायत के शहीद स्कूल चोगा और कुईडीह के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, घाटिया और आमड़ा के बीच करकरी नदी पर पुल निर्माण, सोड़ो ग्राम हाड़ात एवं रुगड़ी के बीच सीता नाला पर पुल निर्माण, कुकड़ू प्रखंड के लेटमदा में बड़ा लापांग और सम्पतडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, सोपादा एवं तिरुलडीह के बीच सोभा नदी पर पुल निर्माण, फोदलोगोड़ा काली मंदिर से रामगढ़ पथ में सतनाला नाला पर पुल निर्माण, एन एच 33 और जयदा मंदिर के बीच पुल निर्माण, मुसरीबेड़ा और चौलीवासा के बीच रांका नाला पर पुल निर्माण व चांडिल प्रखंड के रुदीया पंचायत दालग्राम में निमाई मांझी के घर से दिनबंधु महतो के घर तक 8 सौ फिट पीसीसी, हिरमिली बंधडीह दालग्राम पुल से एन एच 33 तक 3 किमी पक्की सड़क,हिरमिली में विनोद मांझी के घर से महेश्वर महतो के घर तक 2 किमी, दालग्राम में मोहन दास के घर से विष्णु महतो के घर तक 1 किमी,दालग्राम में गोरा मांझी के घर से पन्ना लाल तंतुवाई के घर तक 1 किमी, दालग्राम में एन एच 32 रेलवे अंडरपास से बुलान तक 1 किमी पक्की सड़क निर्माण का मांग किया है। साथ ही विधायक ने चांडिल डैम के विस्थापितो का मुआवजा राशि भुगतान का भी मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो भी उपस्थित थे।



### व्यस्क बीसीजी टीकाकरण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

# 1 जुलाई से शुरू होगा टीकाकरण अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने तथा इसके लिए जुलाई माह में शुरू होने वाले व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण अभियान को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई । जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी एमओआईसी समेत अन्य स्टेक होल्डर बैठक में उपस्थित रहे वहीं सभी बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में टीबी का इलाज संभव है, वहीं सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध हैं। 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत 18 साल से अधिक उम्र के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पहले टीबी की बीमारी हुई हो, टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 60 साल और उससे अधिक के बुजुर्ग, कुपोषित वयस्क, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति तथा मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। मधुमेह रोग से पीड़ित व्यक्ति जिनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 18 से कम हो, वैसे व्यक्ति जिन्होंने विगत 5 वर्षों में अपना टीबी का इलाज कराया हो तथा वर्तमान में स्वस्थ हों उन्हें बीसीजी का टीका लगाया जाएगा।



संपादकीय

# अप्रत्याशित जनादेश

आम चुनाव का जनादेश बेहद अप्रत्याशित रहा। बेशक भाजपा-एनडीए के पक्ष में स्पष्ट बहुमत लगता है, लेकिन भाजपा अपने बूते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूती नहीं लगती। भाजपा अभी तक 243 सीटों पर विजयी रही है, जबकि मतगणना जारी थी। बहुमत के लिए कमोबेश 272 का आंकड़ा अपेक्षित है। दूसरी ओर कांग्रेस 97 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 की 52 सीटों से लगभग दोगुना है। यह आलेख लिखने तक 'इंडिया' गठबंधन ने 228 सीटें जीत कर देश को चौंका दिया है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उप्र में लगा, जहां वह 70 से अधिक सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही थी, लेकिन अब आंकड़ा 35 के करीब थमता लगता है। सपा और कांग्रेस 40 सीटों से भी आगे थीं। उप्र ने भाजपा की स्पष्ट जीत के तमाम समीकरण उलट दिए हैं। पार्टी नेतृत्व समझ ही नहीं पा रहा है कि आखिर उप्र में ऐसा झटका क्यों लगा? उप्र के अलावा पश्चिम बंगाल में 'दीदी' का करिश्मा एक बार फिर चला और भाजपा सबसे शानदार जीत हासिल करने में नाकाम रही है। ममता बनर्जी की पार्टी 'तृणमूल कांग्रेस' कुल 42 सीटों में से 32 सीट पर निर्णायक तौर पर आगे थी। राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों में भी, भाजपा के लिए, खूब उलटफेर हुए। तमिलनाडु और पंजाब में तो भाजपा 'शून्य' रही है। दक्षिण भारत की पहली उम्मीद केरल साबित होता लगता है, जहां भाजपा 2 सीटों पर आगे थी। अब की बार आंध्रप्रदेश, केरल में भाजपा का खाता खुलता लग रहा है। हालांकि तेलंगाना में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करती लग रही है, लेकिन कर्नाटक का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा, जिसकी अपेक्षा थी। आंध्रप्रदेश में तेलुगूदेशम पार्टी-भाजपा गठबंधन को विधानसभा में प्रचंड बहुमत मिला है, लिहाजा नए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू होंगे। बेशक गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि राज्यों में भाजपा ने लगभग 'क्लीन स्वीप' किया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार बहुमत हासिल करने में नाकाम रही है। अब भाजपा आत्ममंथन करेगी कि अयोध्या वाली संसदीय सीट पर उसका प्रत्याशी क्यों पराजित हो गया? क्या राम मंदिर से अधिक प्रभाव अन्य जातियों और मुद्दों का रहा? बहरहाल अकेली भाजपा न तो 370 का लक्ष्य हासिल कर पाई और 400 पार तो बहुत दूर की कौड़ी है। हम अपने आलेखों में जिक्र करते रहे हैं कि संविधान बदलने और लोकतंत्र खत्म होने सरीखे मुद्दों ने उप्र, राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों के ग्रामीण अंचलों में लोगों को सोचने पर विवश किया था, लिहाजा वोट भाजपा के पक्ष में नहीं डाले जाएंगे। ऐसा ही कुछ हुआ है कि भाजपा पराजित हुई है। इनसे आरक्षण का मुद्दा भी शंकित हुआ। उसके मद्देनजर भी वोट बदले गए। बेशक नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लें, क्योंकि भाजपा-एनडीए के पक्ष में फिलहाल 298 सीटों का समर्थन है। इनमें करीब 240 सीटें भाजपा की हैं और 227 सीटें कांग्रेस नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में हैं। गौरतलब यह है कि टीडीपी की 16 और जद-यू की 14 सीटें एनडीए और मोदी सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की है। शरद पवार भी नायडू और नीतीश के संपर्क में बताए जाते हैं। क्या तोडफ़ोड़ का खेल शुरू हो गया है? क्या यह अनिश्चितता केंद्र सरकार की स्थिरता पर सवाल साबित हो सकती है? 2024 के जनादेश ने साबित किया है कि कांग्रेस इस देश से कभी भी खत्म नहीं की जा सकती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड और रायबरेली सीटों से जीत रहे हैं। कांग्रेस को इस चुनाव में 97 सीटें मिलती दिख रही हैं। इस चुनाव में अखिलेश यादव की सपा ने भी जबरदस्त जीत हासिल कर अपना नेतृत्व साबित किया है। अब ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनेगी। जनता ने नवीन पटनायक के विकल्प के तौर पर भाजपा का शासन चुना है। कोई जीता, कोई हारा, लेकिन भारत देश का सबसे बड़ा लोकतंत्र निर्विवाद रूप से विजयी रहा। लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह भी है कि आम आदमी पार्टी के पक्ष में सहानुभूति की कोई लहर नहीं चली। दिल्ली में सभी सात सीटें भाजपा जीत रही थी, जबकि पंजाब में भी आप कुछ खास नहीं कर पाई।

> भाजपा अभी तक 243 सीटों पर विजयी रही है, जबकि मतगणना जारी थी। बहुमत के लिए कमोबेश 272 का आंकड़ा अपेक्षित है। दूसरी ओर कांग्रेस 97 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 की 52 सीटों से लगभग दोगुना है। यह आलेख लिखने तक 'इंडिया' गठबंधन ने 228 सीटें जीत कर देश को चौंका दिया है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उप्र में लगा, जहां वह 70 से अधिक सीटें जीतने की रणनीति पर काम कर रही थी, लेकिन अब आंकड़ा 35 के करीब थमता लगता है। सपा और कांग्रेस 40 सीटों से भी आगे थीं। उप्र ने भाजपा की स्पष्ट जीत के तमाम समीकरण उलट दिए हैं। पार्टी नेतृत्व समझ ही नहीं पा रहा है कि आखिर उप्र में ऐसा झटका क्यों लगा? उप्र के अलावा पश्चिम बंगाल में 'दीदी' का करिश्मा एक बार फिर चला और भाजपा सबसे शानदार जीत हासिल करने में नाकाम रही है। ममता बनर्जी की पार्टी 'तृणमूल कांग्रेस' कुल 42 सीटों में से 32 सीट पर निर्णायक तौर पर आगे थी। राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों में भी, भाजपा के लिए, खूब उलटफेर हुए। तमिलनाडु और पंजाब में तो भाजपा 'शून्य' रही है।

### वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी

# पर्यावरण के बड़े खतरों से निपटने के लिये कोशिशें भी बड़ी हों

**ललित गर्ग**

> इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।

इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रही है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेज़बानी करेगा, जिसका थीम होगी 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य।' यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता।' मानवता भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं। तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा। नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फटने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है।



इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है। बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफ साइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के कारण महासागर में जलस्तर में ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो महासागरों का बढ़ता हुआ क्षेत्रफल और जलस्तर एक दिन तटवर्ती स्थल, भागों और द्वीपों को जलमग्न कर देगा।

दृष्टि कोण

# मोदी ब्रांड की छवि पर जो आघात हुआ है, उससे देश ही नहीं दुनिया भी हैरान है

भारत की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे की ही नहीं बल्कि 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'जो राम को



लाये हैं हम उनको लाएंगे' जैसे नारों की भी हवा पूरी तरह निकल गयी है। चुनाव प्रचार की बात हो या भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ 'मोदी की गारंटी' के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जबसे मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तबसे यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के अलावा 'विकास भी और विरासत भी' का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। दूसरी ओर, भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि साल 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरुआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है। यह विश्वास ही तो है कि विपक्ष के घोषणापत्र में की गयी फ्री की तमाम सौगातों की बजाय जनता ने मोदी के वादों को तवज्जो दी है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट बैठक की बात करें तो उसमें उन्होंने साफ कहा है कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है और नंबरगेम चलता रहता है। उन्होंने कहा है कि लेकिन इस सबका असर देश के विकास पर नहीं पड़ना चाहिए। वैसे देखा जाये तो लोकतंत्र में नंबरगेम ही मायने रखता है लेकिन मोदी के लिए इसका खास महत्व नहीं है। इस बात को हम गुजरात के उदाहरण से भी समझ सकते हैं। मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए भाजपा ने 2002 में 127 सीटों पर जीत हासिल की थी उसके बाद पार्टी अगले चुनाव में 117 सीटों पर और उसके बाद 116 सीटों पर पहुँच गयी थी। यही नहीं, मोदी के दिल्ली आने के बाद गुजरात में जो पहला विधानसभा चुनाव हुआ था उसमें भाजपा 99 सीटों पर आ गयी थी लेकिन 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने गुजरात में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये थे। नंबरगेम ऊपर नीचे होता रहा लेकिन मोदी ने गुजरात के विकास को जरा भी प्रभावित नहीं होने दिया।

कुछ अलग

# गठबंधन युग की वापसी

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम के शुरुआती रुझानों से स्पष्ट है कि सत्तारूढ़ पाटा भारतीय जनता पाटा (भाजपा) को अप्रात्याशित हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा ने चुनाव के पहले एनडीए की छतरी बड़ी कर ली थी अन्यथा वह सीधे चुनाव परिणाम में विपक्ष से हार जाती। अभी तो जनता दल (यू) और तेलगु देशम पाटा जैसी दो बड़ी सहयोगियों के कारण सरकार बनाने में वह सफल हो जाएगी। क्योंकि चुनाव पूर्व गठबंधन को 292 सीटों पर बढ़त है जो बहुमत से 20 सीट ज्यादा है। एनडीए गठबंधन में सबसे बड़ी पाटा भाजपा ही है और उसे 240 सीटें मिलने के आसार हैं जबकि इंडिया गठबंधन को भले ही 234 सीटें मिलने का अनुमान है किन्तु उसमें सबसे बड़ी पाटा कांग्रेस का 100 का आंकड़ा भी पार होता नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि एनडीए की सरकार बनती दिख रही है। अब एक बार फिर गठबंधन युग की वापसी हुई है। भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान उत्तर प्रादेश में उठाना पड़ा जहां वह 80 सीटों के जीतने का दावा कर रही थी। उत्तर प्रादेश में समाजवादी पाटा और कांग्रोस गठबंधन ने मिलकर 43 सीटें जीत लीं जबकि भाजपा को 33 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। भाजपा को उत्तर प्रादेश पर बहुत भरोसा था किन्तु वहां के मतदाताओं ने पाटा को निराश किया। यदि ऐसा हुआ है तो इसके लिए मतदाताओं की भाजपा के प्राति निराशा ही जिम्मेदार हैं। भाजपा ने जो काम किया उसका प्राचार भी वह ठीक से नहीं कर पाई जबकि विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी और आरक्षण के मुद्दे पर मतदाताओं को रिझाया। उप्रा के अलावा राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में भी उसे वैसी सफलता नहीं मिली। जैसी कि 2019 में मिली थी। भाजपा के लिए तो यह आत्ममंथन का समय है। उसे ओडिशा में भले ही बड़ी सफलता मिली है लेकिन साथ ही उसने नवीन पटनायक की असफलता से बड़ा सबक भी सीखना चिहए कि वैसे कोई दल अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं की उपेक्षा करने पर किस गति को प्राप्त होता है। नवीन बाबू अब अपनी ही पाटा पर बोझ बन गए थे। कार्यकर्ताओं से मिलते नहीं थे और पुराने नेताओं की बात नहीं मानते थे। ऐसा नहीं है कि यह चुनाव भाजपा को ही सबक सिखाने के लिए आया है। भाजपा तो फिर भी कह सकती है कि दस वर्षो में उसे 10 वर्षो के सत्ता विरोधी लहर से जूझना पड़ा किन्तु यह भी सच है कि अकेले प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने की रणनीति भी भाजपा को बदलनी पड़ेगी। राज्यों में नेतृत्व यदि विकसित नहीं किया जाएगा तो यही हाल होगा। मध्य प्रादेश में यदि पाटा ने पूरी तरह विपक्ष का सफाया करने में सफलता हासिल की तो वहां के स्थानीय नेताओं की स्वरियता को श्रेय जाता है। उप्रा में भाजपा के पास अकेले योगी के अलावा कोई चेहरा ही नहीं है और उन्हें भी पूरी छूट नहीं है। चर्चा तो यह भी है कि राज्य में अफसरशाह ही राज्य सरकार से नाराज है। कारण है कि एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को मुख्य सचिव बनाए जाने से कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अपने भविष्य को चौपट होते देख रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि जिस सेवानिवृत्त अधिकारी को राज्य का मुख्य सचिव बनाया गया है वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छाओं के विपरीत नौकरशाहों का मुखिया बना है। जब राज्य के मुख्यमंत्री को खुली छूट नहीं मिलेगी तो उसके सिर हार का ठीकरा फोड़ना भी उचित नहीं होगा। बहरहाल भाजपा के लिए उत्तर प्रादेश के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा में भी झटका लगा है। इसलिए उसको आत्ममंथन करने की ज्यादा जरूरत है। आत्ममंथन की जरूरत तो कांग्रोस को भी है जो मध्य प्रादेश, आंध्र प्रादेश, कर्नाटक, दिल्ली, हिमाचल और ओडिशा में अप्रात्याशित रूप से हारी है।

देश दुनीया से

# बढ़ती पर्यावरणीय चेतना

> पर्यावरण राजनीतिक दलों का प्रमुख मुद्दा नहीं बना, परन्तु दोनों प्रमुख दलों ने अपने-अपने घोषणापत्रों में इसे अंतिम पृष्ठों पर स्थान जरूर दिया। लोकसभा चुनाव में बिगड़ा पर्यावरण भले ही प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया हो, परन्तु पिछले 5-6 महीनों की घटनाओं पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि अब पर्यावरणीय चेतना बढ़ रही है। कई सामाजिक संगठनों एवं जन आंदोलनों ने स्वतंत्र या संयुक्त रूप से जारी अपने प्रयत्नों में पर्यावरण के मुद्दों का जिक्र किया एवं चुनाव प्रचार के समय प्रत्याशियों से इस पर चर्चा भी की। दिल्ली के लगभग 2500 से ज्यादा रहवासी कल्याण संगठनों (रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) ने संयुक्त रूप से 'यूनाईटेड रेजीडेंट ज्वाइंट एक्शन ऑफ दिल्ली' के बैनर तले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 24 बिंदुओं वाला एक नागरिक घोषणापत्र जारी किया जिसमें प्रमुख मुद्दा दिल्ली को प्रदूषण एवं ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने का था।

हालांकि पर्यावरण के नाम पर हमारे राजनीतिज्ञ आम तौर पर मुंह बिचकाते हैं और अक्सर इसे विकास के बरअक्स खड़ा कर देते हैं, लेकिन सत्तर-अस्सी के दशक के बाद आम लोगों ने इस मसले को तरजीह देना शुरू कर दिया है। हाल के आम चुनाव में भी कई स्थानों पर पर्यावरण के मुद्दों को उछाला गया है। इस आलेख में पर्यावरण के मसले को खंगालने का प्रयास करेंगे। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस, 05 जून के एक दिन पूर्व देश की लोकसभा के चुनाव परिणाम घोषित होने से प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में इसकी बहुलता रहेगी एवं पर्यावरण किनारे पर। इस लोकसभा चुनाव में बिगड़ा पर्यावरण राजनीतिक दलों का प्रमुख मुद्दा नहीं बना, परन्तु दोनों प्रमुख दलों ने अपने-अपने घोषणापत्रों में इसे अंतिम पृष्ठों पर स्थान जरूर दिया। लोकसभा चुनाव में बिगड़ा पर्यावरण भले ही प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया हो, परन्तु पिछले 5-6 महीनों की घटनाओं पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि अब पर्यावरणीय चेतना बढ़ रही है। कई सामाजिक संगठनों एवं जन आंदोलनों ने स्वतंत्र या संयुक्त रूप से जारी अपने प्रयत्नों में पर्यावरण के मुद्दों का जिक्र किया एवं चुनाव प्रचार के समय प्रत्याशियों से इस पर चर्चा भी की। दिल्ली के लगभग 2500 से ज्यादा रहवासी कल्याण संगठनों (रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) ने संयुक्त रूप से 'यूनाईटेड रेजीडेंट ज्वाइंट एक्शन ऑफ दिल्ली' के बैनर तले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 24 बिंदुओं वाला एक नागरिक घोषणापत्र जारी किया जिसमें प्रमुख मुद्दा दिल्ली को प्रदूषण एवं ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने का था। दिल्ली के अलावा मुम्बई में भी कई संगठनों (नेट कनेक्ट), वायर फाउंडेशन, सागर शक्ति, वेटलेंड्स एंड हिल्स तथा एलायंस फार रिवर्स के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपने अभियान में सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर मांग की कि वे पर्यावरण एवं प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के प्रयासों का उल्लेख अपने घोषणापत्रों में जरूर करें। इसी प्रकार 86 नागरिकों तथा जनआंदोलन से जुड़े संगठनों ने एक राष्ट्रीय मंच के तहत आम चुनाव 2024 के संदर्भ में एक जन घोषणापत्र जारी किया। इसमें देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों के साथ परिस्थितिकी सुरक्षा (इकोलाजिकल कंजर्वेशन) सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। इसके तहत विलुप्त होती प्रजातियों को बचाना, वायु, जल एवं भूमि प्रदूषण तथा भोज्य पदार्थों में कीटनाशी की विषाक्तता रोकने तथा प्लास्टिक पर रोक लगाने की बातें प्रमुख हैं। ऊर्जा की बचत एवं पर्यावरण सुरक्षा के नियम-कानूनों को सख्त करने के साथ-साथ चुनाव तथा मानव अधिकार आयोग के समान एक स्वतंत्र, संवैधानिक इकाई, राष्ट्रीय पर्यावरण आयुक्त बनाने का सुझाव भी दिया गया। देश के पर्यावरण से जुड़े 70 समूहों ने हिमालय क्षेत्र को सुरक्षित रखने हेतु वहां बांध, रेलवे, जलविद्युत, चार लेन राजमार्ग एवं वन कटाई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि योजनाओं के लिए जनमत संग्रह एवं सार्वजनिक



विचार-विमर्श अनिवार्य बनाया जाए। इसी वर्ष के प्रारम्भिक महीनों में लद्दाख के करीब 30 हजार लोगों ने कडक़ती ठंड में अपने वन, पानी, भूमि एवं रोजगार आदि के लिए प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में प्रदर्शन एवं आंदोलन किया। पर्यावरण संरक्षण को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग भी की गई। इसे देखकर पश्चिम बंगाल के कुछ नेताओं ने दार्जिलिंग के लिए इसी प्रकार की मांग रखी। पर्यावरण सुरक्षा हेतु विभिन्न संगठनों की मांग के साथ-साथ पर्यावरण चेतना के कई प्रसंग भी सामने आए। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आत्माराम सनातन धर्म कालेज में आयोजित युवा संसद में छात्र-छात्राओं ने दिल्ली के दमघोंटू प्रदूषण को चुनावी मुद्दा बनाने की बात बेबाकी से रखी। मुम्बई में कई क्षेत्रों में मतदाताओं ने दलों के प्रत्याशियों के सामने प्रदूषण कम करने एवं हरियाली बचाने के प्रयास करने हेतु कहा। कुछ प्रत्याशियों ने अपने वादों में साफ हवा रखने का जिक्र भी किया। राजेंद्र नगर (हैदराबाद के पास) स्थित तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने सरकार के उस आदेश का विरोध किया जिसमें हाईकोर्ट भवन बनाने हेतु लाखों पेड़ काटे जाना प्रस्तावित था। इसे लेकर जनवरी माह में कई दिनों तक प्रदर्शन किए गए एवं पेड़ों से लिपटकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया। चिमटघाटी गांव (झारखंड) के लोगों ने सरकारी स्वीकृति के बाद भी सडक़ इसलिए नहीं बनने दी कि इससे पेड़ काटे जाने थे। उन्होंने कहा कि ये पेड़ हमारे पूर्वजों की विरासत हैं, जिसे ऐसे ही आगे की पीढ़ी को सौंपना है। उज्जैन (मध्य प्रदेश) के कोठी रोड पर पुराने पेड़ों को काटने का विरोध लोगों ने किया एवं 2 मई को तख्तियां लेकर प्रदर्शन भी किया। कलेक्टर एवं पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर से चर्चा कर पेड़ों को बचाने हेतु गुहार लगाई। हरिओम वृक्ष मित्र सेवा समिति तथा एक फेसबुक समूह 'रूपांतरण' ने भी काफी सक्रियता दर्शाई। खेरवाडी गांव (शिवाजी नगर क्षेत्र, पुणे) के 10 हजार लोगों ने पानी की समस्या से त्रस्त होकर चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया एवं जगह-जगह 'पानी नहीं तो वोट नहीं' के पोस्टर लगाए। ये सारे प्रसंग पर्यावरणीय चेतना को दर्शाते हैं। ऐसी ही चेतना यदि विकसित होती रही तो आगामी चुनाव में पर्यावरण का मुद्दा बनना लगभग निश्चित लगता है। इन प्रयासों के बावजूद हमें यह ध्यान रखना है कि अभी भी पर्यावरण के लिए काफी कुछ किया जाना शेष है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण विश्व भर के हालात काफी नाजुक हो गए हैं। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। ग्लेशियर विहीन देशों की संख्या तेजी से बढने लगी है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता की अभी भी बड़ी जरूरत है। केवल सरकारी प्रयासों से पर्यावरण की सुरक्षा नहीं हो पाएगी। इसके लिए नागरिक समाज को आगे आना होगा। युवाओं को इस क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभानी है। युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे अपनी-अपनी शादी पर कम से कम एक सौ पौधे रोपेंगे तथा उनका पालन-पोषण भी सुनिश्चित करेंगे।

आप का नजरीया

# छोटा हिमाचल, सबक बड़े

हिमाचल की जनता देश से अलग अपनी लोकतांत्रिक भूमिका में स्पष्ट है। एक साथ लोकसभा चुनाव के गले में सांप की तरह पड़े उपचुनावों को यहां के मतदाता ने अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में देखा, समझा और फैसला दिया। ऐसे हम न तो पूरा जश्न मनाने की छूट भाजपा को देते हैं और न ही कांग्रेस को यह हक देते हैं कि वह इतरा सके। पूरा प्रदेश दिल्ली सरकार के लौटने के लिए कदमताल करता रहा और इस तरह 2019 की आबोहवा में फिर से संसद को आशा भरी निगाहों से हिमाचल देख रहा है। इतना ही नहीं, शिमला में सुक्खू सरकार को बचाए रखने के पक्ष में संवैधानिक मर्यादा का अलख भी जगा है। भले ही छह उपचुनावों में कांग्रेस अपनी दो सीटें गंवा रही है, लेकिन सियासी डाके में इज्जत बचाकर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुछ कांटे हटाए, तो कहीं अपनी भूमि अर्जित की। जिन चार सीटों पर कांग्रेस जीत रही है, वहां मुख्यमंत्री का चेहरा भी जीत रहा है, बल्कि शिद्दत से अगर उपचुनाव हुए तो सुखविंदर सुक्खू ने अपने ताज और जीत के राज को परवान चढ़ाया। यह दीगर है कि प्रदेश की सबसे अहम लड़ाई को वह धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में सुधीर शर्मा के सामने हार गए। इस तरह उपचुनावों में जीत हासिल करके दो बागी सुधीर शर्मा और इंद्रदत लखनपाल निश्चित रूप से बड़े नेता घोषित हो रहे हैं। कहीं तो कांग्रेस ने बहुत कुछ खोया है और इसलिए जब पुनः विधानसभा सत्र के आर-पार चुनाव खड़े होंगे, तो भाजपा की ओर से जली कटी सुनाने के लिए भाजपा के दो विधायक बढ़ेंगे। खास तौर पर चुनावी आरोप-प्रत्यारोप की दुखती रगें जब चीखेंगी तो प्रदेश के सामने राजनीति का एक अलग ब्यौरा आएगा। बहरहाल, पूरे चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा का संगठन, उसकी चुनाव जीतने के प्रति निष्ठा और नेतृत्व की बेजोड़ मिसाल सामने आती है। यह पार्टी लोकसभा में सौ फीसदी सफलता हासिल करती है, जबकि राज्यसभा की एक सीट के अतिरिक्त विधानसभा में दो विधायक भी कांग्रेस से छीन लेती है। अभी परिदृश्य में तीन और घायल उपचुनाव घूम रहे हैं। तीन निर्दलीयों के माध्यम से भाजपा को अगले चुनाव की तैयारी करनी है, तो लोकसभा में नई सरकार के पदचाप में हिमाचल को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व की आशा पूरी करनी है। जिस तरह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता आनंद शर्मा को पटकनी देते हुए कांगड़ा ने डा. राजीव भारद्वाज को गले लगाया और सुधीर शर्मा को जीत का हार पहनाया, उसके पीछे एक गहन आक्रोश सरकार के प्रति देखना होगा। कांगड़ा ने सुक्खू सरकार और कांग्रेस आलाकमान को संदेश दिया है, तो हमीरपुर ने राजेंद्र राणा को पटकनी देकर यह बता दिया कि सुजानपुर अब जिला से मुख्यमंत्री का पद खोना नहीं चाहता। एक वोट पीएम, एक वोट सीएम का नारा यूं तो भाजपा की ओर से ही गूंजा था, लेकिन राजेंद्र राणा को पुराना हिसाब चुकता करना पड़ा। गगरेट में सार्वजनिक छवि खोने का हर्जाना चैतन्य शर्मा को चुकाना पड़ा, तो कुटलैहड़ में वीरेंद्र कंवर से पीछा छुड़ा कर भाजपा ने अवसर गंवा दिया। बहरहाल, कांग्रेस से भाजपा में आकर हारे चार पूर्व विधायकों के पास न अब जमीन बची और न ही जमीर तो इसलिए कि हिमाचल ने दलबदल की परिभाषा को काफी हद तक अस्वीकार कर दिया।

# चतरा जिला की जनता पानी और बिजली की आंखमिचौली से त्रस्त : अभिषेक केसरी

## भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में लचर बिजली व्यवस्था और पानी की समस्या को लेकर केसरी चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला दहन किया।पानी की समस्या और बिजली व्यवस्था को लेकर उग्र प्रदर्शन किया गया। भाजपा के पूर्व जिला अशोक शर्मा ने कहा जब डबल इंजन की सरकार थी तो हर घर, हर गांव तक भाजपा की सरकार बिजली पहुंचाने का काम की और इटखोरी में चोरकारी पावर ग्रिड लगाकर चतरा जिला को बिजली के समस्या से निजाद दिलाया। और आज जेएमएम के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार मे बिजली जनता से आंख मिचोली खेलने का काम कर रही है। लगातार दिन दिन भर बिजली कटी रहती है और रात मे बिजली रह भी गयी तो वोल्टेज नहीं रहता है। कभी ट्रांसफार्मर उड़ जाना, कभी फेज उड़ जाना लगातार यह समस्या बनी हुई है। साथ ही भाजपा सरकार में बनी सदर प्रखंड के डाढा पंचायत मे बनी मिनी पावर सबस्टेशन को आज तक चालू नहीं करवा पाई। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने कहा चतरा नगर में सालों साल से पानी की समस्या बनी हुई। चतरा नगर में कई ऐसे क्षेत्र है जिसमें पानी के लिए लोग त्राहिमाम है। पानी की समस्या को देखते हुए कितनी बार चतरा की जनता ने पीएचडी एग्जीक्यूटिव और उपायुक्त से मिले मगर आज तक पानी की समस्या दूर नहीं हुई।हेरुवा डैम के गहरीकरण में लाखों लाख खर्च होने के बाद भी पानी की समस्या आज तक दूर नहीं हुई। लोग 500 प्रति टैंकर पानी खरीद कर अपना काम चला रहे हैं और दूर-दूर जाकर साइकिल और बाइक के माध्यम से पानी ढोकर ला रहे हैं तब जाकर चतरा की जनता अपनी प्यास को बुझा रहे हैं। आज की कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, मिथिलेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सूजीत जायसवाल, भाजपा नेता राकेश झा, अशोक खंडेलवाल गुड्डू रजक, भोला साव, बसंत यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री दीपक शर्मा, विकास मालाकार, ग्रामीण अध्यक्ष गुड्डू सिंह, युवा मोर्चा कार्यालय मंत्री शत्रुधन ठाकुर, जितेंद्र पांडे, चंदन केसरी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दुलारचंद साहू, संजय प्रजापति, प्रदीप महतो, नगर महामंत्री जुगल ठाकुर, हरिओम केसरी, काली यादव, गणेश गुप्ता, युवा मोर्चा नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, राजा मालाकार, अभय वर्मा, कुंदन कुमार, आलोक तिवारी, चन्दन सिंह, सुनील स्नेही, अमित कुमार सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीप बोर का स्थानीय लोगों ने किया विरोध मामले पर विधायक प्रतिनिधि ने लिया संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार के समीप शुक्रवार को रेलवे द्वारा डीप बोर कराया जा रहा था जिसकी सूचना मिलने पर बाजार क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने कार्य स्थल पर पहुंच डीप बोरिंग का विरोध किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र हमेशा से ही जल संकट से जूझ रहा है और उपर से गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण कर लिया है ऐसी स्थिति में डीप बोर होना खतरे से खाली नहीं है।इसे देखते हुए लोगों ने डीप बोरिंग से संबंधित सूचना दूरभाष पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को दी साथ ही विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह को उक्त मामले से अवगत कराया गया। जहां मामले को संज्ञान में लेते विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीण जनता बरवाडीह बाजार के द्वारा समर्पित आवेदन पर जनहित दृष्टिकोण से अविलंब कार्य रोकने एवं ठेकेदार तथा आरपीएफ के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध अंचलाधिकारी से किया। वहीं मामले पर प्रभारी अंचलाधिकारी सुरेश राम ने समर्पित आवेदन का जांच किया एवं सही पाया। इस संबंध में उन्होंने बरवाडीह थाना को आवेदन समर्पित करते जनहित दृष्टिकोण से तत्काल डीप बोरिंग रोकने एवं ठेकेदार तथा आरपीएफ के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। वहीं इस मामले पर रेल विभाग ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत डीप बोरिंग करवाया जा रहा है।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा की चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा, डॉ प्रकाश बड़ाइक, डॉ प्रियंका पटेल,दीपक लंका,प्रकाश कुमार, अनुनय कुमार, उत्तम कुमार, विक्रम कुमार शर्मा, किशोर गिनोदिया मोहनीश कुमार विकी, चंद्र भूषण केसरी, कुमार नवनीत के द्वारा फिता काटकर किया गया। उक्त मौके पर डॉक्टर नीलिमा ने कहा कि रक्तदान से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत जीवनदाई कार्य में हिस्सा लेना चाहिए, रक्तदान से कमजोरी आने वाली मिथक को तोड़कर बेफिक्र होकर रक्तदान करें क्योंकि रक्तदान से रक्तदाता को स्वास्थ्य लाभ मिलता है।अपने जीवन काल में 41 वां बार रक्तदान करते हुए मोहनीश कुमार विक्की ने कहा कि 18 साल की उम्र से हर साल तीन से चार बार रक्तदान करने का सौभाग्य मिल रहा है उम्मीद है इतना स्वस्थ हमेशा रहुं कि इसी तरह रक्तदान कर सकूँ। रक्तवीर शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने कहा कि रक्तदान कीजिए, मानवता हित के काम मे। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में पूजा कुमारी, सुमंत रावत, सुनील कुमार, विकास दुबे, मोहनीश कुमार विकी, दिनेश प्रसाद, प्रत्यूष रावत, संजय कुमार,प्रियंका कुमारी, रजनीश देव, राहुल मिश्रा, मो.नाजिस, रूपेश कुमार, किशोर गिनोदिया, प्रशांत कुमार, प्रेरणा कुमारी, दीपक साहू, दीपांजन शाह, संदीप साह, रविशंकर मिश्रा, रश्मिता रावत, आकाश कुमार, आकाश जैन, उत्तम कुमार, नगीना देवी, वेदांत अग्रवाल, सुलेखा कुमारी, अविनाश कुमार, आदिल अहमद, रंजेश साह सहित लैब टेक्नीशियन शोएब अख्तर, मोनिका डाटा एंट्री ऑपरेटर जुनैद अनवर, वाहन चालक सुरेंद्र बड़ाइक एवं एंबीशन कंप्यूटर के संचालक मोहनीश कुमार विकी, निष्ठा फाउंडेशन के चंद्रभूषण केसरी, मारवाड़ी युवा मंच के किशोर गिनोड़िया, विक्रम शर्मा, रोशन अग्रवाल, सुमित पटवारी, एवं कुमार नवनीत का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में सिमरिया चौक दुकान बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया मुख्यालय के सिमरिया चौक में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के विरोध में दुकानदारों ने गुरुवार की शाम मशाल जुलूस निकाला और प्रशासन के विरोध में जबरजस्त नारेबाजी की। दुकानदारों ने मशाल के साथ सिमरिया चौक के सभी मार्गो का भ्रमण किया। मशाल जुलूस के बाद दुकानदारों ने शुक्रवार को दिनभर दुकानें बंद रखी। दुकानें बंद रहने के कारण चौक पर सन्नाटा पसरा रहा और व्यापार बिल्कुल ठप रहा। दुकानदारों का कहना था कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने से दुकानदारों को भारी नुकसान पहुंचेगा और व्यापार प्रभावित होगा। इधर प्रशासन ने दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को अनुचित बताया तथा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई को विधि संवत बताया। प्रशासन का कहना था कि चौक के दुकानदारों ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर रखा है जिससे वाहनों की आवागमन और आम लोगों के आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। जिस कारण चौक से अतिक्रमण हटाना अति आवश्यक हो गया है। गौरतलब है कि अंचल प्रशासन और जिला परिषद ने 16 जून तक स्वतः अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश सभी दुकानदारों को दिया है अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इसके लिए प्रशासन ने बकायदा नोटिस जारी कर दुकानदारों के सभी दुकानों में नोटिस चिपका दिया गया है।

## बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर में की गई बैठक

# पर्व को लेकर 17 जुन सुबह 6 बजे से रहेगी नोइंट्री : थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** बकरीद पर्व को लेकर सिमरिया थाना परिसर में एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ विनय कुमार ने की वहीं संचालन थाना प्रभारी मानव मयंक ने की। बैठक के उपरांत सभी अपना अपना परिचय दिया।बैठक में कई लोग अपना अपना मंतव्य दिया साथ हीं सुरक्षा को लेकर अपनी अपनी राय भी दिया। बैठक में सुरक्षित तरीके से नमाज अदा करने को लेकर 17 जुन को सुबह 6 बजे से हीं नोइंट्री लगाई गई है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पर्व शांति पूर्ण ट्रैक से मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन भी सभी जगहों पर तैनात रहेगी। पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सिमरिया क्षेत्र पूर्वजों से अभी त्योहार मिलजुल कर भाईचारे के साथ मनाते हैं और मनाते रहेंगे। कई बार बाहरी लोग सिमरिया को भड़काने का कोशिश किया था किंतु वे लोग असफल रहे। मौके पर जिला परिषद सदस्य देवनन्दन साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह, उप प्रमुख दामोदर गोप, पुलिस निरीक्षक उमेश राम, एसआई सुनील कुमार, मुखिया नरेश साहू, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, चंदा देवी, लखन साहू, परमेश्वर यादव, मो ऐनुल हक, दिलेश्वर महतो, गुड्डू आलम, मो यूनुस, मो तैयब, मो अख्तर हुसैन, बालेश्वर साहू, बसंत साहू, मो कलीम, इंद्रदेव पासवान के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## सेक्टर 05 का सेक्टर बैठक का किया गया आयोजन



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में सेक्टर 05 का सेक्टर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे सेक्टर 05 के अंतर्गत सलैया, डाढा, फुलसु, बालुभांग के आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना कार्यालय बालुमाथ के महिला प्रवेक्षिका विमला कुमारी ने किया। उन्होने बैठक मे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषन ट्रैकर एवं सावित्री बाई फुलें योजना की प्रगति पर चर्चा की, ओर आवश्यक दिशानिर्देश दी। विमला कुमारी ने कहा कि 15 जुन से 21 जुन तक आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों लम्बाई व वजन पुर्ण करना है। एव सावित्री बाई फुलें योजना का फॉर्म सीटिजन लांगीन से आम जनता को आनलाइन करना है। इसके बारे में व्यापक प्रसार प प्रचार सेविकाओं को करना है। मौके पर सेक्टर 05 के सभी सेविकाएं मौजूद रहे।

## ईद-उल-जोहा पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है। ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना को तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, डीएसपी मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी जुड़े थे।

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है हरिजन टोला के ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला के ग्रामीणों ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि छुआछूत के कारण गांव का दबंग प्रवित्ती का मनोज यादव उन्हें पीने का पानी नहीं लेने दे रहे हैं। जिस कारण वे सभी प्यास से तड़प रहे है ।शुक्रवार को करीब एक दर्जन की संख्या में बालूमाथ थाना पहुंचकर हरिजन टोला के महिला-पुरुष ने बालूमाथ थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई ।ग्रामीणों ने बताया कि पिंडारकोम ग्राम स्थित हरिजन टोला में पेयजल विभाग की ओर से पानी टंकी लगा हुआ था। जिससे पूरा हरिजन टोला को पीने का पानी मिलता था। जिसमें गांव के रहने वाले मनोज यादव पिता गणपति यादव ने बोरिंग से ही अपना घर में कनेक्शन कर लिया। इसको लेकर गांव में जब बैठक हुई तो मनोज यादव से हम लोगों ने कहा कि आप मोटर से कनेक्शन हटा लीजिए ताकि हम लोगों को भी पानी मिलेगा। जिस पर मनोज यादव ने कहा कि हम कनेक्शन हटा लेंगे ।जब हम लोग सभी मिलजुल कर अपना आर्थिक सहयोग कर ग्रामीणों के लिए कनेक्शन किया। और मनोज यादव का पर्सनल कनेक्शन हटा दिया ।तो मनोज यादव ने मोटर का तार काट दिया और दबंगई करते हुए कहा कि तुम लोगों को पीने का पानी नहीं लेने देंगे। मनोज यादव ने छुआछूत भेदभाव करते हुए हरिजन टोला के पानी पीने पर रोक लगा दिया है। जिसका कारण हम सभी लोग परेशान हैं। वही इस सम्बंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच कर दोषी पर कारवाई की जाएगी। वही इस आवेदन में रेखा देवी, दिया देवी, संगीता देवी, अनिता देवी, विमली देवी, शकुनि देवी, गीता देवी, रेखा देवी, नीरा देवी, मंजू देवी, छठिया देवी, सरस्वती देवी, बिपिन राम, किशोर राम, विकास कुमार, भोला राम, बीरेंद्र कुमार, पपु राम, पिंटू राम, मोहित राम, भुनेश्वर राम, चंदन राम, फुलासो देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद त्योहार को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने की। बैठक में त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद को सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वही बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हुए सभी की भावनाओं का सम्मान करें। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि बकरीद में सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर रहेगी। किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसे पोस्ट हरगिज न करें। बैठक में ईद उल अजहा की नमाज और कुर्बानी की रस्म अदायगी के बारे में प्रशासन ने लोगों से जानकारी ली। मौके सर्किल इंस्पेक्टर संजय कु गुप्ता,आरपीएफ इंस्पेक्टर आरके रंजन, सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी,अंचल निरीक्षक सुरेश राम, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह मोरवाई मुखिया आशीष चेरो, जयप्रकाश अनिल कुमार, तस्लिम खान अवधेश मेहरा सहित अन्य प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 5 जून को जोसेफ कुमार का हुआ है अपहरण अब तक नहीं मिला कोई सुराग

# पीड़ित ने एसपी को आवेदन देकर सूर्या होटल कमडरा के मालिक पर अपहरण का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के अम्बाटीकर के पहाड़पुरी निवासी विनोद भूईयां ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए कहा की मेरा पुत्र जोसेफ कुमार, (9) वर्ष,जो अपने नानी घर ग्राम-बसिया (टानाटोली), थाना + जिला-गुमला में रह कर पढ़ाई कर रहा था।5 जुन दिन-बुधवार की सुबह -08ः00 बजे अपने नानी के घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक एक मोटरसाईकल में सवार होकर दो आदमी आये और मेरे पुत्र को उठाकर अपने साथ लेते चले गए।उस वक्त गाड़ी का नंबर नहीं देख पाए।तब से मैं अपने पुत्र का काफी खोज-बीन करने लगा लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। तब मैं अपने गाँव के कॉग्रेस सदस्य (साजन कुमार) जिसका मो0 नं0-8102039716 को उक्त घटना की सूचना दिया तो वे अपने व्हाटस्प ग्रुप के माध्यम से मेरे पुत्र का फोटो डाला और गुमशुदा होने की बात लिखी। तब साजन कुमार के मोबाईल पर मोबाईल नं0-9060586065 से मेरा पुत्र का फोटो आया और उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया कि यह लड़का सूर्या लाईन होटल, कमडरा, थाना-कमडरा जिसका प्रोपराईटर संदीप साहू के होटल में यह लड़का को देखें है। जानकारी मिलते ही हमलोग 6 जुन को सूर्या लाईन होटल, कमडरा, थाना-कमडरा गये। होटल मालिक से पुछताछ किये तो होटल के मालिक संदीप साहू के द्वारा बताया गया कि उक्त बच्चा को जो आदमी लेकर आया है मैं उसे ही यह बच्चा दूँगा। आपलोग शाम 04ः00 बजे आईये। उस आदमी के सामने अपना बच्चा को ले जाइएगा। तब हमलोग वहां से वापस आ गये। शाम में 04:00 बजे उक्त होटल में गये तो पता चला कि बच्चा यहां नहीं है जिस व्यक्ति द्वारा बच्चा को लाया गया था वो लेकर चला गया। तब मैं होटल मालिक से पूछा कि मेरा बच्चा को लेकर किधर गया तो उसके द्वारा बताया गया कि मुझे पता नहीं है। मुझे संदेह है कि मेरे पुत्र को होटल मालिक एवं होटल मालिक के लड़का द्वारा ही षड्यंत्र के तहत अपहरण कर कहीं छिपा दिया गया है।आगे उन्होंने कहा इस सम्बंध में मैं अपनी पत्नी रेशमा लकड़ा, के साथ गुमशुदगी का आवेदन थाना प्रभारी बसिया को एक लिखित आवेदन दिनांक 05.06.2024 ई0 को दिया गया था। लेकिन अभी तक उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया गया और ना ही मेरा बच्चा अभी तक मुझे प्राप्त हुआ है। आगे उन्होंने जिले के एसपी अंजनी अंजन से उक्त होटल मालिक एवं उसके लड़का के उपर कानूनी कारवाई करते हुए अपहृत पुत्र को वापसी कराने की गुहार लगाई है।

# बकरीद पर्व को लेकर बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में शुक्रवार को कुर्बानी एवं बलिदान का त्यौहार बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने किया ।मौके पर बालूमाथ एसडीपीओ ने बकरीद पर्व के अवसर पर पढ़े जाने वाले विशेष नमाज की जानकारी लिया। जिसमें लोगो ने बताया कि बालूमाथ,मुरपा, बालू ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी ।जिसको लेकर एतिहात के तौर पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर पाबंधी लगाने की बात कही। इसके अलावा शेरेगड़ा, मारंगलोइया, जिलंगा, चापाटोली समेत कई स्थानों पर मस्जिद में नमाज अदा किया जाएगा। मौके पर बालूमाथ एसडीपीओ ने दोनों समुदाय के लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का अपील किया। आगे कहा की सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। एवं समाज मे द्वेष फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर है। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही देना है। दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। वही सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव ने कहा की बालूमाथ में हर त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनता आया है। आप लोगों से यह त्यौहार भी शांतिपूर्ण मनाने में सहयोग की अपेक्षा है। इसके अलावा शांति समिति को संबोधित करते हुए समाजसेवी शैलेश सिंह, श्यामसुंदर यादव, मो.इमरान, राजेश यादव, मो.अख्तर समेत कई लोगो ने त्योहार शांतिपूर्ण मनाने में प्रशासन के सहयोग करने की बात कही। मौके पर बालूमाथ सीआई अनिल कुमार, एएसआई अमित कुमार, केके शर्मा, शमीम खान, मो.मुज्जमिल, विकास कुमार, ईश्वरलाल, गनेशपुर पंचायत मुखिया परमेश्वर उराँव, राजेश यादव, मो काशिम, मो जियाउल, मो मुमताज, पंचायत समिति सदस्य सहेंद्र राम, अरुण पासवान, मो.खुर्शीद, जितेंद्र कुमार, संतोष राम, हरिहर यादव, मो0 नौशाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सेवा सहयोग समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के अद्रा पंचायत भवन में सेवा सहयोग समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है,आयोजन बीते 12 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन स्वस्थ और निरोग रह सके। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में अडरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, वार्ड सदस्य अनिता देवी, सोहन गंडर, सरस्वती देवी, करीना देवी, अनिल कुमार शामिल थे। शिविर के माध्यम से पंचायत की 300 से भी अधिक ग्रामीणों ने इसका लाभ लिया शिविर में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल



फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर के दौरान जांच करने वाली मरीज को निशुल्क दवाई वितरण किया गया वहीं साथ में ब्लड बीपी शुगर, पल्स एवं वजन निशुल्क जांच किया गया शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब 3:00 बजे तक निरंतर रूप से चला रहा। स्वास्थ्य शिविर हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से लगाया गया था। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई दान नहीं होता इसी दृष्टिकोण से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर मे बुजुर्गों को काफी राहत मिल रही है, स्वास्थ्य शिविर में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। स्वास्थ्य शिविर में हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जा रहा है, सेवा सहयोग समिति निरंतर लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। कटकमदाग प्रखंड में अगले 30 तारीख तक विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में लगाया गया रक्तदान शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में दिन शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्रों ने बढचढ कर अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर विशेष रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ अली एवं डॉ राम लखन सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि रक्त के अभाव के कारण कई पीड़ितों का अपना जान गवानी पडती है। विश्व रक्तदाता दिवस पर थैलेसीमिया पीड़ित एवं जरूरतमंदों के सहयोगार्थ में रक्तदान शिविर लगाया गया है। ताकि ससमय उन्हें रक्त उपलब्ध हो सके व उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने



कहा कि रक्तदान पर फैली दुष्प्रभाव अब धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है। यह एक ऐसा प्रकरण है, जो हमारे शरीर एवं जरूरतमंदों के लिए काफी लाभकारी होता है। रक्तदान के बाद शरीर में तेजी रक्त से बनना प्रारंभ होता एवं स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। मौके पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने कहा कि अगर हम किसी को आर्थिक सहयोग नहीं कर सकते हैं। लेकिन रक्तदान से हम किसी को जान बचा सकते हैं। रक्तदान हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी है।। इसके करने से शरीर में कुछ हानि नहीं पहुंचता है। बल्कि उत्तम स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होती है।

# दामोदर घाटी निगम कोनार डैम में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कार्यक्रमों के बीच हजारीबाग के दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के सभागार में आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बड़ा-बढ़ कर हिस्सा लिया, रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों ने कहा की रक्तदान शिविर मानवता का सबसे बड़ा परिचय देता है हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए इसी के दृष्टिकोण से सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 लोगो ने रक्तदान किया।अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि



रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान माना जाता है, हर कोई को रक्तदान अवश्य करना चाहिए मानवता के प्रति हर कोई को साक्षी बनना चाहिए। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के लिए सक्षम रहते हैं उनकी उम्र 18 वर्ष आयु से अधिक एवं 60 वर्ष आयु से कम होनी चाहिए। ब्लड बैंक टीम में डॉ.एस.के.सिंह,मोहम्मद नदीम (ब्लड बैंक प्रभारी),ओम प्रकाश सिंह तकनीशियन,मुन्ना वर्मा तकनीशियन, पंकज कुमार तकनीशियन,किरण कुमारी काउंसलर, राजकुमार ऑफिस बॉय सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी कार्यालय के चक्कर काटकर थक गए ग्रामीण नही मिला रोजगार, और नहीं मिलते साहब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला के बड़कागांव में एनटीपीसी कोल खनन परियोजना जहां कोयला निकालने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर यहां के ग्रामीण हर सुविधा से महरूम हैं। ऐसा ही मामला केरेडारी कोयला खनन कार्यालय सीकरी का आया है। जहां कंपनी द्वारा लालच देकर रैयतों से जमीन लेती है। और जमीन लेने के समय कंपनी रैयतों से कहती है कि पैसा, रोजगार सब मिलेगा पर जमीन ले लेने के बाद ग्रामीण कंगाल हो जा रहे हैं। कारण की कंपनी द्वारा अब तक 20 प्रतिशत लोगों को ही रोजगार दी गई है। वह भी ठेकेदार के अंदर। ग्रामीणों ने बताया की जमीन देने के बाद जब भी रोजगार या अन्य सुविधा के लिए सीकरी ऑफिस जाते हैं तो वहां के साहब



मिलने से बाज आ जाते हैं। कई ग्रामीणों के चप्पल भी घिस गए पर साहब मिलते ही नहीं। उन्हें गेट के अंदर जाने तक नही दिया जाता। और कभी जाने दिया जाता तो वहां के एचआर, एजीएम जीएम मिलते तक नहीं। ऐसे में ग्रामीण अब अपने आप को ठगा महसूस करने लगे हैं। मामला इतना ही नही है। ग्रामीण के जमीन के बदले जब किसी को रोजगार दिया जाता है तो उसे बेवजह परेशान कर रोजगार से हटा दिया जाता है। कई बार ग्रामीण इसकी शिकायत प्रशासन से करते हैं फिर भी कोई पहल नही हुआ। अब ग्रामीणों ने बताया कि अब कंपनी के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन करगें। और सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इस बाबत एनटीपीसी के अधिकारी से पूछे जाने पर कुछ भी बताने से परहेज किया। इस संबध में भारतीय समाजिक कार्यकर्ता डॉ देवेन्द्र सिंह देव ने कहा कि एनटीपीसी के इस मनमानी रवैये से ग्रामीण परेशान हैं। एनटीपीसी के खिलाफ प्रशासन के पास शिकायत करने पर उल्टा प्रशासन ग्रामीणों पर ही केस कर देते हैं। ऐसे में ग्रामीण अब कहां जाएं और अपनी दुखड़ा कसको सुनाएं। मैं इस मामले को पीएमओ अवगत कराऊंगा।

# फुटपाथ दुकानदार संघ ने सांसद मनीष जायसवाल का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने नवनिवाचित सांसद मनीष जायसवाल को सांसद बनने पर बुके देकर बधाई दी।संघ ने इस दौरान नगर निगम द्वारा पार्किग जोन बनाए जाने के बाबत अपनी दूविधाओं को भी उनके समक्ष रखा। दुकानदारों ने मांग की कि वेंडर मार्केट का काम जल्द से जल्द शुरू की जाए।सांसद ने संघ के सदस्यों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम आप सभी भाइयों की समस्याओं का जल्द हल ढूंढने का प्रयास करेंगे।इस दौरान गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,रविंद्र महतो,संतोष गुप्ता, मो सलीम एवं महिला अध्यक्ष कुंती देवी उपस्थित थीं।

## खंभवा में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने किया संयुक्त रूप से बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के खंभवा में पिछले एक सप्ताह से बिजली ट्रांसफार्मर जला हुआ था। इसकी सूचना स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को दी गई । उनके माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल को इसकी सूचना दी गई। उन्होंने दो दिन के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।जिसका उद्घाटन भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, पंसस राजेश यादव,मिथिलेश पाठक, राजू यादव ने फीता काटकर,नारियल फोड़कर बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। अतिथियों ने इस अवसर पर कहा कि सांसद तक समस्याओं की जानकारी पहुंचेगी तो उसका समाधान जरूर होगी।

## उपायुक्त नैंसी सहाय ने गहरे जलाशयों में डूबने की घटनाओं पर जताई चिंता

**हजारीबाग ।** गहरे जलाशयों,झील,झरनों,तालाबों में प्रतिदिन युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि झरनों आदि पर नहाने के क्रम में हो रही घटना चिंताजनक है। कई युवा अपनी जान की परवाह किए बगैर हादसे के शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि बंद पड़े खदानों के जलजमाव, बड़े जलाशयों आदि असुरक्षित जगहों पर जाने और गहरे पानी में नहाने से परहेज करें। स्थानीय लोग अक्सर गर्मी से निजात पाने के लिए ऐसे खतरनाक जलाशयों में गैरजिम्मेवारी पूर्वक गहरे पानी में चले जाते है और हादसे के शिकार को जाते है। उन्होंने पुनः अभिवावकों, ग्रामीणों से अपने घरों के किशोर/किशोरियों/युवाओं को ऐसे जगहों पर जाने से रोकने के लिए कहा है।

## टटगांव में अचानक सड़क फट बना ठोकर



**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के दारू प्रखंड और टाटीझरिया सीमावर्ती नारायण टट्टगांव मेन रोड शिव मंदिर के रास्ते अचानक सड़क फटकर बीचों बीच ठोकर बन गया। जो आस पास के गांवो में झरपो,नारायणपुर, बेड़मका भराजो,जरगा, आमनारी ,खैरा समेत अन्य कई गांवों के चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना स्थल पर ग्रामीणों में टट्टगांव निवासी दिनेश प्रसाद ,चमन महतो ,विजय प्रसाद संग कई महिलाओ से पूछ ताछ किए जाने पर किसी ने चमत्कार बताया तो कोई रास्ते के बीच डाले गए प्लास्टिक पाइप को भीषण गर्मी में फूल जाने के कारण अचानक सड़क में बीचों बीच फट जाने की कारण तो कुछ लोगो ने आचनक सड़क फटकर ठोकर हुए स्थान पर खुदाई होने के बाद ही सच्चाई सामने आने की बात बताया कहा की जब तक खुदाई नही किया जाता तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता है। बता दे की स्थानीय निवासीयों ने उक्त स्थल पर डंडे के सहारे लाल चुनरी को बांध दिया है ताकि सड़क में अचानक कोई अप्रिय घटना का सामना पैदल,साइकिल ,मोटर साईकिल चार पहिया वाहनों से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना नही पड़ सके।

# बीडीओ ने विकास योजनाओं को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टिना ऋचा इंद्रवार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की। संचालन प्रखंड समन्वयक विजय कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव एवं पंचायत भवन में आवंटित वीएलई (प्रज्ञा केंद्र संचालक) शामिल हुए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि अबुवा आवास निर्धारित निर्माण से बड़ा बनाया जा रहा है,जो जांच के बाद रिजेक्ट के साथ रिकवरी भी किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि करियातपुर और करसो पंचायत में अबुआ आवास बड़ा बनाया जा रहा है, जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं जानकारी दिया गया कि अबुआ आवास की जांच टीम जिला से आ रही है।वहीं प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को निर्देश दिया गया कि जाति आय आवासीय एवं जन्म मृत्य प्रमाण पत्र के



अलावा अन्य सर्विस को ऑनलाइन पंचायत भवन में बैठे संचालक को ही करना है। वहीं यह बताया गया कि सचिवालय प्रज्ञा केंद्रों में पिछले साल और कुछ इस साल बच्चों को पठन पाठन के लिए आठ ज्ञानकेंद्र में लाइब्रेरी की शुरुआत किया गया है, जो रानीचुवा, कोल्हुवाकला, धनवार, खोडाआहर, बरही पूर्वी, बिजैया, केदारूत, करियातपुर पंचायत को शामिल किया गया है,जिसे समयानुसार संचालित करना है। बैठक में आवास कोऑर्डिनेटर कमलेश कुमार,मुखिया में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सिकंदर राणा, गोविंद साव, मनोज कुमार, यास्मीन तबस्सुम, मंगलदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि में हरेंद्र गोप, टिंकू आलम, मुकेश राम पंचायत सचिव प्रभुदयाल, नेमधारी महतो, प्रियंका प्रकाश, संजू कुमारी, ललिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,सरोज कुमार,जितेंद्र कुमार साव एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक में पप्पू एक्का, जयदीप कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, मनीष कुमार यादव, उमेश यादव, मोती कुमार सिंह, कुंदन कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, नितेश कुमार, प्रभात सिंह, रामदेव यादव, नन्नू यादव, गणेश कुमार यादव, दिलीप रजक एवं ब्लॉक कर्मी में बीसी आदि उपस्थित थे।

# बजाज एग्री सीड्स कंपनी ने एमडीओ को कार्य करवा कर नही दिया वेतन

## कर्मी के वेतन मांग करने पर कर रहे है कंपनी अधिकारी आनाकानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** हजारीबाग और कोडरमा जिला क्षेत्र में हैदराबाद से बजाज एग्री सीड्स कंपनी व्यवसाय कर रही है। जो किसानो और बीज दुकानदारों को मक्का,भेजीटेबल (सब्जी ) धान के बीज बजाज BAS 37 गोल्ड,बजाज BAS 4068 ,बजाज BAS विजेता, मुहैया कराती है। जिसका हजारीबाग ट्रेटरी मैनेजर सिकंदर सिंह है जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ाने के लिए मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर (MDO) के पद पर संदीप पांडेय झरपो टाटीझरिया से 22/4/2024 को कंपनी में ज्वाइनिंग करवा कर कार्य स्थल बीज के थोक विक्रेता (डिस्टीब्यूटर) लव केश प्रसाद विज्जैया , डिस्टीब्यूटर इचाक मोर बिनोद प्रसाद मेहता,और बीज के थोक विक्रेता (डिस्टीब्यूटर) बनासो के वाहिद अंसारी तीनों के व्यापार क्षेत्र में एक महीना दस दिन काम करवाने के बाद कर्मी द्वारा मासिक शुल्क वेतन मांगने पर नहीं



दिया गया । वही भूक्त भोगी संदीप ने जब टीम मैनेजर जितेंद्र सिंह से वेतन की मांग किया तो वे कहते है जेडएसएम रमन सर से बात करिए और जब जेडएसएम रमन से कर्मी ने बात करना चाहा तीन चार कॉल भी अलग अलग समय में लगाया तो उन्होंने फोन भी रिसीव नहीं किया तब कर्मी संदीप ने टीम मैनेजर और जेडएसएम दोनों के पास वाट्स एप मैसेज कर वेतन देने के लिए आग्रह किया । तो जेड एस ने कहा टीम मैनेजर से मांगिए और टीम मैनेजर कहता है जेडएसएम से ही वेतन मांगिए। ऐसे में क्षेत्र में कार्य किया हुआ कर्मी ने विवश होकर बीज दुकानदारो वा किसानो की सहायता से आवेदन लिख कंपनी में कार्य किया हुआ वेतन के लिए लेबर कोर्ट में साक्ष्य सहित न्याय गुहार लगाने की बात कही है। बतादे की सबंधित घटना की जानकारी डिस्टीब्यूटर विज्जैय्या निवासी लवकेश प्रसाद जी को क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मी संदीप द्वारा दिया जा चुका है उन्होंने आश्वासन दिया की मैं जल्द ही समस्या समाधान करवाने का प्रयास करूंगा।।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित

- **डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के अद्यतन प्रगति की हुई समीक्षा**
- **योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर न हो कोई कोताही : उपायुक्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रही। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यकारी एजेन्सियों को दी गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी स्वीकृत किए गए योजनाओं के अद्यतन स्थिति व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। हजारीबाग जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन पर विचार-विमर्श करते हुए मॉडल प्राक्कलन 9,78,100/- रूपये की स्वीकृती प्रदान की गई।

15वीं वित्त आयोग तथा पी0एम0 अभीम से नव निर्मित/निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से चाहरदिवारी (कैटल ट्रैप गेट सहित) के निर्माण कार्य पर चर्चा करने के उपरांत चरणबद्ध और ज्यादा संख्या में आने वाले मरीजों वाले केंद्रों में कार्य शुरू करने की



स्वीकृति प्रदान की गई।

डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारियों/ दन्त चिकित्सकों/ स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों का ड्यूटि अटेडेन्स डी0एम0एफ0टी0 पी0एम0यू0 के द्वारा निगरानी हेतु एक अटेंडेन्स ऐपलीकेशन के ऋय पर विचार-विमर्श किया गया। डी0 एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/ चिकित्सा पदाधिकारियों/ दन्त चिकित्सकों/ स्वास्थ्य प्रबंधकों तथा पारा मेडिकल कर्मियों जिनकी कार्य अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई है उन सभी का अवधि विस्तार तथा वेतन पुनरीक्षण एवं नवनियुक्त पारा कर्मियों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकट्ठा, बरही, ईचाक, तथा विष्णुगढ़ में डेन्टल क्लीनिक तथा डेन्डल उपस्करों के अधिष्ठापन पर उपकरणों का आकलन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अत्यधिक भीड़ वाले यूनिट पर डी0एम0एफ0टी0 मद से सिक्यूरीटी गार्ड उपलब्ध कराने को लेकर कहा।

उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से नव नियुक्त पारा चिकित्सक कर्मीयों के रिक्त रह गये पदों को प्रतीक्षा सूची से भरने पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की। प्रमंडलीय पुस्तकालय (रुक्मणी भवन) हजारीबाग में 15 लाख 52 हजार 800 रु की राशि से ए.सी लगाने पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं बिजली विभाग से कोऑर्डिनेटर कर बिजली की पर्याप्त क्षमता की व्यवस्था करने को कहा। उपायुक्त ने 2022-23 और 23-24 का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यों में एजेंसी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे तथा अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता को नियमित रूप से निर्माण कार्य स्थल का भ्रमण का मॉनेटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे मौजूद रहे।

## सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह से मुलाकात कर जलापूर्ति की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा



**भुरकुण्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रीवर साइड के इमलीगाछ और चीफ हाउस पंचायत में बाधित जलापूर्ति को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सीसीएल बरकासयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिप उपाध्यक्ष रामगढ़ मनोज राम, चीप हाउस मुखिया विकास पांडेय और इमलीगाछ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शामिल रहे। महाप्रबंधक ने प्रतिनिमंडल से समस्या के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस संबंध में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने बताया कि महाप्रबंधक ने अधिकारियों को जलापूर्ति की समस्या दूर करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने पतरातू फिल्टर प्लांट से रीवर साइड तक पाइपलाइन की जांच कराने और लिकेज की मरम्मती कराते हुए जलापूर्ति सुचारू कराने का भरोसा दिलाया है।

## भुरकुंडा गुरुद्वारा में रामगढ़ आइरिस अस्पताल के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया



**भुरकुण्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा गुरुद्वारा में शुक्रवार को रामगढ़ आइरिस अस्पताल के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 65 लोगों का नेत्र जांच की गई, इस दौरान कुल 18 लोग मोतियाबिंद से ग्रसित पाएं गए, जिन्हें आइरिस अस्पताल के द्वारा रामगढ़ नईसराय प्रताप नगर एस्सार पेट्रोल पंप स्थित आइरिस अस्पताल में निःशुल्क ओप्रेशन की जाएगी। आपको बता दें कि रामगढ़ आइरिस अस्पताल के द्वारा समाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक कदम उठाया जो पिछले कई दिनों से अलग-अलग जगहों पर निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के परमजीत सिंह, प्रधान रिंकू सिंह रंधावा, अमर सिंह, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह,गुरदीप सिंह रैखी इत्यादि।

## रा.प्र.च सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व छात्र परिषद के छात्रों ने ले. जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को थल सेना प्रमुख नियुक्त होने पर दी बधाई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अगला सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जो हम सभी सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों के सहित संपूर्ण देश के लिए यह गौरवमयी क्षण है। उन्होंने बताया कि द्विवेदी 1972 में सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर छत्तीसगढ़ के पूर्व छात्र रह चुके हैं। द्विवेदी गत चार दशक के करियर में अपने अनेक अहम दायित्व संभाल चुके हैं। उन्होंने देश के दुश्मनों के खिलाफ कई ऑपरेशन किये है।आतंकवाद विरोधी अभियान में भी उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रवीण ने कहा कि निश्चित ही लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय थल सेना और अधिक सशक्त होगी। बधाई देने में मुख्य रूप से पूर्व छात्र परिषद के सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल, सक्रिय सदस्य विशाल जायसवाल, आनंद बरेलिया, आनंद कुशवाहा,प्रवीण दांगी,शुभम कुमार, राजीव कुमार, बहन गीता मेहता, अनिका कुमारी,महिमा सिंह, श्रेया कुमारी, भैया अंकुर अग्रवाल, दिनेश कुमार, प्यारे मोहन, अजय अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, श्रवण कुमार, श्रीधर सिंह ने दिया।



## उरीमारी परियोजना में सीनियर फिटर के पद पर कार्यरत मखन महतो का रांची सैनफोर्ड अस्पताल में निधन,शोक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** गरसुला पंचायत के उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया के पिता स्व मखन महतो उम्र 54 वर्ष गरसुला शिखर बेड़ा निवासी का निधन बीते गुरूवार रात्रि रांची के सैनफोर्ड अस्पताल में हो गया।वे पिछले करीब 6 माह से बीमार चल रहे थे।उनका इलाज लगभग 15 दिनों से सैनफोर्ड अस्पताल में चल रहा था। जहां उन्होंने अंतिम सांसें ली। वें सीसीएल उरीमारी परियोजना के पोटंगा में डम्फर सेकसन में सीनियर फीटर के पद पर कार्यरत थे।वे अपने पिछे पत्नी सुबासो देवी, बड़े पुत्र नंदकिशोर बेदिया, मंझले पुत्र अजय बेदिया, छोटे पुत्र अरविंद बेदिया सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। दाह-संस्कार गरसुला दामोदर नदी स्थित घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र अरविंद बेदिया ने दिया। वहीं मृत आत्मा की शांति के लिए दामोदर नदी घाट पर ही दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में गरसुला पंचायत पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया, जुगेश बेदिया, नरेश बेदिया,पवन बेदिया, बहादुर बेदिया, राजकुमार सिंह, कर्मवीर सिंह, नंदलाल सिंह, अमरलाल बेदिया, दिनेश बेदिया, प्रयाग बेदिया,कमल साव, भागेश्वर बेदिया, सुनील उरांव, विजय बेदिया, सरोज बेदिया, हरेंद्र बेदिया,कैलाश महतो, राजेंद्र महतो, सुरेंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।



## रामगढ़ जिला में बढ़ते अपराधीकरण पर रोक लगाने में जिला पुलिस प्रशासन विफल : भाकपा माले

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रामगढ़ जिला में अपराधीयों के गतिविधियों से आम जनजीवन हमेशा प्रभावित रहती है,कभी किसी का लूट व हत्या हो जाना,लोकल सेलों में रोजगार, विकास कार्यो में अपराधियों और अधिकारियों की कमिशन खोरी के लिए विकास कार्यो को बंद कर दिया जाता है।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड़ के हिरक रोड छोटका चुंबा हुनडारही नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण पथ रामगढ़ झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है जहां कल दिनांक-13.06.2024 को दोपहर में दिन दहाड़े दो अपराधी आ धमके और दर्जनों कार्यरत मजदूरों को काम बंद करा कर मुंशी के कानपटी पर रिवाल्वर सटा कर रुपये की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों सिरका लोकल सेल में देखने को मिला फिर पतरातू बस्ती में एक महिला की हत्या कर दी गई थी।भाकपा माले के जिला सचिव भुनेशवर बेदिया व लालचंद बेदिया ने पुल निर्माण घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की और रामगढ़ जिला में बढ़ते अपराध पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन अपराध को रोक पाने में विफल है क्योंकि प्रशासन स्वयं को कोयला, ईटा, बालू, पत्थरों में कमीशन बंधाने में लगी रहती है तो अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई क्यों करेगी? जिला में खनिज संपदा का सरंक्षण करते हुए जिला में चौतरफा विकास कार्य करें अन्यथा भाकपा माले जिला प्रशासन की कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन खड़ा करेगी। दूसरी तरफ समस्त ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि गांवों में हो रहे विकास कार्यो में अपराधियों के हस्तक्षेप पर नकेल लगाया जाए और मजदूरों को रोजगार बहाल करने के साथ विकास कार्यो को संपन्न करें।

# जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2023- 24 में किए गए कार्यों व 2024- 25 में किए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कर रहे आंगनबाड़ी सहिया सेविकाओं को बच्चों का उपस्थित डाटा गलत भरने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जो कि वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में या अन्य भवनों में संचालित हो रहें है उन सभी भवनों का चिन्हित कर नए भवन निर्माण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमे बिजली, चापानल एवं शौचालय नही है में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए नई ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के ऋय हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए बच्चों व अन्य लाभुकों को लाभान्वित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित करते हुए बच्चों के साथ लोगो को भी बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।



## रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल सांसद मनीष जयसवाल से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में चैम्बर के एक प्रतिमण्डल ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल से मिलकर उन्हें उनकी शानदार जीत की बधाई दी और रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आगामी 31वी आमसभा में बैतोर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होने का आग्रह किया। सांसद द्वारा रामगढ़ चैम्बर के आग्रह कों सहर्ष स्वीकार करते हुए 31वी आमसभा में शामिल होने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल मे अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अलावा उपाध्यक्ष मंजीत सहानी मानद सचिव मानु चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इन्दर पाल सिंह सैनी पुर्व अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंह बिमल बुधिया रामगढ़ चैम्बर सेवा ट्रस्ट के पुर्व अध्यक्ष बाल किशन जालान एवं उपाध्यक्ष नवीन निश्चल ( मुन्ना) शामिल थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर सैन्य अस्पताल रामगढ़ और सदर अस्पताल ब्लड बैंक ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जीवन बचाने वाले रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए, सैन्य अस्पताल रामगढ़ ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के साथ मिलकर शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को समुदाय से भारी प्रतिक्रिया मिली, जहां बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने इस नेक कार्य के लिए रक्तदान किया। शिविर में कुल 123 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिससे 369 लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने वालों में 115 सेवा कर्मी, 6 महिलाएं और 2 नागरिक कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में उदारता से योगदान दिया।हम समुदाय की प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं और रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हैं,÷ कहा ब्रिगेडियर एससी कांडपाल, स्टेशन कमांडर, रामगढ़ कैंट, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कर्नल विवेक उपाध्याय, कमांडिंग ऑफिसर, सैन्य अस्पताल रामगढ़ ने भी इसी भावना को दोहराते हुए कहा, ÷प्रत्येक रक्तदान किसी के जीवन में गहरा अंतर ला सकता है, और आज दिखाया गया उदारता वास्तव में प्रेरणादायक है।÷ सैन्य अस्पताल रामगढ़ सभी दाताओं, स्वयंसेवकों और चिकित्सा पेशेवरों का हार्दिक धन्यवाद करता है, जिन्होंने इस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता दिलाई। उनके निःस्वार्थ योगदान ने हमारे रक्त भंडार को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत किया है और कई लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।यह कार्यक्रम सदर अस्पताल के ब्लड बैंक और डॉ. महालक्ष्मी, सिविल सर्जन, सदर अस्पताल के अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता, जिन्होंने शिविर के आयोजन में आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान की।



# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना श्री चंदन कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत जून माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने हेतु समिति के सदस्यों को आगामी विश्व योग दिवस ( 21 जून) के अवसर पर जिला स्तरीय पर योग, गंगा शपथ, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों, प्रखंड कार्यालयों, सीसीएल, टिस्को, जिंदल आदि संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नई पहल के तहत नमामि गंगे योजनान्तर्गत पूरे मानसून हर शनिवार को अलग-अलग जगह चिन्हित कर वहाँ वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## जेबीकेएसएस ने नगर परिषद रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के द्वारा नगर परिषद रामगढ़ के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।इस ज्ञापन में निम्न मांगे हैं 1 होल्डिंग टैक्स में संशोधन करते हुए 50त्न कम किया जाए। 2. नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी राजस्व ग्राम में जो पूर्व से ही अंचल कार्यालय को राजस्व कर देते आ रहे हैं । उस पर भी विचार करते हुए परती जमीन से सम्बंधित राजस्व में छुट दिया जाए। 3. झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित कृषि सम्बंधित योजनाओं का स्वीकृति प्रदान किया जाए। जैसे कूप निर्माण, सिंचाई की सुविधा, खाद्य बीज, फसल बीमा आदि का सुविधा दिया जाए। 4. पेयजल की समुचित व्यवस्था किया जाए। 5.नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चापाकलों की मरम्मती एव ग्राम जलापूर्ति योजना द्वारा संचालित सभी वार्डो में सुचारू रूप से पेयजल की समुचित व्यवस्था अविलम्ब किया जाए 7 6.नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइट (मार्श) लगाया जाए। 7.प्रदुषण रहित नगर परिषद बनाया जाए ।8.सभी सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ेदान (डस्टबीन) की समुचित व्यवस्था किया जाए। 9.पूर्व में निर्मित सभी शौचालयों को पुनः मरम्मती करते हुए उपयोग लायक बनाया जाए। उपरोक्त वर्णित सभी बिन्दुओं पर अतिसिघ्र 10 से 15 दिनों के अन्दर समुचित करवाई करने की कृपा की जाए। अन्यथा जेबीकेएसएस आन्दोलन के लिए बाध्य होगा । ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से बेरोजगार पानेश्वर केंद्रीय संगठन सचिव सुदर्शन महतो गिरीशंकर महतो देवानंद महतो संजीव साहू सत्येंद्र कुमार रोहित कुमार सूबेदार चौधरी रामचंद्र महतो प्रदीप महतो पवन महतो देवेंद्र कुमार बबलू कुमार कुमार प्रेम कुमार मौजूद रहे।

## सीसीएल रजरप्पा में सिविल संविदा पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में सतर्कता विभाग, हेड क्वार्टर सीसीएल मुख्यालय, रजरप्पा क्षेत्र के तत्वाधान में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा ÷सिविल संविदा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा की जाने अंजाने में या जानकारी के अभाव में कई बार हमलोगों से कॉन्ट्रैक्ट करने में कोई चूक हो जाती है। इस तरह के कार्यशाला से सिविल क्षेत्र से संबंधित संविदा करने में काफी फायदा होगा और गलती में कमी आयेगी। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में बरका सयाल, अरगडा, बरकाकाना, हजारीबाग तथा रजरप्पा क्षेत्र के 46 अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद प्रस्ताव सहायक प्रबंधक आशीष झा ने किया। इस अवसर पर परियोजना परियोजना पदाधिकारी वी0 मोहन बाबू, स्टाफ अधिकारी मनोज कुमार, क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी एस0 के0 चौधरी सहित समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## मांडू और हजारीबाग के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण नदी में चूआं बनाकर पानी पीने को विवश हैं : मिस्टर आलम

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** मांडू और हजारीबाग के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण नदी में चूआं बनाकर पानी पीने को विवष हैं बरहाल इन मुद्दों को कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव मिस्टर आलम ने उठाया है उन्होंने आला अधिकारियों से लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है ।साथ ही उन्होंने कुछ ऐसे मुद्दों को उजागर किया है जो लोगों से छिपा हुआ था मिस्टर आलम ने बताया कि ढाई लाख रुपए का लाइट लगाया गया था इसके बारे में बताया गया था कि 5 साल तक इसका देखरेख ठेकेदार करेंगे लेकिन 3 महीने में दम तोड़ दिया और अंधेरे का सामना कर रहे हैं ग्रामीण वहीं एक ओर गर्मी तो दूसरी ओर अंधेरा सोने में सुहाग यह है कि पानी की मार से त्रस्त हैं ग्रामीण।



## सरला खुर्द के नायक टोला में कुआं सूखने से उत्पन्न हुई पेय जल की समस्या

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** गोला प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत सरला खुर्द नायक टोला में कुआं सुख जाने से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गया है। प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण तालाब का पानी पीने पर हो रहे हैं मजबूर। जिससे लगातार ग्रामीण बीमार हो रहे हैं। खास कर छोटे बच्चे और वृद्ध व्यक्ति को सर्दी खासी और बुखार से पीड़ित हो रहा है। आज सरला खुर्द के ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला को एक अवेदन पत्र देकर पेय जल की समस्स्य से अवगत करया। नायक टोला के लगभग 70 परिवारों के बीच पेयजल समस्या हुई है। आवेदन में कहा कि सरला खुर्द में पेय जल की समस्या उत्पन्न हो गई है। यथाशीघ्र कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर पेय जल की समस्या का समाधान करे। समस्या के स्थाई समाधान के लिए एक चापानल लगवाने की कृपा करें। मौके पर उगली देवी सोनी देवी खुशबू देवी सुनिता देवी मीरा देवी उपस्थित थीं।



# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक मांडू थाना परिसर में किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** त्याग और बलिदान का महान त्यौहार कुर्बानी ( बकरा ईद) को लेकर मांडू थाना में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कागोंरी अंचल अधिकारी मुदस्सिर मंसूरी मौजूद थे वहीं अंचल अधिकारी मुदस्सर मंसूरी ने लोगों से अपील किया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से महान त्यौहार बकरा ईद को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं असामाजिक तत्व के द्वारा किसी भी तरीके से उपद्र करने वालों के खिलाफ तुरंत इसकी सूचना थाना को दे वही शांति समिति की बैठक में राष्ट्रीय जनता दल पूर्व प्रत्याशी शाहिद सिद्दीकी भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेंद्र कुमार गुप्ता मुखिया बैजनाथ राम सहित दर्जनों गण मान्य लोग मौजूद थे वहीं शाहिद सिद्दीकी ने बताया कि हर साल की भांति थाना में शांति समिति की बैठक रखी गई जो एक कौरव को पूरा किया गया और मैं तमाम लोगों से अपील करता हूं कि आप सी भाईचारे के साथ बकरा ईद मनाई और किसी के बहकावे में ना आए आपसी शांति को भांग ना करें उपादरियों से बचें।

स्वच्छ रामगढ़। सुन्दर रामगढ़।।

आपकी भागीदारी हमारी जिम्मेदारी।।

कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़
रामगढ़, झारखण्ड–825101
दूरभाष नं० :– 6553-295014 ईमेलः–nagarparishadramgarh@gmail.com
वेबसाईट :– http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

**आम सूचना**

झारखण्ड नगरपालिका संम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसुली) नियमावली 2013 की कंडीका– 13 के तहत् प्रत्येक करदाता धृति के मालिक की जिम्मेवारी होगा की वे किसी मांग सूचना की प्रतिक्ष किये बिना अपने धृति कर का स्वनिर्धारण कर उसका भुगतान नगर परिषद रामगढ़ को करना सुनिश्चित करें।

कंडिका–14 के तहत् हर उस धृति का स्वामी जिसकी धृति का धृति कर निर्धारण पूर्व में नहीं हुआ हो, नियमों को अधिसूचित होने के तीन माह के अंदर अपने धृति का स्वः निर्धारण करते हुए धृति कर की गणना करेगा तथा धृति कर का भुगतान नियमों में निहित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय को करेगा।

परंतु कोई करदाता विहित समय के अंदर नगरपालिका को धृति का स्व–निर्धारण कर भुगतान कारने में असफल रहता है तो आवसीय सम्पति पर 2000/– (दो हजार) रूपये और अन्य सभी सम्पतियों पर 5000/– (पांच हजार) रूपये जुर्माना भुगतेय होगा।

नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत वैसे धृति स्वामी जिनके द्वारा अबतक अपने मकान का SAF (Self Assessment Form) कार्यालय में जमा नहीं किया गया है, से अनुरोध किया जाता है कि अपना –अपना New SAF को भरकर कार्यालय में जमा करेंगे। साथ ही साथ यह भी अनुरोध किया जाता है कि जो अपना मकान/प्रतिष्ठान का कम क्षेत्रफल का अथवा गैर आवासीय मकान का आवासीय मकान कर भुगतान कर रहे हैं, वे अपना–अपना (Re Assessment Form भर कर नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय/ जन सुविध केंद्र में यथाशीघ्र जमा कर दे। कार्यालय के द्वारा जाँच के क्रम में गलत पाये जाने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 के सुसंगत धारा के तहत् विधि–सम्मत कार्रवाई की जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेवारी संबंधित धृतिधारी की होगी।

इसे सख्त ताकिद समझें।

ह०/–
प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़

PR 326420 District(24-25).D

**ईद-अल-अजहा : 17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष**

# सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकार

## 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति




**जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807, 112 व 100**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : ईद-उल-जोहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन किया है।

### विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन

ईद-उल-जोहा के अवसर पर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बाटा गया है।

**17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून सुबह 6ः00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष**

ईद-उल-जोहा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून की सुबह 6300 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807, 112 व 100 है।

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी :-**

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपुरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

## राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सरिया के मनीष ने जीता सिल्वर मेडल

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरिया प्रखंड के पुरनीडीह गाँव के मनीष राज ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता- 2024 में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के सिलिगुडी में, 10-14 जून 2024 को आयोजित हुई थी । पुरनीडीह के शिक्षक महेश वर्मा के पुत्र मनीष राज 2023 में भी राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त कर कास्य पदक प्राप्त किया था तथा 2024 में डी ए वी नेशनल चैंपियन भी रहा रहा है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची।
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

शुद्धि–पत्र

दिनांक 13.06.2024 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसका PR No.–326117 Drinking water & Sanitation (24-25) D. है, जिसमें निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. निविदा के पूर्व बैठक की तिथि – 20.06.2024 को 12:30 बजे अपराह्न में।
2. बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अन्तिमतिथि एवं समय – 26.06.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.06.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।

कार्यपालक अभियंता।

PR 326499 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## डबरी में ग्राम सभा संपन्न, छठ घाट निर्माण समिति का किया गया गठन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शुक्रवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डबरी के पास स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, इस बीच ग्राम सभा में छठ घाट निर्माण हेतु रखे गए प्रस्ताव को पूर्ण करने के लिए सर्व सम्मति से ग्रामीणों द्वारा अध्यक्ष के रूप में निरंजन कुमार एवं सचिव के रूप में सुजीत कुमार वर्मा का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मुखिया के द्वारा किए जा रहे कार्यो पर संतोष जताया कि चुनाव के वक्त किए गए वायदों को पूर्ण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि छठ घाट निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, निस्वार्थ भाव से एक सुंदर और मजबूत छठ घाट का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य संजय कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, अनूप कुमार, खेमलाल प्रसाद वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवकी अस्पताल में आज होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : 15 जून को सरिया रॉय तालाब रोड स्थित देवकी अस्पताल में झारखंड स्टेट ऐंगल्स एसोशिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर के बैनर तले रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।इस शिविर में झारखंड के कई सर्जन भी मौजूद रहैंगे ।इस बाबत सरिया देवकी अस्पताल के डॉ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा जिसमे समाज के सभी वर्गो को इस मे भागीदारी निभानी चाहिय रक्तदान से मनुष्य कई बीमारियों से छुटकारा पा सकता है साथ ही रक्तदान करने से कई लोगो की जान भी बचाई जा सकते कई बार रक्त के अभाव में जरूरत मंद लोगो को जान भी गवानी पड़ती है इस के लिये सभी के सहयोग से ही किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है सबसे पहले तो रक्तदान करने से उक्त रक्तचाप हाई ब्लडप्रेशर से बचाव होता है और कई बीमारियों से इससे मुक्ति मिलती है रक्तदान महादान है इसमें सभी लोगो को आगे आना चाहिए और इसके प्रति लोगो को जागरूक करने की भी आवश्यकता है।



## इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन के कार्यपालिका समिति की दो दिवसीय बैठक का आयोजन पटना में हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटना** : दिनांक 13 एवं 14 जून को इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन के कार्यपालिका समिति की 02 दिवसीय बैठक का पटना में आयोजन किया गया। इस आयोजन को पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा मेजबानी किया गया। बैठक में पूरे भारतीय रेल से लगभग 70 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। विदित हो कि इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन पूरे भारतीय रेल में कार्यरत लगभग 6500 से अधिक प्रोन्नत अधिकारियों के विकास, कैरियर उन्नयन एवं अन्य भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करता है। बैठक के अन्य मुद्दों के साथ-साथ दौरान प्रोमोटी आफिसर्स के ग्रुप-ए में इंडक्शन पर गहन चर्चा की गई। खासतौर पर, इंजीनियरिंग, लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के ग्रुप-ए में इंडक्शन में हो रहे विलंब कम करने के लिए फेडरेशन के समक्ष सभी क्षेत्रीय रेल के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया। विभिन्न रेलवे से आए अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से अपनी क्षेत्रीय मामलों के साथ-साथ ग्रुप-बी अधिकारियों की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन कार्यपालिका समिति के द्वारा सभी सहभागी अधिकारियों के द्वारा उठाये गये मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और सभी समस्याओं पर समेकित रूप से रेलवे बोर्ड स्तर पर मुद्दों को उठाये जाने का आश्वासन भी दिया गया।

यह भी उल्लेखनीय है कि ÷देश की धड़कन÷ और ''प्रगति का पहिया'' उपनामों वाली भारतीय रेल संगठन को परिचालित करने में प्रोमोटी आफिसर्स एक मजबूत कड़ी का काम करती है और सदैव कर्तव्य निर्वहन के लिए तत्परता से अपनी भूमिका को स्थापित करती है। 02 दिनों के इस गहन बैठक में पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा की गई व्यवस्था एवं अन्य संचालन संबंधित कार्रवाई की सभी सहभागियों द्वारा सराहना की गई।

## राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति अविलंब की जाय : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा व प्रदेश महासचिव विशाल महतो के नेतृत्व में राज्यपाल सचिवालय में राज्यपाल के नामित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अखिल झारखंड छात्र संघ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति की नियुक्ति जल्द से जल्द करने की मांग की।

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक : 977 खूँटी, दिनांक : 14.06.2024

अति आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के तहत खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र में डीप बोरिंग (6 इन्च/उच्च प्रवाही ड्रिल्ड नलकूप) पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर जमीन मालिक/बोरिंग गाड़ी मालिक/कम्पनी पर जुर्माना/ दण्ड/ एफ0आई0आर0 का प्रावधान है। स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु संबंधित शपथपत्र के साथ कार्यालय में आवेदक द्वारा आवेदन स्वीकृत कराने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करायेंगे। खूँटी शहरी क्षेत्र के गिरते जलस्तर के आलोक में यह निर्देश निकाला जा रहा है।

स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु बोरिंग गाड़ी मालिक/ कम्पनी/एजेंट निर्धारित निबंधन वार्षिक शुल्क नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय में जमा करने एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करेंगे। अतः इसका पालन अत्यन्त आवश्यक है।

इसे तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाय।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 326468 Urban Development(24-25).D

## रक्त की कमी से गिरिडीह में किसी की न हो मौत : डीसी



पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह** : शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर गिरिडीह जिला को सर्वाधिक रक्तदान करने हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। गिरिडीह जिले को सर्वाधिक रक्तदान करने में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि यह सम्मान पूरे जिला का है। सभी के सहयोग और समन्वय से गिरिडीह जिला रक्तदान करने में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके लिए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों/रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और अन्य संबंधित कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाएं। इसी क्रम में आज उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी जिलेवासियों को विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, गिरिडीह में अवस्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। साथ ही सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। सदर अस्पताल में कई लोगों ने रक्तदान किया। सभी को उपायुक्त ने सम्मानित किया और रक्तदान के महत्व को बताया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो, जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समय समय पर जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रह किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाय। सदर अस्पताल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इसमें ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट प्लाज्मा, प्लेटलेट, रेड ब्लड सेल, व्हाइट ब्लड सेल को अलग कर रखा जा सकेगा।

DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND
DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY GUMLA
Sadar Hospital Campus GUMLA
Phone No. 06524-223080
Email :- cs.gumla@gmail.com

Tender Ref. No 1855 / Gumla, Dated - 13/06/2024

Very Short Term Tender Notice

Very Short Term tender separate Technical and price Bids (Two Bid System) invited for rate contract for supply of Sickle cell Screening Kit under Sickle Cell Aneamia Elimination programme.

DETAILED TENDER NOTICE

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 15.06.2024 |
| Bid Submission Start Date | 15.06.2024 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 21.06.2024, 02.00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 21.06.2024, 03.00 PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified Later |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5,000.00 in favour of District Health Society, Gumla, Payable at Gumla. |
| Earnest Money Deposit | 1,00,000.00 in favour of District Health Society, Gumla, Payable at Gumla. |
| Contact/Helpline No. | 9430138701 |

Note: 1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detailed Bid document can be seen /downloaded at website http://gumla.nic.in only.

PR 326434 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

Civil Surgeon –cum- Chief Medical Officer, Gumla

कार्यालय, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी–सह–प्रभारी जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा
संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड–825401
e-mail : atmactr@rediffmail.com

किसान भाइयों के लिए योजना संबंधी आवश्यक सूचना

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉटीकल्चर (MIDH) राष्ट्रीय बागवानी मिशन के कार्यान्वयन हेतु चतरा जिलान्तर्गत निम्नवत् लक्ष्य प्राप्त है :–

आम सूचना

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव | भौतिक |
|---|---|---|
| 1 | Strawberry (Int.Pacakage With Drip Irrigation& Mulching) | 5 |
| 2 | Stawberry- Without Integration | 1 |
| 3 | Banana (TC) (Int.Package With Drip Irrigation | 5 |
| 4 | Banana (TC) Without Integration | 1 |
| 5 | Papaya(Int.Package With Drip Irrigation | 5 |
| 6 | Papaya – Without Integration | 1 |
| 7 | Mango (10x10m) (Rs. 25,500/Ha) | 30 |
| 8 | Lime (4x4.5) (Rs. 54,980/Ha) | 8 |
| 9 | Sapota (Rs. 45400/Ha) | 5 |
| 10 | Guava (6mx6m) (Rs. 38340/Ha) | 10 |
| 11 | Pomegranate (5.0mx5.0m) | 5 |
| 12 | Aonla (Rs. 40008/Ha) | 2 |
| 13 | Bael (Rs. 48400/Ha) | 2 |
| 14 | Litchi (Rs. 28000/Ha) | 2 |
| 15 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/Ha) | 1 |
| 16 | Vegetable Hybrid (Rs.50,000/Ha) | 60 |
| 17 | Cut Flowers- Small & Marginal Farmers (Rs. 1.00 Lakh/ Ha) | 15 |
| 18 | Bulbulous Flowers- Small& Marginal Farmers (Rs. 1.50 Lakh/ Ha) | 15 |
| 19 | Loose Flowers- Small&Marginal Farmers (Rs. 40,000/Ha) | 15 |
| 20 | Spices (Seed Spice And Rhizomatice Spices (Rs30,000/Ha) | 30 |
| 21 | Creation of Water Resoureas Community Tanks/on Farm Ponds/on farm water Respivnks with use of Plastic/ Rcc Lining | 0-516 |
| 22 | Creation of Water Resoureas Watar harvesting System fo Individuals for Storage of water | 5 |
| 23 | Green House N. V. S Tubular Structure | 1000 |
| 24 | Plastic Mulching | 150 |
| 25 | Shadenet (Tubular Structure) | 5000 |
| 26 | Anti Bird/ Anti Hail Nets | 20000 |
| 27 | Cost of Planting Material of High Value Vegetables Grown in Poly House/Shadenet House in | 2000 |
| 28 | Cost of Planting Material& Cultivation of Camation And Gerbera Under Poly House/ Shadenet House | 2000 |
| 29 | Cost of Planting Material& Cultivation of Rose And Lilum Under Poly House/ Shadenet House | 2000 |
| 30 | Organic Farming- Vermi Compost Units/ Organic Input Production- HDPE Vermibed | 30 |
| 31 | Pack House/ On Farme Collection & Storage Unit | 15 |
| 32 | PHM Eveporative/ Low energy Cool Chambe (8MT) | 2 |
| 33 | PHM Low Cost Onion Storage Structure (25MT) | 5 |
| 34 | Training of Farmer's- Within The State | 350 |
| 35 | Training of Farmer's- Outside The State | 50 |
| 36 | Exposure Vistit of Farmers- Outside The State | 50 |
| 37 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ Platform With Cool Chamber | 2 |

उपर्युक्त योजनाऐं अनुदान पर आधारित है। जिसका उल्लेख संबंधित कार्य अवयव में किया गया है। कृषक अंशदान की राशि योग्य एवं चयनित लाभुक को वहन करना होगा।

इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक जिला उद्यान कार्यालय, चतरा या प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) से आवदेन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से आवेदन पत्र भरकर एवं पंचायती राज संस्था के जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर प्रखंड में अवस्थित एटिक सेन्टर (कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र) में दिनांक **02.07.2024** को सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है। BPM JSLPS/BTM /ATM निश्चित रूप से दिनांक **02.07.2024** तक प्राप्त आवेदकों को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराएगे। आवेदन पत्र में सभी आवश्यक कागजात यथा लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र बैंक पासबुक छाया प्रति, भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र की छाया प्रति अथवा खतियान, शपथ पत्र, जमीन का अद्यतन रसीद, आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले भूमि का कागजात के संबंध में मुखिया से प्राप्त वंशावली संलग्न होना आवश्यक है।

आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ तथा वांछित कागजातों के साथ प्राप्त होने पर ही लाभुक चयन के लिए विचार किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन **अस्वीकृत** किए जाएगें।

**अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा–**

1. आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ हो।
2. आवेदन पत्र की प्रति पर मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि तथा BAO/BTM/VLW/ATM/BPMJSLPS के द्वारा अनुशंसित किया होना आवश्यक है।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक का चयन नही किया गया है, केवल उनका चयन किया जाएगा।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामो का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आवेदक के पास पर्याप्त निजी भूमि हो तथा वे पूर्व कई वर्षो से सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते आये हो।
6. कृषक अंशदान राशि स्वयं व्यय करने हेतु इच्छुक हो।
7. योजना कर्यान्वयन में SC,ST लघु एवं सीमांत कृषक,कृषक समूह FPO/प्रगतिशील कृषकों/महिला स्वंय सहायता समूह/सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा लाभुकों के चयन में टोकन प्रणाली को अपनाते हुए पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सभी योजनाओं में BLOCK CHAIN TECHNOLOGY के माध्यम से कृषकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।
8. सब्जी, मिर्चा, ओल एवं फूल की खेती का क्रियान्वयन समूह खेती (Cluster farming) के द्वारा की जाएगी। सभी कार्य अवयवों के क्रियान्वयन कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS) के द्वारा किया जाएगा।
9. योजना का कार्यान्वयन में प्राथमिकता ग्रामीण विकास विभाग के अधीन JSLPS से प्राप्त कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह की सूची के आधार पर किया जाएगा। यदि JSLPS से लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूह की विवरणी उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अन्य माध्यम से गठित कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह को आच्छादित किया जा सकेगा।
10. उपर वर्णित सभी योजनायें चतरा जिले का लक्ष्य है, जिसका प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित है।
11. सभी योजना पहले आओं पहले पाओं पर आधारित है।

सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं एटिक सेन्टर पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। योजना का लाभ लेने हेतु विहित आवेदन पत्र में जिला उद्यान कार्यालय, चतरा एवं प्रखंड के एटिक सेन्टर/एग्री क्लिनिक चतरा एवं सिमरिया पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की निर्धारित तिथि 02.07.2024 के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नही की जाएगी। योजना के लाभ हेतु लाभुक का चयन सर्वाधिक उपयुक्त कृषक को किया जाएगा जिसमें उनके भूमि, खेती आदि का निरीक्षण तथा जांच के उपरान्त किया जा सकेगा।

प्रभारी जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा

PR 326457 Agriculture(24-25)#D

# कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वाले नेता एवं कार्यकर्ताओं को अविलंब पार्टी से निकले प्रभारी : नेसार अहमद

## पार्टी से गद्दारी करने वाले नेता राहुल गांधी को नहीं बनना चाहते हैं प्रधानमंत्री : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता आज कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में लोहरदगा लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी में रहकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम कर पार्टी से गद्दारी करने का जो काम किया है वैसे गद्दार कांग्रेसी का आज पुतला फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी में रहकर बहुत सारे कांग्रेसी खुलेआम दूसरे पार्टी का काम किया है। चुनाव बीतने के बाद स्थानीय विधायक उसको अपने साथ अपने दौरे में लेकर घूम रहे हैं जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शक है कि कहीं ये विधायक के इशारे पर तो पार्टी विरोधी काम नहीं किया है।



पार्टी फॉर्म में उनको अपनी बात को रखना होगा। नेसार अहमद ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी,प्रदेश अध्यक्ष को इस बात का संज्ञान में लेकर यहां एक समीक्षा बैठक कराकर मामले को पट्टा क्षेप करे और दोषीयार एवं गद्दार कांग्रेसी को अविलंब पार्टी से निकाला जाए क्योंकि 6 माह के बाद विधानसभा चुनाव होना है ऐसे गद्दार कांग्रेसी को जिला के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी उम्मीदवार सुखदेव भगत को हराने के लिए कांग्रेस पार्टी में ही रहकर कुछ कांग्रेसी पार्टी विरोधी कार्य करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को हराने की साजिश में लगे हुए थे जिसका सबूत मौजूद है। हम लोगों की मांग है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी पार्टी विरोधी कार्य करने वाले कांग्रेसियों को पार्टी से निष्कासित करें। पूरा देश राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है लेकिन वही लोहरदगा में कांग्रेस में रहकर ही कुछ कांग्रेसी,कांग्रेसी उम्मीदवार के खिलाफ साजिश रच कर राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के मिशन को नाकाम करने की कोशिश में लगे हुए थे। कांग्रेसियों ने प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष से मांग किया है कि निष्पक्ष जांच हेतु कार्यकर्ताओं से मिलकर समीक्षा बैठक का आयोजन करें और पार्टी विरोधी काम करने वाले गद्दार कांग्रेसी को पार्टी हित में अविलंब पार्टी से निकाला जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में मनोज सोन तिर्की, नंदकिशोर शुक्ला, सलीम बड़े, गुलाम जिलानी, फहद खान, मुजम्मिल अंसारी, राजू कुरैशी, प्रवेज सिद्दीकी यासीन अंसारी, प्रकाश उरांव, मनोज भगत, लाल राजेंद्र सहदेव, कमरू इस्लाम, मुनिफ अंसारी, संगीता उरांव शरीफ अंसारी, सूरज कुमार मुंडा, असलम अंसारी, सोनू कुरैशी, शुभम सहदेव, सैफ अहमद, निसार खान, नईम अंसारी, जीतराम उरांव, शंकर भगत, रति भगत, जोगिंदर उरांव, सुशील उरांव, महेश्वर उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# बाइक के सीधी टक्कर में उड़े गाड़ी के परखच्चे, गई दो की जान, अन्य घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कूडू थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 143 ए कुडू लोहरदगा मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के कड़ाक पुल के समीप गुरुवार सुबह 10 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये थे।सभी पांचों घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था।लेकिन रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही दो लोगों ने दम तोड़ दिया।मृतकों में कुडू थाना क्षेत्र के विजय उरांव व सूरज उरांव शामिल है।बताया जाता है कि लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी दो भाइयों अनिल मिंज व सुमेर मिंज तथा महुवाडांड निवासी अपनी बहन सीमांति नगेसिया को लेकर तीनों एक बाइक में सवार होकर रांची जा रहा थे दूसरी तरफ कुडू की तरफ से एक बाइक में सवार होकर तीन युवक तेजी से कुडू से लोहरदगा की तरफ जा रहे थे इसी




बीच थाना क्षेत्र के कड़ाक पुलिया के समीप सामने से आ रहे बाइक ने सामने से जोरदार ठोकर मार दिया।घटना में दोनों बाइक सवार सहित छह लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गये।जबकि सीमांति नगेशिया सड़क के किनारे चली गयी घटना में दो बाइक सवार अनिल मिंज तथा सुमेर मिंज को गंभीर चोट लगी थी।ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस को दी मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस में तीनों भाई बहनों को लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद अनिल मिंज तथा सुमेर मिंज को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया,जबकि दूसरे बाइक पर सवार तीनों घायलो को ग्रामीणों ने जीमा चौक के एक निजी क्लिनिक में पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। इस घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गयी मौके पर पहुंचे पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है बताया जाता है कि दोनों बाइकों में इतनी जबरदस्त टक्कर हुई कि दोनों बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है यहां तक कि एक बाइक का अगला पहिया टूटकर अलग हो गया है।वहीं कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है। बाकी अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

# बजरंग दल के नेतृत्व में कल मनाया जाएगा गंगा दशहरा कार्यक्रम, होंगे कई कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बजरंग दल के द्वारा 16 जून 2024 दिन रविवार को संध्या 7:00 बजे शिव मंदिर बड़ा तालाब में गंगा दशहरा का कार्यक्रम किया जाना तय हुआ है। इसी के निमित्त रघु नंदन लाइन हनुमान मंदिर एवं सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर वीर शिवाजी चौक में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कमल केसरी प्रसाद, छवि सिंह, रीता पांडे और आशा सोनी के नेतृत्व में किया गया।इस दौरान बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि गंगा दशहरा बड़े ही धूमधाम से मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया है। इस बार लोहरदगा में गंगा दशहरा मनाने हेतु माताएं बहने काफी उत्साहित है इस बार गंगा दशहरा में दीप सजा भी बच्चों के द्वारा किया जाएगा। जैसे दीप से ओम बनाना, स्वास्तिक बनाना, दीप से जय श्री



राम लिखना, दीप से फूल बनाना, और भी आनेको तरह की चित्र बनाना गंगा दशहरा में आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दौरान कमल केसरी, सचिन कुमार साहू, रीता पांडे, छवि सिंह, आशा सोनी, सत्यम अग्रवाल, अमृत कसकर, अनिल कसकर, अनुभव कसकर, हनी कुमारी, रानी कुमारी, खुशी कुमारी, तनीषा कुमारी, माही कुमारी, पीहू कुमारी, रौनक कुमार, माधुरी देवी, रेणु देवी, रजनी देवी, नीलू कुमारी, अथर्व वर्मा, शशि देवी, हसमुख रंजन, अमित अग्रवाल, निशांत साहू, आशु राजपूत, जूली अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, पूनम देवी, सरिता देवी सहित इत्यादि माताएं बहने तथा राम भक्त उपस्थित थे।

# कैरो थाना परिसर में बकरीद त्योहार मिलजुल कर मानने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद को लेकर 14 जुन शुक्रवार को थाना परिसर कैरो में प्रखण्ड विकास सह अंचलाधिकारी छन्दा भटाचार्य व थाना प्रभारी नीरज झा की अध्यक्षता में प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव, एवं निवर्तमान उप-प्रमुख मधुलिका रानी एवं शांति समिति सदस्यो की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक मे त्यौहार आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी छन्दा भटाचार्य ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाए। थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा पर्व त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए, प्रसाशन शांति व्यवस्था



बनाये रखने में हमेशा प्रयासरत है कहीं भी किसी प्रकार के कोई अनहोनी होने पर प्रशासन को खबर करें कानून को अपने हाथ मे न ले। कानून का उलंघन करने पर, नियम संगत करवाई की जाएगी। न तो अफवाह फैलाएं न ही अफवाह पर ध्यान दें। प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मौके पर जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, पंचायत, सीमा भगत, लखन उराँव, विवेक प्रजापति, प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, परवीन साहू, शहीद अंसारी, मोहन साहू, इम्तियाज अंसारी, मोजहिर अंसारी, हारून अंसारी, जेयाउल अंसारी, समीरुदीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# चुनाव हारे हैं चुनाव का मैदान नहीं : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ठगी पीड़ित जमा करता भी करता परिवार का बैठक जिला कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह ने किया। 2024 लोकसभा चुनाव का समीक्षा किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा के जनता के द्वारा जो जानादेश दिया गया है उसे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार एक्सेप्ट करती है और 2024 में विधानसभा की तैयारी को लेकर सभी जमा करता भी करता तैयारी करें। पवन तिग्गा ने कहा कि चुनाव हारे हैं चुनाव का मैदान नहीं इसलिए चिंता करने की जरूरत नहीं है 2024 में झारखंड में विधानसभा का चुनाव में सभी लोग अपने-अपने गांव घर में एजेंट जमा करता अभिकर्ता परिवार के लोगों को बताना है और भुगतान सुनिश्चित करना है। सुकरु उरांव ने कहा कि ठगी पीड़ित जमा करता है अभी करता के सभी सक्रिय सदस्य लोकसभा प्रत्याशी पवन तिग्गा को अपना मत का दान किया है निश्चित तौर से उन सभी लोगों का सुख दुख में सशरीर उपस्थित होकर सहयोग किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से शशि नदन भगत, परमेश्वर उरांव, फागु साहू, सुधन भगत, करमचंद उरांव, गुंदर खरवार, समीना खातून, सनचरिया देवी, अमर प्रदीप एक्का, महावीर किसान, पुन्नी उरांव, बैजनाथ महतो, रुद्राक्ष महतो, लिलि उरांव, बलिया देवी आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा सदर थाना में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा सदर थाना में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से त्यौहार के दौरान जिला में आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने,शांति व्यवस्था बनाएं रखने आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि विगत त्यौहारों के दौरान सभी समुदाय द्वारा आपसी भाईचारे एवं श्रद्धा का अच्छा उदाहरण पेश किया गया। उन्होंने कहा बकरीद त्योहार के दौरान जिला में विधि व्यवस्था बनाएं रखने हेतु जिला प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्यौहार प्रत्येक समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं बिना लोहरदगा जिला का इतिहास रहा है। आपसी भाईचारे एवं सम्मान के साथ पर्व मनाना, उसे बनाएं रखें। उन्होंने कहा असामाजिक तत्वों एवं मनचले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक पोस्ट शेयर न करें। यदि इस प्रकार की अफवाहे आपकी जानकारी में आती है,तो तुरंत इसकी सूचना जिला एवं पुलिस प्रशासन को दें। ताकि इस पर रोक लगाया जा सके। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, अफवाह या समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत नियंत्रण कक्ष पर इसकी सूचना दें। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, अंजुमन इस्लामिया सदर रऊफ अंसारी, सचिव, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के अलावे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रशिक्षुओं के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लीड्स प्रशिक्षण केंद्र मुरहू, खूंटी, झारखंड में प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत कुल 42 प्रशिक्षुओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। लीड्स संस्था के द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 10 से 14 जून 2024 तक यूरोपियन यूनियन (E) एवं WHH के सहयोग से खूंटी, सिमडेगा और रामगढ़ जिला से 42 लोगों को सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, एलईडी बल्ब रिपेयरिंग, बोरवेल रिपेयरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पे गोड़ाटोली पंचायत के मुखिया महोदया पारती टूटी, अरसेटी से सुशील सर, जन शिक्षण संस्था से प्रभा मैडम, मुख्य रूप से उपस्थित थी। आगे मुखिया के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई साथ ही साथ प्रशिक्षण से प्राप्त की गई जानकारी को अपने जीविका पार्जन के लिए कैसे उपयोग करें और इससे अपने परिवार का लालन पालन के लिए बिजनेस मोड में काम करें इसके बारे विस्तर से जानकारी दिया गया और ऋस्श्वञ्ञद्ब और जन शिक्षण



संस्था से आये हुए सर और मैडम के द्वारा अपनी अपनी ट्रेनिंग सम्बंधित बहुत ही अच्छी तरह से जानकारी दिया गया द्य लीड्स संस्था के द्वारा दूसरी चरण का प्रशिक्षण 1 जुलाई से 5 जुलाई 2024 में पुनः दिया जाएगा। यह ट्रेनिंग पूरी तरह से आवासीय है और आने जाने रहना खाना सभी पूरी तरह से निशुल्क है इसके लिए सिमडेगा से तीनों ट्रेड मे 13 लोगों ने प्रशिक्षण लिया! ब्यूटीशियन अंजलि मिंज, ऑडील डूंगडूँग, इपता डूंगडूँग, शिरीष करकेट्टा, स्मृति समद, रितिका लाकड़ा, एंजेला तोपनो, प्रियंका कुमारी और निशा सृष्टि सोरेन, इलेक्ट्रिकल! राजेश करकेट्टा और करिश्मा सोरेंग, सिलाई! रीमा करकेट्टा और ऋह्नू रानी समद आदि लिए

# खपरैल मकान में आगजनी से गरीब परिवार का आशियाना जल कर हुआ राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आदिवासी मुहल्ला सेन्हा में शुक्रवार को किसी कारण से गरीब के घर मे हुआ आगजनी घटना की सूचना पर प्रखंड प्रशासन एवं जिला आपदा पदाधिकारी पहुंच घटना का लिया जायजा। इससे पूर्व ग्रामीणों तथा अग्नि शामन दल के द्वारा आग पर पाया गया काबू। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा आदिवासी मोहल्ला में एक कच्चा मकान पर लगी भीषण आग। घर में रखे लाखो का सम्मान जलकर हुआ खाक ग्रामीणों तथा अग्निशमन दल द्वारा आग पर पाया गया काबू प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा आदिवासी मोहल्ला निवासी सुरेंद्र उरांव के घर पर अचानक किसी कारण से आग लग गई। जिसके बाद आग बढ़ता चला गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन तबतक पूरे घर में आग फैल चुकी थी। घटना की सूचना पर अग्निशामक के दल के द्वारा आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। वही घटना की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन पधाधिकारी विभाकर कुमार, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी,सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंच आग बुझाने के दिशा में करवाई किया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से सुरेंद्र उरांव के घर में रखे धान चावल सहित सभी सम्मान जलकर राख हो गया।

# 46 लाभुकों के बीच खरीफ फसलों के बीज का वितरण किया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को खरीफ 2024-25 में लोहरदगा जिला में लैंप्स लोहरदगा द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पधाधिकारी, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी, कृषि अभियंता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, लैंप्स/पैक्स के अध्यक्ष/सचिव की उपस्थिति में बिरसा बीज विनिमय वितरण तथा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत शंकर धान बीज प्रभेद DRRH2 एवम DRRH3 वितरण का शुभारंभ किया गया। यह बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर किया गया। आज 46 लाभुकों के बीच खरीफ फसलों के बीज का वितरण किया गया।

# सेन्हा थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति का बैठक अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिसे शांति व सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चाएं की गई। मौके पर सीओ श्री तिवारी ने कहा कि सभी समुदाय के लोग त्यौहार शांतिपूर्वक भाईचारा के साथ स मनाये और कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय के लोग शांति भंग करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा की त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति भंग के करने के उद्देश्य से किसी तरह का विवाद उत्पन्न किया जाता है तो वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर थाना को सुचना करें और अपवाह न फैलाए। सभी समुदाय के लोग शांति के साथ खुशहाली से मिलजुल कर त्यौहार मनाए। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में सभी समुदाय के लोग जिस तरह से आपस मे मिलजुलकर सभी त्यौहार को मनाते हैं। उसी तरह से आपसी भाइचारे के साथ बकरीद का त्यौहार को मनाएं। बैठक में जिप सदस्य राधा तिर्की, सीओ राकेश कुमार तिवारी,थाना प्रभारी अजीत कुमार,एस आई अविनाश राम, साहेब कुंवर, पंकज यादव, सरस्वती दयांनंद, एएस आई अलबिना लकडा, असर्फी बहेलिया, रामचंर्न्द मांझी, जमशेद खान के अलावे नंदकिशोर शुक्ला, प्रमोद महतो, मोखतार अंसारी, फजल अब्बास, नवीन साहू, रंजीत साहू, गुजरात खान, सौकत अंसारी, इम्तियाज अंसारी, दशरथ साहू, जितेन्र्द महतो, राजकिशोर महतो, फिरोज अंसारी, आंनद साहू सहित अन्य शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# राजकुमार तिवारी हमेशा लोगों के दिल में रहेंगे : नीरू शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय विधायक और झारखंड आन्दोलनकारी स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी आजसू नेत्री लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने बडकी चांपी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के संस्थापक राजकुमार तिवारी की आकस्मिक निधन की सूचना मिलते हीं उनके परिवारवालों से उनकी पैतृक आवास में जाकर मिली और परिवार वालों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि तिवारी जी के निधन से लोहरदगा आजसू पार्टी को काफी क्षति पहुँची है। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने पार्टी की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार वालों को दुख सहने की ताकत हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। नीरू शांति भगत ने कहा कि रामकुमार तिवारी जी सहृदयी व्यक्ति के साथ एक शिक्षा प्रेमी थे। उन्होंने शहर से दूर इस ग्रामीण क्षेत्र में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की स्थापना करके सही मायने में अमर हो गए। वे हमेशा हम सबों के लिए आदर्श और प्रेरणा के स्रोत बने



रहेंगे। इसी प्रकार नीरू शांति भगत ने कैरों प्रखंड के सढाबे गांव में हुई एक बच्चे की हत्या की सूचना मिलते ही वहां पहुंचकर गहरी संवेदना प्रकट की और मृत बच्चे की आत्मा की शांति एवं परिवार वालों को दुख सहने के लिए शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि नीरू शांति भगत स्वर्गीय कमल किशोर भगत के पद- चिह्नों में चलते हुए लोहरदगा जिला के सुदूर से सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना या किन्हीं की मृत्यु की सूचना मिलते ही किसी भी जाति संप्रदाय या समुदाय के यहां पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करती हैं और परिवार चरणों का हौसला बढ़ाने का काम करती है। नीरू शांति भगत एक संवेदनशील महिला हैं उनके हृदय में सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोगों के प्रति सहानुभूति का भाव स्पष्ट रूप से दिखता है जिसका लाभ निश्चित रूप से आने वाले विधानसभा चुनाव में इन्हें प्राप्त होगा तथा सभी धर्म, जातिऔर संप्रदाय के लोगों का आशीर्वाद और सहयोग पाकर भारी मतों से विधानसभा का चुनाव जीतकर क्षेत्र की जनता की सेवा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष लाल पंचम नाथ साहदेव, छात्र ईकाई के जिला प्रभारी बिजय कुमार भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, सचिव हरि उरांव, परमानंद साहू, मनोज यादव, चरकू उरांव, सहित अन्य आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोलेबिरा विधायक ने उपायुक्त सिमडेगा को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जिला उपायुक्त से मिलकर एक पत्र सौंपा। उक्त पत्र के माध्यम से विधायक श्री कोनगाड़ी ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा द्वारा झारखण्ड सरकार को हर घर नल जल शत प्रतिशत पहुंच गया है, का उल्लेख कर अपना रिपोर्ट सौंपा है, वो गलत प्रतीत लगता है। क्यों कि हमारे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के आम जनता से जो जानकारी प्राप्त हो रही है उससे यह जग जाहिर होता है कि हर घर नल जल योजना सभी लाभान्वितों को अभी नहीं मिल पाया है। इस योजना के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र भी उल्लेखित किया है।जैसा कि मुझे जानकारी है कि बहुत सारे जलमीनारें अभी पूर्ण भी नहीं हुआ तो फिर विभाग ने किस आधार पर शत प्रतिशत पूर्ण का रिपोर्ट झारखण्ड सरकार को सौंप दिया। इसलिए मैं उपायुक्त सिमडेगा से मांग करता हूं कि इस योजना पर विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे प्रतिवेदन लें और उस प्रतिवेदन के आधार पर



स्थलों का जांच कराएं कि सही में उक्त कार्य किया गया है या नहीं। शत प्रतिशत योजना पूर्ण दिखा देने से फिर जिला को उक्त योजना हर घर नल जल योजना मिल पाएगा या नहीं, क्यों कि इसी प्रकार का एक रिपोर्ट कृषि विभाग ने झारखण्ड सरकार के कृषि विभाग को सौंपते हुए कहा कि जिला में अच्छी बारिश हुई है और कृषि कार्य भी पूर्णतया हुआ है। नतीजा यह हुआ कि जिले के किसानों को सूखा राहत का लाभ नहीं मिल पाया। कहीं वैसा ही इस योजना में भी खेल ना हो जाए! विधायक श्री कोनगाड़ी ने जिला के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किए। जिला में वन पट्टा पर भी चर्चा किए। साथ ही साथ जिले में एनेस्थीसिया डॉक्टर के लिए भी चर्चा की, उस पर जिला उपायुक्त ने कहा कि मैं इसके लिए सचिव से बात कर गुमला में पदस्थापित डॉक्टर को लाने का प्रयास करुंगा। वैसे उपायुक्त सिमडेगा ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि यह सच्चाई है कि यहां डाक्टर आना ही नहीं चाहता है। फिर भी मैं प्रयास करुंगा कि कम से कम दो दिन भी एनेस्थीसिया डॉक्टर गुमला से सिमडेगा में बैठे। विधायक संग जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम और रावेल लकड़ा उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

## यूपी में लगातार घटता जा रहा बीजेपी का ग्राफ



**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा है. इसी उत्तर प्रदेश में बीजेपी 10 साल पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड 71 सीटें और 2017 के विधानसभा चुनाव में 312 सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन 2024 में वह महज 33 सीटों पर सिमट गई. इसके चलते ही बीजेपी केंद्र में अकेले अपने दम पर बहुमत से दूर रह गई. बीजेपी नरेंद्र मोदी के नाम पर 2014 में यूपी से सियासी वनवास खत्म करने में कामयाब रही थी. इसके बाद से बीजेपी का सियासी ग्राफ लगातार घट रहा है और यही पैटर्न जारी रहा तो बीजेपी के लिए 2027 का विधानसभा चुनाव टेंशन बढ़ा सकता है.उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव नतीजों ने पीएम मोदी को ही बहुमत से दूर ही नहीं किया बल्कि बीजेपी की नींद भी उड़ा दी है. इसीलिए बीजेपी ने हार के कारणों को तलाशने के लिए समीक्षा भी शुरू कर दी है. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी ने प्रदेश के 60 नेताओं को बुलाया है, जिन्हें यूपी के लोकसभा क्षेत्रों में भेजकर हार की वजह पता करेगी.इस बार बीजेपी को उत्तर प्रदेश की 80 में से 33 सीटों पर जीत मिली और उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) ने दो और अपना दल (एस) ने एक सीट जीती है. वहीं, इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 43 सीटें जीतने में कामयाब रहा, जिसमें 37 सीटें समाजवादी पार्टी और छह सीटें कांग्रेस ने जीती है. इसके अलावा एक सीट बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद ने जीती है. सपा और कांग्रेस को आपस में हाथ मिलाकर चुनाव लड़ने का सियासी फायदा उत्तर प्रदेश में मिला है. इंडिया गठबंधन यूपी से 43 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रहा है, जिसमें 37 सीट सपा और 6 सीट कांग्रेस के खाते में गई है. इंडिया गठबंधन को मिली लोकसभा सीट के लिहाज से देखें तो सपा को 183 सीटों पर बढ़त मिली जबकि कांग्रेस 40 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी. इस तरह इंडिया गठबंधन ने यूपी की 403 विधानसभा सीटों में से 223 सीटों पर बढ़त बनाने में सफल रही.

## 81 विधानसभाओं में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर महिला कांग्रेस कार्यक्रम करेंगी : गुंजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन सिंह की मौजूदगी में आज कांग्रेस भवन, रांची में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें समाजासेवी दिव्या मिंज के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं कांग्रेस पार्टी की दामन थामीं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सेवादल अध्यक्ष नेली नाथन, प्रदेश सचिव बैलेस तिर्की, अजय सिंह एवं अनिता सिन्हा ने पार्टी में शामिल हो रहीं सभी महिलाओं को पार्टी का पटटा देकर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की विचार-धारा से प्रभावित होकर एवं महिला कांग्रेस की कुशल कार्यों को देखते हुए सौकड़ो महिलाओं ने कांग्रेस की दामन थामी हैं। बीजेपी के गलत नीतियों के खिलाफ किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के रोजगार के लिए संघर्ष करेंगी तथा आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी के मैनिफेस्टो को पहले चरण में 33 विधानसभा के अंतर्गत लोगों के घर-घर पहुंचाने का काम करेंगी और दूसरे चरण में 81 विधानसभाओं में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर महिला कांग्रेस कार्यक्रम करेंगी।

# पलामू में सात बाल मजदूरों को कराया गया मुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई की गयी है. बाल श्रम के खिलाफ गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया है. मुक्त कराये गये बाल मजदूर चतरा के कुंदा, पलामू के पांकी और मनातू के रहने वाले हैं।दरअसल, पलामू क्षेत्र में एक माह से बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसी सिलसिले में गुरुवार को जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य धीरेंद्र किशोर के नेतृत्व में पांकी क्षेत्र में छापेमारी की गयी. पांकी के विभिन्न क्षेत्रों में छह होटलों और ढाबों में यह छापेमारी की गयी. इस दौरान सात बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया।बाल मजदूरों ने बताया कि उन्हें महीने में तीन से चार हजार रुपये मजदूरी मिलती है. सीडब्ल्यूसी की पहल पर मुक्त कराये गये सभी बाल मजदूरों को बाल गृह में रखा गया है. बच्चों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गयी है. सीडब्ल्यूसी सभी के परिजनों की काउंसलिंग कर बच्चों को उनके हवाले करेगी।जिला श्रम पदाधिकारी एतवारी महतो ने बताया कि मुक्त कराये गये सभी बच्चों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन किया जायेगा. गांव में बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है. मामले में प्रशासनिक पहल भी की जाएगी. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि पूरे महीने बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा. छापेमारी में अग्रघाटी के निक्कू पाठक, सीएचएल सुधांशु शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।



## रांची में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश पर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरुकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को रैली निकाली गई।

इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है, जिसका खामियाजा इसके सेवन करने वाले उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के जरिये मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

हमें इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देकर युवाओं को नशा करने से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशा करने के कारण कम उम्र में युवाओं की मृत्यु हो रही है, जो किसी भी देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जागरुकता रैली आरयू के बेसिक साइंस परिसर से शुरू हुई, जो डीएसपीएमयू, आर्ट्स ब्लॉक, आईएमएस, सिदो कान्हो पार्क, हातमा बस्ती, सरना टोली होते हुए पुनः बेसिक साइंस परिसर में समाप्त हो गई। रैली का नेतृत्व एनएसएस का टीम लीडर्स अंकित एवं सुरभि ने किया। रैली के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नशा विरोधी नारे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, रिकेष, आकाश, अतुल, आकांक्षा, दीक्षा, मुस्कान, संकल्प, इशिका, अर्जुन, अनीश, लवली, ऋषि, कनिष्क, प्रीति का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# कुवैत में जान गंवाने वालों के परिजनों को यूसुफ अली ने दिए 5-5 लाख रुपए



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कुवैत में एक छह मंजिला इमारत में लगी आग में 45 भारतीयों की मौत हो गई थी.कुवैत में मारे गए भारतीयों के शव शुक्रवार को भारत लाए गए.इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए अलग-अलग आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है.वहीं मलयाली मूल के दो उद्योगपतियों ने भी मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है.केरल सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक युसूफ अली ने हर मृतक के परिवार के लिए पांच लाख रुपये की सहायता की घोषणा की है.वहीं रवि पिल्लई ने हर मृतक के परिवार को दो लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है. यूसुफ अली अपनी दानवीर छवि के लिए मशहूर हैं.यूसुफ अली लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के प्रमुख हैं.देशभर में मशहूर लुलु मॉल की श्रृंखला को यही ग्रुप चलाता है.

कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक लुलु ग्रुप दुनिया के 25 देशों में कारोबार करता है.इसके 260 से अधिक रिटेल आउटलेट हैं.इस समूह में 70 हजार से अधिक लोग काम करते हैं. इस कंपनी ने हैदराबाद, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, बंगलुरु, , लखनऊ और कोयंबटूर में लुलु मॉल खोले हैं.लुलु ग्रुप की योजना भारत के 12 और शहरों में मॉल खोलने की है. कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक लुलु ग्रुप रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, डिस्ट्रीब्यूशन, मैन्यूफैक्चरिंग एंड प्रॉसेसिंग, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट के फिल्म में कारोबार करता है.इसका सालाना कारोबार आठ अरब डॉलर का है. यूसुफ अली का नाम विदेश में सबसे अधिक भारतीयों को नौकरी देने वाले शख्स के रूप में भी दर्ज है.

## नगरीय निकायों को बनाया जाएगा दक्ष : साव

एजेंसी

**रायपुर :** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में बिजली बिल और एनर्जी ऑडिट के निर्देश दिए हैं।उन्होंने यथासंभव पारंपरिक ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा का उपयोग करने को कहा है। उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिकांश निकायों में इस मद में राशि के अभाव के कारण समय पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया जाता है। इससे नगरीय निकायों और विभाग को हर वर्ष अनावश्यक ही सरचार्ज व एरियर्स की राशि के रूप में बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। ऊर्जा और बिजली बिल के ऑडिट से इनकी बचत के उपाय करने में सहूलियत होगी।श्री साव ने बिजली बचाने और इसके खर्च में कमी लाने के लिए नगरीय निकायों में पारंपरिक ऊर्जा के बदले ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। इससे निकायों का खर्च घटने के साथ ही पर्यावरण भी सुधरेगा। उप मुख्यमंत्री ने चरणबद्ध तरीके से एनर्जी ऑडिट का कार्य थर्ड पार्टी प्रोफेशनल एजेंसीज से कराने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी विभिन्न जन सुविधाओं के संचालन के लिए नगरीय निकायों मे बड़ी संख्या में विद्युत कनेक्शन लिए गए हैं। विद्युत विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में इसके लिए हजारों की संख्या में बिजली के मीटर लगाए गए हैं। इन मीटरों के माध्यम से हर महीने मीटर रीडिंग कर बिजली विभाग द्वारा बिजली का बिल निकायों को प्रेषित किया जाता है। निकायों द्वारा प्रति माह एक बड़ी राशि विद्युत देयकों के रूप में व्यय की जाती है। कई बार सरचार्ज और एरियर्स के रूप में भी बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान निकायों और नगरीय प्रशासन विभाग को करना पड़ता है।



# हिमाचल : खेतों तक पहुंची जंगल की आग, महिला जिंदा जली

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जंगल में आग लगने से 75 वर्षीय एक महिला जिंदा जल गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान हमीरपुर के बगैतू गांव की निवासी निक्की देवी के रूप में हुई है। जंगल की आग निक्की देवी के खेतों तक पहुंच चुकी थी, जिसे वह बुझाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वह खुद उसकी चपेट में आ गयी और जिंदा जल गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। हमीरपुर जिले में 15 दिन में जंगल की आग से मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 29 मई को चकमोह क्षेत्र में जंगल में आग के दौरान एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी। गर्मी के मौसम में उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सूखे जंगलों में अक्सर आग लग जाती है। इससे काफी परेशानी होती है और वन संपदा का भी भारी नुकसान होता है। जंगल के पेड़ और जानवर भी जल जाते हैं। कई जानवरों की मौत भी हो जाती है।जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के जंगलों में भी आगजनी की कई घटनाएं सामने आई हैं। उत्तराखंड में आठ वनकर्मी जंगल की आग बुझाने के लिए गए थे, लेकिन आग की चपेट में आ गए और झुलस गए। इनमें से चार कर्मियों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार बुरी तरह झुलसे हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक के सालरा गांव में सोमवार को आग लगने से छह व्यक्ति घायल हो गए जबकि एक दर्जन से अधिक मकान जलकर खाक हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग एक मकान में शार्ट सर्किट की वजह से लगी जो जल्द ही आसपास के अन्य मकानों में भी फैल गयी। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि आग में दस रिहायशी मकान पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गए जबकि चार अन्य आंशिक रूप से जल गए हैं। उन्होंने कहा कि छह व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आग पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल और दमकल विभाग द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से नियंत्रण पाया गया।



## डीआरआई के अभियान में तीन करोड़ का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने के बिस्कुट के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदलात में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायधीश ने दोनों को 27 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार 12 जून को डीआरआई ने गुप्त सूचना पर इस्लामपुर में छापेमारी कर एक बस से सूरज शिवाजी पवार को पकड़ा था। तलाशी के बाद उसके पास से तीन तीन किलो 660 ग्राम सोना बरामद हुआ था। बरामद सोने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखने पर डीआरआई ने सूरज शिवाजी पवार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सूरज शिवाजी पवार से पूछताछ के दौरान डीआरआई अधिकारियों को भीम सुभाष विभूति का नाम पता चला।

# सीबीआई ने घूसखोरी के दो मामलों में तीन को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने घूसखोरी आरोप में दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में नानपारा, बहराइच(उत्तर प्रदेश) के लेखा कार्यालय के डाक सहायक को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में उत्तर रेलवे, लखनऊ स्थित आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस) एवं आरपीएफ के एएसआई को गिरफ्तार किया है।सीबीआई ने तीनों आरोपितों को घूस की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद तीनों आरोपितों आवासीय परिसरों की भी तलाशी ली। सीबीआई ने इसकी जानकारी आज शुक्रवार दी। सीबीआई इस मामले की गंभीरता से जांच में भी जुटी हुई है।

पहले मामले में सीबीआई ने आरोपित डाक सहायक खिलाफ 12 जून को मामला दर्ज किया था। इसपर आरोप है कि आरोपित ने विभाग के अज्ञात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्बन्ध होने के प्रभाव का उपयोग करके शिकायतकर्ता के विरुद्ध विभागीय मामले को निपटाने हेतु उससे 2 लाख रिश्वत की मांग की थी। 20 हजार रुपये अग्रिम राशि के तौर पर लेना स्वीकार कर लिया था। सीबीआई ने शिकायतकर्ता यह राशि रिश्वत के तौर पर लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।दूसरे मामले में सीबीआई ने आरोपित आरपीएफ के एएसआई और मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक के खिलाफ13 जून को मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपितों ने शिकायतकर्ता के चचेरे भाई से रेलवे डिपो से उनके द्वारा खरीदे गए रेलवे के कबाड़ को काटने और उठाने की अनुमति देने हेतु क्रमशः 12,800 और 8,200 रुपये की रिश्वत मांग की थी। सीबीआई ने दोनों आरोपितों शिकायतकर्ता से रिश्वत के तौर पर क्रमशः 9 हजार व 8 हजार दो सौ रुपये लेते गिरफ्तार किया।




# मृतक के परिजनों को मिलेगा सरकारी लाभ : मंत्री मिथिलेश



### मंत्री पहुंचे सदर अस्पताल, मृतक के परिजनों को बढ़ाया ढाढ़स

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचे। एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव के समीप गत रात्रि हुई सड़क दुर्घटना में घायलों का मंत्री ने हाल चाल लिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को सांत्वना दिया। ज्ञात हो कि इस सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सीएस व डीएस को सभी घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मृतक के परिजनों को झारखंड सरकार की ओर से दी जाने वाली सड़क दुर्घटना में दो लाख रूपये का मुआवजा, पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रूपये दिया जाएगा। साथ ही मंत्री ने डीसी को मृतकों के परिजनों को अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सभी घायलों का बेहतर इलाज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो उन्हें रांची भेज कर बेहतर इलाज कराया जाएगा। परिजनों को घर वापस जाने के लिए मंत्री मिथिलेश ने निजी वाहन उपलब्ध कराए तथा सीएस को शव वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिए! मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शंभू चंद्रवंशी, रंथा नायक, मयंक द्विवेदी, आयुष सिंह, अहमद अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## समुदाय की सहभागिता से ही परिवार नियोजन कार्यक्रम होगा सफल जेएफ बर्नस

**रांची :** परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाले रांची और हजारीबाग के फैमिली प्लानिंग चैम्पियन्स का एक्सपीरियन्स शेयरिंग कम कंसल्टेशन मीट का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ममता एचएमआईसी के संयुक्त प्रयास से होटल बी एन आर चाणक्या में शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यह बात उभर कर आई कि बिना समुदाय की सहभागिता से समाज में बदलाव संभव नहीं है। कार्यक्रम में धर्म गुरु, पंचायती राज के प्रतिनिधि, सहिया और अन्य हितधारकों ने बातें रखीं। पैलेडियम इंटरनेशनल के चीफ ऑफ पार्टी जेएफ बर्नस ने कहा कि बिना समुदाय की सहभागिता के बदलाव मुश्किल है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समुदाय का योगदान सबसे आगे है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा कि देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है।

# भारतीय सेना को पहले बैच में मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागास्त्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना को नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं।यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।

